ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 02 ● विक्रम संवत 2079 ● मंगलवार, 07 फरवरी 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-114 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 1.50


सुधार जाओ नहीं तो घर में घुस कर...

पेज 12 पर



## NEWS इन ब्रीफ

### बिहार में दो किमी रेलवे ट्रैक की चोरी

**एजेंसी। पटना**

बिहार के समस्तीपुर जिले में अज्ञात चोरों ने दो किमी रेलवे ट्रैक की चोरी कर ली। चोरी का ट्रैक लोहट चीनी मिल को पंडौल रेलवे स्टेशन से जोड़ता है। पिछले कुछ सालों से चीनी मिल बंद होने के कारण मार्ग पर कोई हलचल नहीं थी। मामले के संबंध में रेलवे सुरक्षा बल के दो कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। समस्तीपुर डीआरएम ने मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी है। सूत्रों ने बताया कि आरपीएफ जवानों की मिलीभगत से चोरी को अंजाम दिया गया। चोरों ने ट्रैक चुराकर उसे स्क्रैप डीलरों को बेच दिया। बिहार में रेलवे के सामानों की चोरी एक नियमित घटना है, लेकिन यह संभवतः पहली बार है, जब दो किमी ट्रैक चोरी हो गयी है। आरपीएफ ने एफआईआर दर्ज की है।

### सुप्रीम कोर्ट को मिले पांच नए जज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट को सोमवार को पांच नए न्यायाधीश मिल गए। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने जस्टिस पंकज मिथल, संजय करोल, पी.वी. संजय कुमार, अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और मनोज मिश्रा को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में शपथ दिलाई। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट में स्वीकृत 34 न्यायाधीशों के मुकाबले अब इनकी संख्या बढ़कर 32 हो गई। शपथ ग्रहण समारोह में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों, वकीलों और नए न्यायाधीशों के परिजनों के सदस्यों ने भाग लिया। न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर केंद्र और न्यायपालिका के बीच लंबे समय से चली आ रही खींचतान के बीच केंद्र ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में नियुक्ति के लिए पांच न्यायाधीशों के नामों को हरी झंडी दे दी। हाल ही में कानून मंत्री किरेन रिजिजू सहित कई संवैधानिक पदाधिकारियों ने न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए कॉलेजियम प्रणाली पर सवाल उठाया है। शुक्रवार को अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने जस्टिस संजय किशन कौल और अभय एस ओका की पीठ को सूचित किया था कि पांच न्यायाधीशों के नामों को बहुत जल्द मंजूरी दे दी जाएगी।

### सीएसपी लूटकांड में शामिल दो युवक गिरफ्तार

**विश्रामपुर।** पुलिस ने सोमवार को सीएसपी लूट कांड में शामिल दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि विश्रामपुर थाना अंतर्गत पिपरा में संचालित सीएसपी संचालक से कुछ माह पूर्व अपराधियों द्वारा लूट कांड को अंजाम दिया गया था। जिसके अनुरूप थाना में दर्ज प्राथमिकी पर कार्यवाही करते हुए सोमवार को पुलिस ने गढ़वा जिले के नगवा से 24 वर्षीय अजीत कुमार साव उर्फ छोटू ,वही दूसरा उचरी निवासी 32 वर्षीय सत्या उर्फ सतेंद्र पासवान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी शशि रंजन ने बताया कि उक्त दोनों युवक की पुलिस को काफी दिनों से तलाश थी।

# मैं साजिश में शामिल नहीं : इरफान

**दिन के 11.30 बजे पहुंचे थे ईडी के रांची जोनल ऑफिस**

**राजेश कच्छप से आज होगी पूछताछ**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में सरकार गिराने की साजिश में मनी लाउंड्रिंग के पहलुओं पर कांग्रेस से निलंबित विधायक इरफान अंसारी से ईडी ने लंबी पूछताछ की। सोमवार को दिन के 11 बजे इरफान अंसारी ईडी के रांची जोनल कार्यालय पहुंचे थे। ईडी को पूछताछ में कांग्रेसी विधायक ने कहा कि वह सरकार गिराने की साजिश में कभी शामिल नहीं रहे हैं। ना ही उन्होंने सरकार गिराने के लिए कभी खुद या किसी अन्य विधायक के जरिए कांग्रेस विधायक अनूप सिंह को घूस देने की पेशकश की थी। इरफान अंसारी के बाद इस मामले में मंगलवार को कांग्रेस से निलंबित विधायक राजेश कच्छप से भी पूछताछ होगी। गौरतलब है कि 30 जुलाई को कांग्रेस के तीनों विधायक एक साथ 48 लाख नकदी के साथ पकड़े गए थे। तब अरगोड़ा थाने में बेरमो विधायक अनूप सिंह ने जीरो एफआईआर दर्ज करायी थी। इसी आधार पर तीनों विधायकों को बंगाल पुलिस ने जेल भेज दिया था। अनूप सिंह ने आरोप लगाया था कि विधायकों ने उन्हें 10 करोड़ रुपये देने का प्रलोभन दिया था। साथ ही कांग्रेस का साथ छोड़ने पर स्वास्थ्य मंत्री का पद देने की बात कही थी।

**बताया बरामद 48 लाख में मेरे 16 लाख :** ईडी ने विधायकों के पास से बरामद 48 लाख रुपये के स्रोत के विषय में पूछताछ की। इरफान अंसारी ने बताया कि बरामद रुपये में 16 लाख उनके थे, बाकि 16-16 लाख रुपये दोनों विधायकों के थे। इरफान अंसारी ने बताया कि आदिवासी दिवस के मौक पर विधायकों के द्वारा इलाके में साड़ी का वितरण किया जाता है। बंगाल में साड़ी की खरीद सस्ते दाम पर होती है, ऐसे में विधायक पैसे लेकर बंगाल गए थे।

**कई बाउचर लेकर पहुंचे थे कार्यालय :** ईडी सूत्रों के मुताबिक, इरफान अंसारी 16 लाख रुपये के संबंध में कई बाउचर व कागज लेकर ईडी कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि कई लोगों से उन्होने चंदा के तौर पर पैसा लिया था। ईडी संबंधित बाउचर व कागजातों की पड़ताल करेगी। वहीं ईडी के अधिकारियों ने पूछा कि सभी विधायकों ने अलग अलग पैसे लाए थे तो उसे एक साथ क्यों रखा गया था। वहीं कई सवालों के जवाब पर इरफान स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। ईडी ने इरफान अंसारी से उनका व उनके परिजनों की संपत्ति का ब्यौरा भी मांगा है।

**पूछताछ में जाने के पहले क्या बोले इरफान :** ईडी कार्यालय पहुंचने के बाद बाहर मीडिया से बात करते हुए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## साहिबगंज डीसी से ईडी ने सात घंटे की पूछताछ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



साहिबगंज में एक हजार करोड़ रुपये से अधिक के अवैध खनन व मनी लाउंड्रिंग के मामले में ईडी ने डीसी रामनिवास यादव से सात घंटे से अधिक पूछताछ की। पूछताछ के दौरान डीसी ने अवैध खनन के मामले में ठिकरा जिले के एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा, डीएसपी राजेंद्र दूबे, डीएमओ विभूति कुमार पर फोड़ा। गौरतलब है कि पहली बार 23 जनवरी को ईडी ने रामनिवास यादव से पूछताछ की थी। तब कई सवालों का जवाब वह नहीं दे पाए थे। ऐसे में ईडी ने उन्हें सवालों के जवाब व जरूरी दस्तावेजों के साथ बुलाया था।

**नाव हादसे में ऊपर से जो रिपोर्ट आयी, उसे बस फारवर्ड किया :** मार्च 2022 में अवैध तरीके से स्टोन चिप्स नाव के जरिए बिहार भेजी जा रही थी। तब ओवरलोडिंग के कारण गंगा नदी में कई ट्रक डूब गए थे। उस मामले में साहिबगंज डीसी ने जो रिपोर्ट दी थी, उसमें कई खामियां थी। मसलन उन्होंने अवैध तरीके से परिवहन का जिक्र व अवैध तरीके से स्टोन चिप्स की ढुलाई की बात नहीं लिखी थी। इस मामले में डीसी ने बताया कि हादसे के बाद उन्होंने स्वयं रिपोर्ट नहीं बनायी थी। बल्कि साहिबगंज डीएमओ विभूति कुमार व अन्य अधिकारियों ने इस रिपोर्ट को तैयार किया था। इसके बाद इसी रिपोर्ट को उन्होंने दुमका के तत्कालीन कमीश्नर व सरकार को भेजा था। पंकज मिश्रा के पास यह रिपोर्ट कैसे पहुंची थी यह पूछे जाने पर साहिबगंज डीसी ने बताया कि उन्होंने कोई रिपोर्ट पंकज मिश्रा को नहीं दी थी, संभव है कि उनके यहां से किसी अधीनस्थ कर्मी या दूसरे अधिकारी ने पंकज ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

लातेहार में सड़क निर्माण के साइडिंग पर उग्रवादियों का हमला

# जेसीबी मशीन को जलाया



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के साधवाडीह गांव में रविवार देर रात हथियारबंद पीएलएफआई के उग्रवादियों ने सड़क निर्माण कार्य के साइडिंग पर धावा बोल दिया। उग्रवादियों ने इस दौरान साइडिंग पर खड़े जेसीबी को जला दिया। वहीं, पर्चा फेक कर घटना की जिम्मेदारी लेते हुए यह चेतावनी दी है कि बिना संगठन के आदेश के कार्य आरंभ करने पर बुरा अंजाम भुगतना होगा। निर्माण कार्य में काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत इस गांव में सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इसी क्रम में गांव के पास पुल का निर्माण हो रहा था। देर रात कुछ उग्रवादी हथियार के साथ यहां पहुंचे थे। उग्रवादियों ने सबसे पहले मजदूरों को एक कमरे में बंद कर दिया। उसके बाद जेसीबी के ऊपर डीजल डालकर इस में आग लगा दी। बाद में उग्रवादियों ने एक पर्चा भी फेंका। उसके बाद नारा लगाते हुए जंगल की ओर चले गए। उग्रवादियों के जाने के बाद मजदूरों ने इसकी जानकारी संवेदक को दी। इसके बाद संवेदक ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने उग्रवादियों के पर्चा को जब्त कर लिया । उग्रवादियों के खिलाफ छापामारी भी आरंभ कर दी गई है। पुलिस के अधिकारियों ने कहा कि संवेदको को पूरी सुरक्षा दी जाएगी।

तुर्की-सीरिया में जलजला

# अब तक 2400 लोगों की मौत

**भारत भेजेगा एनडीआरएफ की दो टीमें**

**बचाव-राहत कार्य जोरों पर ताश के पत्ते के समान अस्पताल ध्वस्त**

**पीएम मोदी ने जताया शोक**

**एजेंसियां। नई दिल्ली**



सोमवार को तुर्की और सीरिया भूकंप के झटकों से दहल गये। भूकंप से अब तक 2400 लोगों की मौत हो गई है जबकि 5,767 लोग घायल हुए हैं। भूकंप में 2818 इमारतें जमींदोज हो गईं। मलबे के भीतर से अब तक 2470 लोगों को बचाया गया है। अभी भी हजारों लोग मलबे में फंसे हुए हैं। बड़े पैमाने पर बचाव एवं राहत अभियान जारी है। तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोगन ने भूकंप के मद्देनजर आपात बैठक की, जिसमें भूकंप पीड़ितों के लिए हरसंभव मदद की पेशकश की है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों में आए भूकंप से भारी संख्या में मरनेवालों के प्रति शोक व्यक्त किया है। अकेले तुर्की में अब तक भूकंप से 560 लोगों की मौत हुई है। तुर्की में भूकंप का पहला झटका सोमवार सुबह करीब सवा चार बजे आया। भूकंप का केंद्र गजियांटेप इलाके में था, जो सीरिया बॉर्डर से सिर्फ 90 किलोमीटर दूर है। सीरिया में भी भूकंप ने भारी तबाही मचाई। सीरिया के कई शहरों में भूकंप ने तबाही मचाई।

**एनडीआरएफ की दो टीमें जाएंगी तुर्की**

पीएम मोदी के निर्देश पर तुर्की को तत्काल सहायता देने के मुद्दे पर प्रधानमंत्री के मुख्य सचिव पीके मिश्रा ने अहम बैठक बुलाई। बैठक में तय हुआ कि सर्च और रेस्क्यू अभियान के लिए एनडीआरएफ और मेडिकल टीम तुर्की भेजी जाएंगी। इसके साथ राहत सामग्री भी जल्द से जल्द तुर्की के लिए रवाना की जाएगी। एनडीआरएफ की दो टीमों में 100 जवान होंगे। इनमें डॉग स्क्वायड भी शामिल हैं। इसके अलावा ये टीमें जरूरी उपकरण भी अपने साथ ले जाएंगी। मेडिकल टीम में डॉक्टर, अन्य स्टाफ और जरूरी दवाएं होंगी।

सोमवार तड़के ही सीमा के दोनों ओर के लोग भूकंप के झटके से उठ खड़े हुए। गगनचुंबी इमारतें भूकंप के झटकों से हिलने लगी। इस आपदा में बड़े पैमाने पर लोग जान गंवा चुके हैं। प्रशासन ने बड़े पैमाने पर प्रभावित कई शहरों में राहत एवं बचाव कार्य जारी रखा है। भूकंप में तुर्की का अस्पताल भी ढह गया। इस भीषण भूकंप में तुर्की का एक अस्पताल ताश के पत्तों की तरह ढह गया, जिसमें नवजात सहित कई लोगों को बचाया गया। तुर्की के एक शहर अडाना में एक शख्स ने बताया कि उनके घर के पास की इमारत एक झटके में जमींदोज हो गई। यहां पत्रकारिता के छात्र मुहम्मेत फतिह यावुस ने बताया कि उसे मलबे के ढेर से एक शख्स की आवाज सुनाई दी, जो मदद की गुहार लगा रहा था। तुर्की के दियारबाकिर में बचाव कार्य जोरों पर चल रहा है।

**18000 लोग पहले भी मर चुके हैं :** तुर्की में 1999 में आए भूकंप में 18000 लोगों की मौत हुई थी। भौगोलिक स्थिति के चलते यहां अक्सर भूकंप आते रहते हैं। अक्टूबर 2011 में आए भूकंप में 600 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। गौरतलब है कि तुर्की का ज्यादातर हिस्सा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्रीय मंत्री से की मांग

**गरीबों के लिए आवास हो स्वीकृत**

**15वें वित्त आयोग और मनरेगा पर की चर्चा**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय ग्रामीण विकास विभाग मंत्री गिरिराज सिंह से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अन्तर्गत आवास प्लस में निबंधित 8,37,222 परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि निबंधित सभी लाभुक गरीब हैं और उन्हें आवास उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से इस मामले में जल्द निर्णय लेकर गरीबों के लिए आवास स्वीकृत करने का अनुरोध किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से 15वें वित्त आयोग के तहत झारखंड का बकाया राशि को निर्गत करने का आग्रह किया। साथ ही केंद्रीय बजट 2023-23 में मनरेगा के तहत राशि में की गई कटौती पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने पूर्व में भी निबंधित परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को नवम्बर 2022 में पत्र लिखा था। पत्र के मध्यम से मुख्यमंत्री ने बताया था कि आवास प्लस अन्तर्गत झारखंड राज्य के लिए सूचीबद्ध 10,35,895 परिवारों में से वित्तीय वर्ष 2021-22 में मात्र 4,03,504 इकाई का भौतिक लक्ष्य दिया गया था। अभी भी 6,32,391 योग्य परिवारों को आवास का लाभ नहीं मिल सका है। मुख्यमंत्री ने कहा था कि ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भी आवास प्लस में निबंधित परिवारों में से 2,03,061 परिवारों को सूची से हटाया गया है। इनमें से अधिकतम परिवार ऐसे हैं जो आवास की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# प्रधानमंत्री ने एचएएल की फैक्टरी राष्ट्र को सौंपी

**लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर बनेंगे**

**देश की जरूरतों को पूरा करने के लिहाज से हेलीकॉप्टरों का होगा निर्माण**

**लगभग 615 एकड़ भूमि में फैली फैक्टरी में प्रति वर्ष बनेंगे 30 हेलीकॉप्टर**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



रक्षा निर्माण के क्षेत्र में 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की हेलीकॉप्टर फैक्टरी राष्ट्र को सौंप दी। कर्नाटक के तुमकुरु में स्थित इस कारखाने में लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच) का निर्माण किया जायेगा। भारत का यह सबसे बड़ा हेलीकॉप्टर कारखाना है, जहां देश की सभी जरूरतों को पूरा करने के लिहाज से हेलीकॉप्टरों का निर्माण होगा। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह हेलीकॉप्टर फैक्टरी 615 एकड़ भूमि में फैली हुई है, इसलिए यहां देश की जरूरतों के लिहाज से हेलीकॉप्टर निर्माण करने की योजना बनाई गई है। यह भारत की सबसे बड़ी हेलीकॉप्टर फैक्टरी होगी, जहां शुरुआत में लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच) का निर्माण किया जायेगा। शुरुआती दौर में फैक्टरी में प्रति वर्ष लगभग 30 हेलीकॉप्टर का निर्माण होगा और इसे चरणबद्ध तरीके से 60 और फिर 90 प्रति वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। बेंगलुरु में एचएएल के मौजूदा कारखानों से एयरोस्पेस विनिर्माण इको-सिस्टम को बढ़ावा मिलेगा।

### पलामू प्रमंडल में आतंक का पर्याय बना तेंदुए का कोई पता नहीं

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल के इलाके में तीन बच्चों की जान लेने वाला तेंदुआ मध्यप्रदेश से इलाके में आया था। ऐसा वन विभाग के अधिकारियों को अंदेशा है। तेंदुआ का लोकेशन पिछले 15 दिनों से नहीं मिल रहा है, ना ही तेंदुए द्वार हमले की जानकारी मिल पा रही है। विभाग को आशंका है कि तेंदुआ वापस अपने इलाके में लौट गया है। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मध्य प्रदेश के संजय टाइगर के इलाके में मानव जीवन को तेंदुआ लगातार निशाना बना रहे थे। उस इलाके में तीन तेंदुए पकड़े गए थे। जबकि कई इलाके से भाग गए ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**नरसंहार** पलामू में 4 जून 1991 को मलवरिया गांव में हुआ था नरसंहार

# 31 साल बाद विधवाओं के गांव में बदल गयी है फिजा

**अमरनाथ सोनी**

**मेदिनीनगर।** पलामू में कई राज दफन हैं। इसकी एक बानगी शहर से 55 किलोमीटर दूर मलवरिया गांव में देखने को मिलती है। यहां की फिजा अब बदल गयी है। कभी यहां चारों तरफ सन्नाटा पसरा हुआ रहता था। लेकिन अब वैसी कोई बात नहीं है। समय के अंतराल पर सब कुछ बदल गया है। 90 के दशक में यह गांव जमीन की लड़ाई को लेकर खूनी संघर्ष का केंद्र रहा। इन सालों में दो दर्जन से अधिक लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। आज भी वो खौफनाक मंजर को याद कर स्थानीय लोग सहम जाते हैं। उस काली शाम के खूनी स्याह को याद कर आज भी लोग कांप जाते हैं।



4 जून 1991 की शाम मलवारिया गांव इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया और पूरे भारत में चर्चा का केंद्र बन गया था। इस गांव में एक साथ 10 लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया था। इसमें चार महिलाएं भी शामिल थीं। प्रतिशोध की आग ने इस गांव को रक्तरंजित कर दिया। गांव के स्थानीय दुकानदार की हत्या नक्सली संगठन द्वारा की गई थी। जिसका बदला लेने के लिए सनलाइट सेना का गठन हुआ। सनलाइट सेना ने एक साथ परिजनों समेत 10 लोगों को मौत के घाट उतार दिया। अदावत की यही वारदात मलवरिया नरसंहार कहलाया। जिसके ना सिर्फ अविभाजित बिहार बल्कि पलामू समेत पूरे देश में इस जघन्य हत्याकांड की चर्चा हुई। उसी साल जुलाई में बिहार में विधानमंडल इस मुद्दे को लेकर गहन चर्चा भी की गयी। तत्कालीन मुख्यमंत्री ने पीड़ितों से मुलाकात कर मदद का भरोसा भी दिया। बदले की आग तो शांत हो गयी। लेकिन इसकी काली परछाई इस गांव पर लंबे समय तक छाई रही। एक वक्त था जब मलवरिया को विधवाओं का गांव कहा जाता था। क्योंकि घर के जो भी कमाने वाले पुरुष थे उन्हें ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**नक्सल के खिलाफ बनी थी सनलाइट सेना**

मलवरिया नरसंहार से पहले सनलाइट सेना का गठन हुआ था। सनलाइट सेना मलवारिया से ही पूरे इलाके में गतिविधियों का संचालन करती थी। 90 के दशक में सनलाइट सेना और नक्सल संगठन के आपसी खूनी संघर्षों में दर्जनों लोगों की जानें गई। सनलाइट सेना और नक्सल संगठन पलामू, गढ़वा और बिहार के सीमावर्ती इलाकों में आपस में कई लड़ाइयां लड़ी। स्थानीय लोग बताते हैं कि ऐसी परिस्थिति बन गई थी कि सेना का गठन हुआ। मलवरिया और उसके आसपास के इलाके में कई घटनाएं हुई थी। लेकिन उनका गांव इससे अछूता था। यहां सुख शांति थी लेकिन अचानक परिस्थितियां बदली और घटनाएं होने लगी। उन्होंने एक लंबा वक्त जेल में बिताया है अब यहां सब कुछ शांत है।

# नौसेना ने रचा इतिहास, एलसीए नेवी की आईएनएस विक्रांत पर कराई लैंडिंग

**भारत का स्वदेशी लड़ाकू विमान और विमान वाहक जहाज का एक साथ अनूठा प्रदर्शन**

**एयरक्राफ्ट कैरियर पर फाइटर प्लेन की लैंडिंग करवाना होता है बेहद ही चुनौतीपूर्ण टास्क**

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय नौसेना ने सोमवार को 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया। नौसेना के पायलटों ने भारत में निर्मित एयरक्राफ्ट कैरियर आईएनएस विक्रांत पर स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान 'एलसीए नेवी' को सफलतापूर्वक लैंड किया। स्वदेश में ही निर्मित लड़ाकू विमान और विमान वाहक जहाज को डिजाइन, विकसित और संचालित करके भारत ने अपनी क्षमता का एक साथ अनूठा प्रदर्शन किया है। आईएनएस विक्रांत का निर्माण केरल में भारतीय नौसेना के कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में किया गया है। हल्के लड़ाकू विमान 'एलसीए नेवी' को हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बनाया है। इस एयरक्राफ्ट कैरियर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 सितम्बर, 2022 को नौसेना में कमीशन किया था। नौसेना के इस पोत को समुद्र पर चलता एक एयरफोर्स स्टेशन कहा जा सकता है। आईएनएस विक्रांत देश की आत्मनिर्भरता का सबसे बड़ा सबूत है। इस विमानवाहक पोत पर 1600 क्रू तैनात है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### मारपीट मामले में सात पर प्राथमिकी दर्ज

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के अहमदनगर में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट मामले में संतोष मेहता ने हुसैनाबाद थाना में सात लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें सुनील मेहता, शीला देवी, प्रकाश मेहता, विकास मेहता, सरयू मेहता, विनोद मेहता और कर्मदेव मेहता व 15-20 अज्ञात को आरोपी बनाया है। इस संबंध में संतोष मेहता ने दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि उक्त आरोपी सदस्य पीसीसी सड़क का घेराव कर रहे थे। मना करने पर गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दिया। तब हमलोग अपने घर में चले गये। इसके बाद भी वे लोग घर से खींच कर मारपीट किया। जिसमें पांच लोग घायल हो गये। यहां तक की उन लोगों ने महिलाओं को भी पीटा व अभद्र व्यवहार करने का आरोप मढ़ा है। इस मामले में पुलिस ने अनुसंधान शुरू कर दी है।

### कांग्रेसी नेता का निधन, विधायक ने जताया शोक

**हरिहरगंज।** राष्ट्रवादी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरिहरगंज निवासी राजेश्वर सिंह के सुपुत्र धीरज सिंह का निधन ह्रदय गति रुकने से हो गया । धीरज सिंह के निधन से पलामू जिला राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं में शोक व्याप्त है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि धीरज सिंह के निधन से वह स्तब्ध हैं। उन्होंने कहा कि धीरज का निधन उनके लिए अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की व परिजनों को इस दुःख को सहन की शक्ति देने की कामना की। शोक व्यक्त करने वाले लोगों में विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष रविंद्र सिंह, संदीप पासवान, अखिलेश मेहता, अजय सिंह, कामदेव शर्मा, असलम अंसारी, मो. जमील अंसारी, मो. आविद उर्फ मुन्ना, सुरेश सिंह, योगेंद्र सिंह, विनय पासवान, राजकुमार ठाकुर, मनान खान, रौनक सिंह, गुड्डू सिंह, बबिता सिंह, अंजली स्वर्मा समेत पार्टी कार्यकर्ता शामिल हैं।

### पटरा लदा पिकअप जब्त

**सतबरवा।** पलामू डीएफओ के आदेशानुसार रेंजर संजीव कुमार चौधरी ने सतबरवा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के पास से रविवार की रात 7:45 बजे एक पिकअप में लदा हुआ सेमर का पटरा जप्त किया गया है। रेंजर संजीव कुमार चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर डीएफओ के आदेशानुसार रात्रि 8 बजे कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के पास से जेएच 03 एल 6620 पिकअप को जब्त किया किया गया। जिसमें सेमर का पटरा से पुरा भरा हुआ है। रात का लाभ उठाकर चालक फरार हो गया। रात में सुरक्षा की दृष्टिकोण से गाड़ी को लकड़ी का पटरा समेत सतबरवा थाना में रखा गया है। वन विभाग के द्वारा अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज किया गया है। गाड़ी खामडीह गांव की बताई जा रही है।

# आदित्य बिरला समूह सहजता से अपने व्यवसाय में दे रहा योगदान

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड की ओर से सोमवार को आदित्य बिरला समूह की ओर से स्थापित मूल्यों यानि वैल्यू मंथ का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि संस्थान प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता ने फीता काट कर किया। वैल्यू मंथ का यह कार्यक्रम पूरे फरवरी माह चलेगा। संस्थान प्रमुख अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि समूह के पांच स्थापित मूल्यों प्रतिबद्धता, सत्यनिष्ठा, जुनून, गति व सहजता व्यवसाय में महत्वपूर्ण योगदान है। कभी भी इन मूल्यों से किसी प्रकार की समझौता नहीं किया जाता है। संस्थान के सभी अधिकारी व कर्मचारी भी इसका अनुसरण करें और दैनिक जीवन में आत्मसात करें। मानव संसाधन प्रमुख अजीत तिवारी ने कहा कि



संस्थान में कार्यरत सभी अधिकारी, कर्मचारी व कामगारों को समूह के पांच मूल्यों के साथ-साथ छठे मूल्य सुरक्षा को भी दिल से आत्मसात करना होगा। सुरक्षा के मानको को उच्चतम स्तर पर रखकर दुर्घटना मुक्त यानि शून्य क्षति को बरकरार रख कर अपने मूल्यों पर खरा उतर सकते हैं। टेक्निकल हेड हरदीप कोहली ने कहा कि संस्थान में कार्यरत सभी तरह के लोगों के मूल्यों का अनुपालन कर व्यवसाय को गति दी जा रही है। पावर प्लांट हेड दीपक शर्मा ने कहा कि हमारा संस्थान इन पांच मूल्यों को अपने कार्यस्थल पर दैनिक कार्य इसी गतिशीलता के साथ पालन करते हुए व सुरक्षा मानकों का ध्यान रखकर संस्थान की उत्तरोत्तर वृद्धि में अपनी महती भूमिका अदा कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन अभय द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम के अंत में केक काट कर संस्थान के उत्तरोत्तर वृद्धि पर प्रकाश डाला गया। साथ हीं प्लेजवाल पर अधिकारी व कर्मचारी के द्वारा समूह के स्थापित पांच मूल्यों पर अपना अपना विचार लिखा गया। मौके पर उप महाप्रबंधक मेटेरियल नीरज कुमार, उप महाप्रबंधक मानव संसाधन प्रणव पांडा, अशोक सिंह, मनोज सिंह, अरूण कुमार, संजय गुप्ता, विक्रम मणि, यूनियन के नेता सहित वरिष्ठ कर्मचारी व कामगार मौजूद थे।

## जगदीशपुर गांव में 42वां अखंड कार्यक्रम संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पोल्डीह पंचायत के पोल्डीह जगदीशपुर गांव में नवयुवक संघ द्वारा शिव मंदिर परिसर में आयोजित 42वां अष्टजाम अखंड कीर्तन संपन्न हो गया। सोमवार को इसका समापन परिकर चंदीप सिंह शरण ने रामधुनी से की। इसके पूर्व आयोजित कार्यक्रम में समीपवर्ती पोलडीह, बरौली, मांडर, बेदौलिया, निमहत, नोनिया बीघा, इंटवा, मरहा आदि गांवों के रामभक्तों ने कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं रामनाम की जाप से मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है। इस जाप से सभी प्रकार के विघ्न बाधाओं से भी छुटकारा मिलती है। इस तरह के आयोजन में सभी को तन मन धन से सहयोग करना चाहिए। उन्होंने आयोजनकर्ताओं को बधाई देते



हुए कहा कि इस भक्तिमय कार्यक्रम में दर्जनों गांव के लोग शामिल होकर पुण्य का भागी बनते हैं। मौके पर मुख्य रूप से उदित कुमार, राम बुझावन सिंह, मुरली सिंह, हरिमोहन पाल, विंध्याचल सिंह, परदेशी पासवान, रामदास यादव, सुमेर सिंह, धीरेंद्र प्रसाद, प्रमोद सिंह, विनोद सिंह, रामजी विश्वकर्मा, विमलेश, लुटकुन शरण, राजेंद्र सिंह, । समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## एसपी के आदेश पर चला वाहन चेकिंग अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर लेस्लीगंज थाना के एएसआई अभय कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के हरसइन मोड़ के पास सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान अभय कुमार त्रिपाठी के द्वारा सभी दो पहिया चार पहिया वाहनों को रोककर वाहन चालक और वाहन की तलाशी ली गई। वाहन जांच होते देख वाहन चलाने वाले लोग रास्ते को बदलकर भागते हुए देखे गए। वही मौके पर उपस्थित एएसआई अभय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आये दिन लेस्लीगंज थाना क्षेत्र में वाहन दुर्घटना होने से लोगों की जान जा रही है। इसी के मद्देनजर पलामू एसपी चंदन सिन्हा के आदेश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## महिला के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के कनुआ बिगहा गांव की एक महिला को डायन बताकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीड़ित महिला ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर गांव के ही मुखलाल यादव, कृष्णा यादव,ललिता देवी को आरोपी बनाया है। दिए गए आवेदन में पीड़िता पतीया देवी ने कहा है कि मुझे डायन कहकर कई जगह मजारों पर घुमाते रहे, बीते तीन फरवरी को जपला हैदरनगर मुख्य पथ के समीप दाता साहब के मजार पर ले गए और मुझसे अगरबती जलाकर बैठने को कहा, इसी क्रम में उक्त तीनों लोगों ने मेरा बाल पकड़कर लात मुक्का से मारने लगे और मेरे गले से सोने का चैन जबरन छीन लिया और कहने लगे की तुम डायन हो। तुम्हें हम छोड़ेंगे नहीं, इस घटना के बाद मेरा पूरा परिवार दहशत में है। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि पीड़ित के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई करने के लिए अनुसंधान शुरू कर दी गई है।

## न्यू ब्राइट लैंड स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के माली गांव स्थित न्यू ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पार्षद अंजू देवी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व फीता काट कर किया। मौके पर कांग्रेस के सत्यनारायण सिंह ने कहा कि बच्चों के लिए स्कूल में समय समय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम जरूरी है। जिससे बच्चो की प्रतिभा में निखार आता है। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि समय समय पर कार्यक्रम आयोजन से बच्चों का आत्मबल बढ़ता है। कार्यक्रम का संचालन और अध्यक्षता विद्यालय के निर्देशक श्रीनिवास सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य सुनील कुमार सहित शिक्षको का योगदान रहा। विद्यालय के बच्चों ने स्वागत गान के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके बाद गीत संगीत,नाट्य, हास्य कला से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में उदय सिंह,रामजनम राम,मुखिया उमेश राम,नदीम खान,चंदन वर्मा,शुभम सिंह,दिनेश राम,विनोद राम सहित काफी संख्या में अभिभावक,छात्र छात्रा व ग्रामीण उपस्थित थे।

## मुखिया संघ ने डीडीसी को सौंपा ज्ञापन

**पाटन।** प्रखंड में मनरेगा योजना की धीमी गति को लेकर पाटन मुखिया संघ ने उप विकास आयुक्त पलामू रवि आनंद को ज्ञापन सौंपकर बताया कि पाटन के सभी पंचायतों में मनरेगा योजना धीमी गति से संचालित हो रही है। प्रखंड के पदाधिकारियों ने मनरेगा के प्रति रुचि नहीं रख रहे हैं । प्रखंड के पंचायत में बार-बार मनरेगा जांच के वजह से पंचायत में विकास कार्य बाधित हो रहा है । मनरेगा में काम नहीं मिलने पर मनरेगा मजदूर अन्य राज्यों में पलायन करने को मजबूर है । ज्ञापन सौंपने में मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत सिंह उर्फ पप्पू सिंह, लीलावती देवी, मंजू देवी, सरिता देवी, शिव शंकर प्रसाद, अजय पासवान, रबीना बीबी, जैनुल सिद्धकी, मंजू देवी, सरिता देवी, छोटू सिंह, हित नारायण सिंह,आदि मुखिया डीडीसी से मुलाकात में सम्मिलित थे ।

## पूर्व मुखिया ने किया स्वेटर का वितरण

**मनातू ।** प्रखंड अंतर्गत नवडीहा पंचायत के ग्राम मधेया आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। यह वितरण नवडीहा पंचायत के पूर्व मुखिया शांति देवी व वर्तमान उप मुखिया संगीता कुमारी ने किया । पूर्व मुखिया ने बताया की आंगनवाड़ी केंद्र कोड संख्या 206 में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। मौके पर उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को पहली शिक्षा दी जाति हैं। जहां केंद्र की सेविका के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के अलावा गर्भवती धात्री महिलाओं का गृह भ्रमण कर पूरक पोषाहार लेने और खानपान के बारे में जानकारी दी जाती हैं ।

## बिजली चोरी मामले में 14 पर केस, लगा जुर्माना

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के कनीय विद्युत अभियंता ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान 14 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा गया। हरिहरगंज थाने में 14 लोगों के खिलाफ बिजली अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। सभी 14 लोगों पर बिजली विभाग का 1 लाख 75 हजार रुपए बकाया के साथ ही 1 लाख 54 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया गया है। जिन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज हुयी है। उनमें ललिता देवी, सोनू कुमार, रामलखन प्रसाद, बृज भूषण प्रसाद, बबलू साव, बैजनाथ साव, नंदन कुमार शर्मा, महेश शर्मा, दयाशंकर विश्वकर्मा, मो मुस्तकीम, सफीक अंसारी, परवेज आलम, रामजी प्रसाद का नाम शामिल है। इस आशय की जानकारी विद्युत आपूर्ति प्रशाखा हरिहरगंज के कनीय अभियंता कुलदीप यादव ने रविवार को दी। उन्होंने कहा कि जिनका बिजली बिल 5 हजार रूपए से अधिक बकाया है । वे जल्द जमा कर दें ,नहीं तो कनेक्शन काट दिया जाएगा। इस अभियान में प्रधान विद्युतज्ञ दयानन्द सिंह, कुशल श्रमिक सुरेश महतो, मानव दिवस कर्मी अनिल सिंह मुख्य रूप से शामिल थे।

हड़ताल

## कल से 72 घंटे के हड़ताल पर रहेगें पीडीस दुकानदार

# जनवितरण प्रणाली की कुल 267 दुकानें होगी प्रभावित

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद व हैदरनगर फेयर प्राईस डीलर एसोसिएशन की इकाई ने सात फरवरी से 72 घंटे की देशव्यापी हड़ताल पर जाने का एलान किया है। इस दौरान पुरे अनुमंडल क्षेत्र के जनवितरण प्रणाली की कुल 267 दुकानें प्रभवित होगी। उपभोक्ताओं का राशन उठाव और वितरण नहीं हो सकेगा। सोमवार को एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों की बैठक में अध्यक्ष लखनदेव सिंह, हैदरनगर के अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, कामता दुबे समेत कई पीडीएस दुकानदार शामिल थे। जिसमें पदाधिकारियों ने कहा कि



केन्द्र सरकार कई नये नियम लागू करने जा रही है। इसका सीधा असर दुकानदारों के रोजगार पर पड़ेगा। आने वाले नये कानून में भारत सरकार अब सहकारिता का सहयोग लेगी। इससे जनवितरण प्रणाली सिस्टम पर प्रत्यक्ष तौर पर आंच आयेगा। इसी का विरोध अब राष्ट्रीय स्तर पर होगा। जबकि कोरोना महामारी ने जब दस्तक दिया था, तो जान जोखिम में डाल कर डीलरों ने लोगों के पेट को भरा था। अब डीलरों की भूमिका को खतरे में डाला जा रहा है। लिहाजा, इसी नये कानून का विरोध करते हुए डीलर एसोसिएशन ने इस हड़ताल की घोषणा किया है। उन्होने कहा कि एसोसिएशन अब भी मांग करता है कि हर डीलर का मासिक इनकम 50 हजार रुपया किया जाये। महामारी के 10 महीनें का कमीशन अब भी सरकार ने बकाया रखा है, उसका भुगतान भी किया जाय। बैठक के बाद उन्होने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी हुसैनाबाद व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी हैदरनगर को हड़ताल की लिखित सूचना दे दी है।

# मनरेगा योजना का सामाजिक अंकेक्षण प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में मनरेगा अंतर्गत वितीय वर्ष- 2021-22 की योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण का प्रखंड स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन सुनवाई के दौरान अंकेक्षण दल के सदस्यों ने प्रखंड क्षेत्र के जमुआ,पतरा खुर्द, कुर्मीपुर, झरगड़ा व महुदण्ड पंचायत में पशु शेड,कूप निर्माण, समतलीकरण, डोभा मेड़बंदी, मिट्टी मोरम सड़क आदि योजनाओं में अनियमितता को ज्यूरी के समक्ष रखा। पंचायत की योजनाओं में मिली अनियमितता पर ज्यूरी द्वारा त्वरित सुनवाई कर अर्थदंड का आदेश दिया। जन सुनवाई के बाद मनरेगा लोकपाल शंकर प्रसाद ने कहा कि पंचायत स्तरीय जन सुनवाई के दौरान गड़बड़ी पाई गई थी। उक्त मनरेगा योजनाओं को प्रखंड स्तरीय जन सुनवाई में भेजा गया था। उन्होंने कहा कि मनरेगा योजनाओं में गड़बड़ी के लिए मनरेगा कर्मी, मुखिया, रोजगार सेवक, पंचायत सेवक सहित अन्य कर्मी जिम्मेवार हैं। उन्होंने बताया कि योजनाओं में गड़बड़ी करने वाले कर्मियों पर जुर्माना लगाया गया है। साथ ही जुर्माना की राशि जल्द जमा करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, बीडीओ रतन कुमार,मनरेगा बीपीओ विष्णु प्रताप मिश्रा, सामाजिक अंकेक्षण दल के सदस्य आश्रिता तिर्की,मनोज कुमार, पंचायत सेवक सूर्यदेव राम,वशिष्ठ तिवारी,मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, सुदामा यादव, आत्मेश कुमार सिंह,कनीय अभियंता धीरेंद्र कुमार, मणिकांत कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।–


## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## URBAN DEVELOPMENT OF DEPARTMENT, NAGAR PARISHAD, BISHRAMPUR

### E-PROCURMENT NOTICE (VERY SHORT TERM NOTICE)

| SL. | WARD NO. | REFERENCE NO. | SCHEME NAME | ESTIMATE COST | EARNEST MONEY (2% OF ESTIMATE COST) | TENDER FEE | COMPLETION OF WORK |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 15वें वित्त आयोग मद | | | | |
| 1 | 01 | UDD/NPB/53/22-23 | Renovation of Karimahi Pond in Ward no. 01 | 24,66,000.00 | 49320.00 | 5000 | 06 Month |
| 2 | 11 | UDD/NPB/54/22-23 | Renovation of Gangajala Pond in Ward no. 11 | 24,66,000.00 | 49320.00 | 5000 | 06 Month |
| 3 | 13 | UDD/NPB/55/22-23 | Renovation of Uttarahar Pond in Ward no. 13 | 24,66,000.00 | 49320.00 | 5000 | 06 Month |
| 4 | 16 | UDD/NPB/56/22-23 | Renovation and Beautification of Pond Near Vir Kunwar | 24,66,000.00 | 49320.00 | 5000 | 06 Month |
| 5 | 17 | UDD/NPB/57/22-23 | Renovation and Beautification of Bada Pond Sordiha | 24,66,000.00 | 49320.00 | 5000 | 06 Month |
| 6 | 12 | UDD/NPB/58/22-23 | Renovation and Beautification of Dakhi Pond Jhagrua | 24,66,000.00 | 49320.00 | 5000 | 06 Month |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | Date Of Publication Of Tender On Website | 04.02.2023 5:30 pm |
| 7 | Date Start Of Submission Of Bids | 04.02.2023 5:30 pm |
| 8 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 14.02.2023 05:00 pm |
| 9 | Last Date/Time Of Submission At Office Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | 15.02.2023 Till 01:00 pm at Bishrampur Thana |
| 10 | Date Of Bid Opening | 16.02.2022 11:30 am |
| 11 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Nagar parishad Bishrampur |
| 12 | Contact No. Of Procurement Officer | 9525633383 |
| 13 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9771761820 |

NOTE: - Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Nagar Prishad, Bishrmapur.

सहायक नगर आयुक्त
नगर परिषद विश्रामपुर

PR 289357 District(22-23)#D

## Government of Jharkhand Urban Development Department
## Medininagar Municipal Corporation
### e-Procurment Very Short Tender Notice (2nd Call)

| S.l. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Part – A | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/95 /2022-23 | Construction of Paver Block Panki main road to Nahar via Bali singh Bablu upadhyato Sanjay via. Shiv Shankar w. 02 Hume pipe from Anand Pd. to Sambhu Agarwal W 02 Drain Ajay Singh Nahar via. Satyendra Choudhary w. no. 03 v. Hume pipe Vijay Damodar singh 05 Punit to Naha ward no. 05 | 2413030 | 48300 | 5000 | 3 माह |
| 2 | UDHD/MMC/96 /2022-23 | Repair of Drain from Viru Singh house to Sanjay tiwari house Naveen singh to Vijay paswan house TT Sahab house to Munna singh house Rajkumar Mehta house to Shibu Guruji house Part in ward no. 06 ii. Ashok dubey house to sunil tirkey house ward no. 07 iii. Vani Mishra house to Anil Shukla house warde no. 07 iv. Laying of 300 MM hume pipe from Dipak Ram house to Ravindra Pandey house ward no. 07 V. Laying of paver block from kamleshwar Prasad to nakul ram house, Awdhes Pandey house to Anjani Pandey house, pramod gupta house to Nandlal Prasad ward 08 Vi. PCC road from Gopal Mishra house to Sanjay Singh house ward no. 10 Vii. PCC road near Ashish Kumar house to Drain in ward no. 10 | 2450220 | 49100 | 5000 | 3 माह |
| 3 | UDHD/MMC/97 /2022-23 | Detailed Estimate for (i) Drain From Bablu singh house to Bhagwan saw and P.C.C road near Markajja madarsa (ii) Repair of Drain from Balsamaj to Durgapit (iii) PCC Road fromMurari Ram house to Suresh soni house ward 29 (iv) PCC Road From Lakhabn mehta house to dharmendra bhuiya house in ward 03 (v) PCC Road from Main road to Nausad house (140ft) ,Main road to Tanveer Alam house (200ft) , Sadik tailor house to Imran house (L-200ft), Munarik Paswan house to Dhruv Chandravanshi house ward 31 | 1981120 | 39700 | 5000 | 3 माह |
| 4 | UDHD/MMC/98 /2022-23 | Strenghting of old black topped from Nandlal ram house to Raunak Medical Store in ward no. 25 | 1270220 | 25500 | 5000 | 3 माह |
| 5 | UDHD/MMC/99 /2022-23 | Construction of repair of old drain in front of Girwar School ward no. 22 (ii) Repair of Rickshwa stand ward no. 24 (iii) Drain from Kajri Bhawan to bhola pandey house ward no. 02 (iv) Laying of Paver Block from old PCC road to Near Dr. House in ward no. 03 | 1430280 | 28700 | 5000 | 3 माह |
| 6 | UDHD/MMC/10 1/2022-23 | New PCC over old pcc from Dadai singh house to bhikari yadav house ward no. 19 (ii) Hume pipe drain from Dadai singh house to bhikhari yadav house ward no. 19 (iii) culvert near bhikhari yadav house ard no. 19 (iv) Installation of high mast light in bada Talab ward no. 24 (v) Drain from Abhimanyu Tiwari house to Culvert near Railway line ward no. 24 | 1625810 | 32600 | 5000 | 3 माह |
| 7 | UDHD/MMC/10 2/2022-23 | Construction of PCC road from khaderan saw houwe to mahua tree via suresh bhuiya house, santosh thakur house in ward no. 03 | 1473260 | 29500 | 5000 | 3 माह |
| 8 | UDHD/MMC/10 3/2022-23 | Construction of PCC road from vaibhav bhaskar house to Duryodhan tiwari house in professor colony in ward no. 06 | 222910 | 4460 | 1000 | 3 माह |
| 9 | UDHD/MMC/10 4/2022-23 | Construction of Paver Block from Manoj Ji house to Niranjan Dubey house, Manoj Tiwari house to Abhay Pandey house, Hriday Pandey house to Stish Tiwari house in word no. 06 under Medininagar Municipal Corporation | 785000 | 15800 | 5000 | 3 माह |
| 10 | UDHD/MMC/10 5/2022-23 | Construction of New PCC road over old PCC road from By pass road to Asha Tiwari house under Medininagar Municipal Corporation | 687740 | 13800 | 5000 | 3 माह |
| 11 | UDHD/MMC/10 6/2022-23 | Construction of (i) PCC road from Vinod Tiwari house to Shubhak Tiwari house in ward no. 04 (ii) PCC road over old PCC road from Pramod kumar Guddu house to Vinod ram house in ward no. 25 (iii) Laying of Paver block from sushil singh house to motilal orao house via mahendra singh house (Part) in ward no. 06 under Medininagar Municipal Corporation | 1302930 | 26100 | 5000 | 3 माह |
| 12 | UDHD/MMC/10 7/2022-23 | Detailed Estimate for Strenghting of old black topped from Pasupalan hospital to mayor residence under Medininagar Municipal Corporation | 1695580 | 34000 | 5000 | 3 माह |

Part – B

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender On Website | 08/02/2023 AT 10:00 AM |
| 2 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In |
| 3 | Date Start Of Submission Of Bids | 08/02/2023 AT 10:00 AM |
| 4 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 20/02/2023 AT 02:00 PM |
| 5 | Date Of Bid Opening | 21/02/2023AT 02:00 PM |
| 6 | Last Date/Time Of Submission At Office Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | 21/02/2023AT (11.00 AM to 01:00 PM) |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9431105183 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9304883244 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

नगर आयुक्त,
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 289376 District(22-23)D

## NEWS इन ब्रीफ

### ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में तीन मजदूर घायल ,दो रेफर

**मेदिनीनगर।** ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में सोमवार की सुबह तीन मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बंदुआ निवासी महावीर प्रसाद के पुत्र अनूप कुमार और गांव के 2 लोग नंदू साव और राजा प्रसाद सोमवार की सुबह बाइक पर सवार होकर मेदिनीनगर सर्फ फैक्ट्री में काम करने जा रहे थे। तभी रास्ते में धोबी मोड़ चौक के पास एक ईट लदा ट्रैक्टर ने उन्हें धक्का मार दिया। जिसमें तीनों मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के बाद भी राजा प्रसाद गुप्ता और अनूप कुमार की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जबकि नंदू साव खतरे से बाहर है। चिकित्सकों ने दोनों व्यक्ति की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है। वहीं घटना के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले गई है। घटना के बाद से पुलिस कानूनी प्रक्रिया में जुट गई है।

### संत शिरोमणि रैदास सामाजिक समता के हिमायती थे : अविनाश

**मेदिनीनगर।** भारत विविधता में एकता का एक विशाल भू-भाग है। जहां सभी धर्म सम्प्रदाय पंथ के मानने वाले समुदाय बस्ते हैं। यह देश संत महात्मा ऋषि मुनियों गुरुओं का रहा है। सामाजिक व्यवस्था को चलाने के लिए वर्ण व्यवस्था की गई। इस व्यवस्था को सरल सहज बनाने के लिए जाति में बांटा गया। इस वर्णव्यवस्था में उच्चकुलिये जाति जिन्हें ज्ञानी कुलीन वर्ग कहा जाता था । अपनी निजी स्वार्थ में आदमी को शोषण करने लगे,शोषक जातियां भोग विलास में डूब गया। वंचितों के बीच संत रैदास के विचार कल से भी ज्यादा आज प्रासंगिक हैं और उनके क्रांतिकारी विचार जीवन में उतारने की जरूरत है। अपने विद्यालय संत मरियम के आवासीय परिसर में बच्चों के साथ संत शिरोमणि रैदास जी को जयंती मनाए। बिहार के सामाजिक कार्यकर्ता व शिक्षक अटल जी सुरेश जी,संजीव जी मौजूद रहे।

### श्मशान घाट शेड का शिलान्यास

**हरिहरगंज।** ढाब कला गांव के समीपवर्ती बटाने नदी तट पर सोमवार को श्मशान घाट में शेड का शिलान्यास हरिहरगंज जिला पार्षद मंजू देवी ने नारियल फोड़ कर किया। शेड का निर्माण 15 वें वित आयोग से लगभग दो लाख 49 हजार की लागत से की जायेगी। उन्होंने कहा कि शेड का निर्माण हो जाने से शव का अंतिम संस्कार करने में सहूलियत होगी। वहीं उन्होंने कहा कि इससे पहले तेतरिया गांव स्थित आंगनबाड़ी भवन का जीर्णोद्धार व रंग रोगन कार्य का शिलान्यास भी किया। मौके पर जिला पार्षद मंजू देवी, मुखिया जितेंद्र पासवान, जिला पार्षद प्रतिनिधि राजेश राम, सत्येंद्र मेहता, पंसस बासुदेव राम, वार्ड सदस्य प्रदीप राम, रवि रंजन वर्मा, उप मुखिया अनीस राम, अरविंद मेहता के अलावे लाभुक समिति के अध्यक्ष रवि कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद राम, सचिव पवन कुमार, रामजी राम, अनीश कुमार, भोला राम सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### मोटर पंप चोरी मामले में एक गिरफ्तार

**हरिहरगंज ।** थाना क्षेत्र के कोसडीहरा गांव निवासी दिनेश पासवान को पुलिस ने मोटर पंप चोरी के मामले में गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि पिपरा गांव निवासी बिनदेव राम ने लिखित आवेदन देकर मोटर पंप चोरी की शिकायत दर्ज करायी थी। अनुसंधान के क्रम में दिनेश पासवान की गिरफ्तारी के बाद उसकी निशानदेही पर दो इलेक्ट्रिक मोटर पंप, फ्लैंचा, बैंड आदि बरामद किया गया।

### स्वतंत्रता सेनानी गणेश प्रसाद वर्मा के नाम से जाना जायेगा चौक

# निगम ने बेलवाटिका चौक का नाम बदला

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्थानीय बेलवाटिका चौक का नाम स्वतंत्रता सेनानी स्व. गणेश प्रसाद वर्मा के नाम पर सोमवार को किया गया। अब से बेलवाटिका चौक गणेश प्रसाद वर्मा चौक के नाम से जाना जायेगा । बेलवाटिका मुहल्ले में पांच स्वतंत्रता सेनानी मुख्य रूप से सक्रिय थे, जिनके अगुवा थे गणेश प्रसाद वर्मा । वही गणेश प्रसाद वर्मा और नंदकिशोर प्रसाद वर्मा ( नंदा बाबू ) की जोड़ी ने अंग्रेजी हुकूमत को नाकों चने चबाने को मजबूर कर दिया । आजादी की लड़ाई के दौरान गणेश प्रसाद वर्मा अनेकों बार जेल गये और उन्हें पटना, बक्सर के जेलों में रखा गया था। इनकी गिरफ्तारी नवरात्रि के समय हुई थी।





जिस समय वो मलेरिया से ग्रस्त थे। अस्पताल से स्ट्रेचर मंगाकर डालटनगंज जेल भेजा गया था। स्वर्गीय पूरनचंद इनके शिष्य थे और वेदप्रकाश भसीन, तीर्थ भसीन, नंद किशोर प्रसाद वर्मा, राजेश्वर बाबू, गंगा बाबू , रामजन्म सिंह आदि इनके सहयोगी थे । गणेश प्रसाद वर्मा के पुनीत कार्यों को श्रद्धांजलि देते हुए इस चौक का नामकरण मेयर के हांथों अनावरण के बाद किया गया। मौके पर गणेश प्रसाद वर्मा के एकमात्र जीवित पुत्र आनंद पाल वर्मा, पौत्र केतन वर्मा, नीतीश चाणक्य, कुणाल आनंद, विवेक वर्मा, लक्ष्य श्रेष्ठ,वार्ड नंबर 21 की वार्ड पार्षद अंजना देवी, महेश प्रसाद, सुनील गुप्ता, वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव और गणेश प्रसाद वर्मा की पौत्रवधू शर्मिला वर्मा और टीम की सदस्य राखी सोनी, संध्या अग्रवाल, बेबी विश्वकर्मा सहित मुहल्ले वासी मौजूद थे।

## पंचतत्व में विलीन हुए निरंजन पांडेय

**मेदिनीनगर।** समाज के अग्रणी भूमिका निभाने वाले नावा बाजार प्रखंड के ब्रहमोरिया गांव निवासी समाजसेवी निरंजन पांडेय का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गये। सोमवार की सुबह 9:30 बजे शव यात्रा उनके पैतृक आवास ब्रहमोरिया से निकाली गई। लादी गांव के कौरव नदी तट स्थित बहेरवा घाट श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। स्वर्गीय पांडेय के पुत्र विकास ने मुखाग्नि दी। हर लोगों के जुबान पर एक ही बात थी कि निरंजन पांडेय धार्मिक व सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़ कर भाग लिया करते थे। गरीब-गुरबों के दुःख में हर समय खड़ा रहा करते थे। मृदुभाषी होने के नाते हर वर्ग समुदाय जाति विरादरी में सम्मान की दृष्टि से देखे जाते थे। विदित हो कि 2 फरवरी गुरुवार की शाम ब्रहमोरिया मोड़ से सामान की खरिददारी कर पैदल अपने घर जा रहे थे। इसी बीच ब्रहमोरिया स्थित एनएच 75 पर अज्ञात कार ने उन्हें टक्कर मार दी थी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मेदिनीनगर स्थित नारायणी हॉस्पिटल इलाज चल रहा था। जहां रविवार की लगभग 4:30 बजे इलाजरत निधन हो गया। शव यात्रा में पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, पूर्व सांसद बृजमोहन राम, विश्रामपुर जिला परिषद सदस्य विजय रविदास, पुर्व नावाबाजार जिला परिषद सदस्य अनुज राम, झामुमो नेता सह पूर्व मेदिनीनगर विधानसभा प्रत्याशी संजीव तिवारी, पप्पू दुबे, संतोष चौबे, पंसस हरिशंकर दुबे, जिप सदस्य प्रतिनिधि राजबली राम, मुखिया पति मुन्ना राम, पलामू जिले के विभिन्न राजनैतिक पार्टी से संबंध रखने वाले नेता-कार्यकर्ता, आस पास के लोगों सहित गांव परिवार के सदस्य व विभिन्न समुदाय के लोग शामिल हुए।

## आइसा ने जेएस कॉलेज के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन जनता शिवरात्रि महाविद्यालय इकाई द्वारा हिमांशु रंजन की अध्यक्षता में प्राचार्य को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में कहा गया कि महाविद्यालय द्वारा मनोविभाग का समय पर नहीं खुलता है। जिससे विद्यार्थियों को विभाग से जुड़ी समस्याओं के लिए भटकना पड़ता है। विद्यार्थियों के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। इसके साथ ही कॉलेज में नवनिर्मित भवन का नामकरण शिला पर पूर्व प्राचार्य और पूर्व कुलपति का नाम सहित स्वामी विवेकानंद के नामकरण में सुधार करने की मांग की गई। मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष विदेशी पांडेय ने कहा कि पलामू में एक मात्र महाविद्यालय हैं। जिसे नैक के द्वारा अच्छा ग्रेड मिला था मगर वैसा महाविद्यालय अब नही रहा यहां ना तो छात्रों को पढ़ने के लिए कोई उचित कक्षा की व्यवस्था हैं। सिर्फ साफ सफाई के नाम पर खाना पूर्ति हो रहा हैं। महाविद्यालय में तंबाकू से दीवाल रंगा रोहन किया हुआ हैं। यह महाविद्यालय प्रशासन पर सवाल खड़ा होता हैं। साथ ही स्वामी विवेकानंद के नाम से स्वामी हटा कर सिर्फ विवेकानंद लिखे हैं। हिमांशु रंजन ने कहा कि एआईएसएफ छात्र हित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है और महाविद्यालय में कक्षाओं का नियमित संचालन हो ,इसके लिए हम लगातार प्रयत्न करते रहेंगे। मौके पर जिला महासचिव कौशल किशोर ,सौरभ कुमार पाठक, रवि कुमार ,मोहित दुबे मौजूद रहे।

### मिशन समृद्धि का निरंतर जारी है रोटी अभियान

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था के द्वारा रोटी अभियान निरंतर जारी है। समाज में एक संदेश कि जरूरतमंदों के लिए प्रत्येक व्यक्ति या परिवार को सहायता के लिए आगे आना चाहिए। इसे कार्यान्वित करने का श्रेय मिशन समृद्धि संस्था को जाता है। जो आठ साल से लगातार रोटी सब्जी मिशन की झोली में डालते चले आ रहें हैं और यही कारण भी है कि यह अभियान कभी रुका नहीं। पूरी टीम की निष्ठा को देखकर रोटी देने वाले परिवारों में भी देने की प्रवृत्ति जमी रही। शहर के अम्बेडकर पार्क के सामने दोना -पत्तल -दातून बेचने वालों एवं शनि मंदिर में वृद्ध, दिव्यांग के बीच भोजन का वितरण किया गया। इस कार्य के बेबी पाण्डेय, श्वेता पाण्डेय बैजन्ती गुप्ता ,वन्दना श्रीवास्तव, वीणा गुप्ता, रंजीता, शिल्पी गोस्वामी, शैलेन्द्र कुमार, ऋषि कुमार का योगदान रहा।

## साहित्य भारती ने विचार सह काव्य गोष्ठी का किया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** महाकवि आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री की 108 वीं जयंती के उपलक्ष्य में साहित्यिक संस्था हिंदी साहित्य भारती,झारखंड के द्वारा ऑनलाइन विचार-सह-काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ संगीता नाथ ने की, जबकि संचालन कवि राकेश कुमार ने किया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए प्रो. सुभाषचंद्र मिश्र ने कहा कि कवि किसी वाद का प्रचारक नहीं होता। शास्त्री जी ने भी कभी किसी वाद का समर्थन नहीं किया। उन्होंने 16 वर्ष की आयु में ही काकली नामक संस्कृत की कविताओं का संग्रह प्रकाशित कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा दिया था। प्रो. मिश्र ने कहा कि शास्त्री जी ने मेघगीत के माध्यम से तत्कालीन राजनीति और सत्ता को सचेत किया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए




समकालीन जवाबदेही के सम्पादक डॉ सुरेन्द्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि एक कवि को याद करना अपनी अस्मिता को याद करना है। कवि साहित्य का ही नहीं वरन राष्ट्र का पुजारी होता है। उन्होंने कहा कि आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री ने गीतों को प्रतिष्ठित किया। योगेश शास्त्री ने कहा कि जानकी वल्लभ शास्त्री की रचना की आलोचना का साहस हर कोई नहीं कर सकता। डॉ संगीता नाथ ने कहा कि हिंदी साहित्य भारती के द्वारा इस तरह के आयोजन का होना हिंदी साहित्य के लिए सुखद है। गोष्ठी में डॉ सुनीता कुमारी, विद्या वैभव भारद्वाज,अनुज कुमार पाठक, राम प्रवेश पंडित, नीरज कुमार पाठक, रमेश सिंह,धनञ्जय पाठक,छेदी नन्दन मिश्र , किरण राज, राकेश कुमार ने आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री की कविता प्रस्तुत कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गोष्ठी में डॉ जूही समर्पिता, श्रीधर प्रसाद द्विवेदी, प्रभात कुमार सुमन,आनन्द कुमार गुप्ता,विनय कुमार मिश्र, श्रुति पांडेय, रिंकू दुबे वैष्णवी सहित कई साहित्यकार व साहित्य प्रेमी सम्मिलित हुए।

## सासंद के प्रयास से अमृत सरोवर योजना का शुभांरभ



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अमृत सरोवर योजना का शुभारम्भ देश के पीएम के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर 24 अप्रैल 2022 को शुरू करने की औपचारिक घोषणा की गयी थी। उक्त योजना के माध्यम से प्रत्येक राज्य के प्रत्येक जिले में 75 से अधिक तालाबों का निर्माण करवाने का लक्ष्य तय किया गया है। जिससे कि गर्मी के समय में होने वाले भू-जल की कमी को दूर किया जा सकेगा और जल की पर्याप्त आपूर्ति भंडारण को बढ़ाया जा सके। इसलिए इस योजना को शुरू किया गया है। पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः दोनों जिलें पलामू में 61 एवं गढ़वा में 75 तालाबों का अमृत सरोवर योजना के तहत निर्माण करवाया जा रहा है। इसके लिए पलामू सासंद के प्रयासों को सराहा गया है। जिन्होनें पलामू जैसे सुखाड़ क्षेत्रों के लिए लगातार प्रयास करते रहे। रेल सेवा से लेकर पानी की जरूरत की पूर्ति के लिए पलामू सासंद का प्रयास सराहनीय है।

## अभाविप ने एनपीयू कौटिल्य प्रशासनिक भवन का किया उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अभाविप इकाई द्वारा नगर मंत्री रामा शंकर पासवान के नेतृत्व में एनपीयू का नवनिर्मित प्रशासनिक भवन कौटिल्य प्रशासनिक भवन का विधिवत उद्घाटन सोमवार को किया गया। अभाविप के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे ने फीता काटकर और नारियल फोड़कर भवन का उद्घाटन किया। ज्ञात हो कि कंपनी के द्वारा विश्वविद्यालय प्रशासन को पिछले वर्ष के अगस्त माह में ही भवन सौंप दिया गया है । लेकिन विश्वविद्यालय के द्वारा अभी तक भवन का उद्घाटन नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि बिना उद्घाटन किए ही 26 जनवरी जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम और सिंडीकेट का बैठक नवनिर्मित भवन में हो चुका है। कार्यक्रम में उपस्थित अभाविप के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनीत पांडे ने कहा कि भवन में सभी प्रकार के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं तो फिर



प्रशासनिक कार्य भवन से संचालित करने में क्या परेशानी है। नवनिर्मित भवन के हस्तांतरित हुए आठ महीने से ऊपर हो चुके हैं। ऐसी परिस्थिति में भी उद्घाटन ना होना और किराए के भवन से विश्वविद्यालय का प्रशासनिक कार्य संचालित करना समझ से परे है। आज विद्यार्थी परिषद ने सांकेतिक रूप से अपना विरोध दर्ज कराते हुए नवनिर्मित प्रशासनिक भवन का उद्घाटन किया है। ताकि जल्द से जल्द विश्वविद्यालय नए भवन में शिफ्ट हो और यहां से कार्य संचालित हो। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला एसएफडी प्रमुख सुमित पाठक, जिला एसएफएस प्रमुख रजनीकांत मिश्रा ,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गोविंद मेहता, प्रदेश सोशल प्रमुख मीडिया रोहित दुबे, जिला सोशल मीडिया प्रमुख राजन कश्यप, जीएलए कॉलेज इकाई के अध्यक्ष विपिन यादव, ईकाई के मंत्री आदर्श चौबे, प्रकाश पांडे, अंकित लाल, सोनू ,रोहन, करण कुमार, सच्चितानंद कुमार सहित अनेक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### इंडियन रोटी बैंक ने सातवां स्थापना दिवस मनाया

## कुपोषण मुक्ति पर काम करेगी इंडियन रोटी बैंक : सोनू

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** सेवा के क्षेत्र में इंडियन रोटी बैंक देश भर में नया किर्तिमान स्थापित किया है। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले से युवा प्रणेता विक्रम पाण्डेय की सेवा सरोकार से बढ़ा इंडियन रोटी बैंक का कारवां भारत के 14 राज्यों में 100 जिला अंतर्गत 12 लाख से अधिक लोगों के लिए पोषण युक्त भोजन पहुंचाने में सक्रियता से निभा रही है। आईआरबी की संवेदनशीलता भी मजबूती से दिखाई पड़ी जब सातवां स्थापना दिवस पर लखनऊ स्थित जवाहरलाल नेहरू युवा केन्द्र में बाल पोषण अधिकार और पैकेज फूड लेबलिंग पर संवाद का आयोजन कर आईआरबी ने भविष्य निर्माण की आधारशिला गढ़ने की दिशा में कदम बढ़ा दिया। राष्ट्रीय उप-प्रभारी सोनू सिंह नामधारी सातवें स्थापना दिवस में झारखंड के आधा दर्जन यूनिट के कॉर्डिनेटर के साथ शामिल होकर सिख समुदाय का प्रतिनिधित्व भी किया। साथ ही पोषण युक्त आहार वितरण को बढ़ावा दिए जाने पर बल दिया। कुपोषण मुक्त अभियान को बड़ा बल देने में झारखंड से राष्ट्रीय उप-प्रभारी सोनू सिंह नामधारी, झारखंड प्रदेश महिला कॉर्डिनेटर अंजली गुप्ता, पलामू कॉर्डिनेटर मनीष यादव, गढ़वा महिला कॉर्डिनेटर उषा देवी, रांची जिला कॉर्डिनेटर लीना वर्मा, धनबाद कॉर्डिनेटर प्रियदर्शिनी यादव, हजारीबाग कॉर्डिनेटर युगल किशोर गुप्ता, देवघर कॉर्डिनेटर विजय कुमार राय समेत झारखंड से एक दर्जन सदस्यों ने भाग लिया।

## आजसू जिला समिति की बैठक सम्पन्न

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला आजसू पार्टी की बैठक स्थानीय परिसदन भवन में की गई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी और पार्टी के जिला प्रवक्ता बसंत विश्वकर्मा ने किया। बैठक में जिला अध्यक्ष ने कहा कि पलामू जिला के सभी प्रखंड अध्यक्ष अपने प्रखंड के प्रभारियों के साथ बैठक कर पंचायत प्रभारी की नियुक्ति कर पंचायत कमेटी बनाकर ग्रामीण स्तर तक संगठन को मजबूत करना है। केन्द्रीय सचिव इम्तेयाज अहमद नज्मी ने कहा कि पलामू के सभी प्रखंड में भ्रष्ट सरकार के खिलाफ, पत्थर माफिया, बालू माफिया, शराब तस्करी, जन वितरण प्रणाली में लूट, शिक्षा, स्वास्थ्य में गिरावट, सरकार के वादाखिलाफी एवं बड़े पैमाने पर हो रहे खनिज संपदा के लूट के खिलाफ आंदोलन तेज कर धरना प्रदर्शन किया जायेगा । केन्द्रीय सचिव विजय मेहता ने कहा कि रामगढ़ विधानसभा के उपचुनाव में एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी की जीत सुनिश्चित है। केन्द्रीय सचिव विकेश शुक्ला ने कहा कि राज्य की जनता वर्तमान सरकार के क्रिया कलाप से तंग हो चुकी है। राज्य में अपराधी बेलगाम हो गये हैं। बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने कहा कि जिले के सभी पदाधिकारी को तालमेल, के साथ काम करना होगा। बैठक को महिला प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष प्रमिला देवी, वरीय जिला उपाध्यक्ष तुलसी शुक्ला, जिला सचिव कृष्ण कुमार बनपर ,हुसैनाबाद प्रखंड प्रभारी मनोज कुमार शर्मा, जिला अणु देवी, सुनीता देवी, राजू मेहता सहित कई लोग उपस्थित थे।

### जर्जर छत के नीचे पढ़ने को विवश हैं बच्चे

**नावा बाजार।** विश्रामपुर प्रखंड स्थित भंडार ग्राम में संचालित होने वाला सरकारी विद्यालय, राजकीय कन्या प्राथमिक विद्यालय जिसका छत व भवन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। इस छत के नीचे पढ़ाई करने वाले नन्हे-मुन्ने छोटे-छोटे बच्चे है पर इसका सुध लेने वाला कोई नहीं। स्कूल के प्रभारी के द्वारा पूछे जाने पर बताया कि कई बार विभाग को इसकी जानकारी दी गई है। जहां सरकार की ओर से विद्यालय में बच्चों के लिए पुस्तक भोजन वस्त्र की व्यवस्था की गई है जिससे बच्चे को किसी भी तरह का पढ़ाई में परेशानी ना हो पाये। वही यह जर्जर भवन समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो बड़ी घटना कभी भी घट सकती है। इस लिए शिक्षा विभाग को चाहिए की जल्द से जल्द समय रहते इस विद्यालय की कमी को दूर की जाय।

## हिंडालको की रणनीति गरीबों के लिए दमनकारी है : राहिल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पंडवा प्रखंड क्षेत्र गाड़ी खास के सिक्का गांव में स्थापित हिंडालको कोल माइन्स गरीबों के लिए अभिशाप साबित हो रहा है । इस माइंस के चलते हर साल किसी न किसी की जान जा रही है । जब 2009 में कंपनी खुला था तो यहां के लोगों को लगा था कि यहां रोजगार के अवसर पैदा होंगे। परंतु बाहरी लोगों ने इस कंपनी में अपनी पहुंच के बदौलत नौकरी कर रहे हैं । वहीं यहां के ग्रामीण अभी भी शहर में कमाने को लेकर विवश हैं। उक्त बातें पाटन छतरपुर विधानसभा के राजद युवा नेता राहिल राज उर्फ प्रकाश राम ने सिक्का बाजार में आयोजित आम ग्रामीणों की बैठक में कही। जिसमें आसपास गांव के ग्रामीण जैसे सिक्का, बघमनवा, गाड़ी खास,



कजरी, पड़वा, कठोतिया, मुड़कटवा के लोग भारी संख्या में उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता व संचालन गाड़ी खास के पूर्व मुखिया प्रमोद यादव ने किया। कार्यक्रम के संबोधन में उपस्थित सभी नेताओं ने एक स्वर मे कहा कि यहां जमीन की लड़ाई हम लोग नहीं छोड़ेंगे ,चाहे कंपनी चले या बंद रहे। मौके पर मुख्य रूप से झारखंड जनसंग्राम मोर्चा के अध्यक्ष युगल पाल, राजद के वरीय साथी रामनाथ चंद्रवंशी, राष्ट्रीय मौर्य सेना के मुकेशकांत मेहता ,दिलीप मेहता, मुकेश मेहता, पड़वा के उप प्रमुख धर्मवीर सिंह, गाड़ी खास के मुखिया शंकर शाह, संतोष यादव, नंदकिशोर यादव, राजदेव राम मंटू राम, गिरवर तिवारी, पंचम मेहता, आशुतोष मेहता,विक्रम सिंह, बृजनंदन मेहता समेत महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

## रविदास जयंती के मौके पर दुगोला का आयोजन

**हरिहरगंज।** प्रखंड के डेमा खरबन टोला में संत शिरोमणि रविदास जयंती पर रविवार की रात्रि में न्यू अम्बेडकर क्लब, भीम आर्मी की ओर से दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि गुरु रविदास ने पूरे विश्व में प्रेम व सद्भाव प्रकाश फैलाया है। जिसको जागृत करने की आवश्यकता है।

**शुभारंभ** | छह मुहान चौक पर राजपंडित फिल्म की हुई शूटिंग

# बॉलीवुड अभिनेत्री परी फिल्म की शूटिंग को लेकर पहुंची पलामू

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** स्थानीय छह मुहान चौक से सरकारी बस स्टैंड के बीच राज पंडित फि ल्म की शूटिंग की गई। जिसमें स्थानीय कलाकार के साथ बॉलीवुड के भी कलाकर शामिल रहे । फिल्म में मुख्य अभिनेत्री की भूमिका में मिस वर्ल्ड परी दिखेगी। वही मुख्य कलाकार के रूप में प्रवेश दुबे दिखेंगे । शूटिंग की शुभारंभ नगर निगम के उपमहापौर मंगल सिंह ने विधिवत कैमरे की पूजा करते हुए नारियल तोड़ कर शुभारंभ किया। वही मंगल सिंह ने कहा कि पलामू में कलाकारों की कमी नहीं है। इन कलाकारों के मदद के लिए मैं सदैव



तत्पर रहूंगा ,ताकि इनका हुनर पूरी को दुनिया देख सके । वही मौके पर फिल्म के निर्देशक सुमित बर्मन ने कहा कि फिल्म की 80 प्रतिशत शूटिंग पलामू जिला में की जायेगी । कुछ शूटिंग नेतरहाट, पतरातु डैम , रांची, मुंबई में करनी है । इस फिल्म में ज्यादातर पलामू के कलाकार शामिल रहेंगे । वही मौके पर स्क्रिप्ट राइटर शशि भूषण सिंह साथ ही पलामू के स्थानीय कलाकार मनीष तिवारी , रागनी वर्मा , देवेंद्र ठाकुर, शाहिद, मोहित , मृत्युंजय कुमार, राम प्रताप सिंह, बादल विश्वकर्मा, मुकेश कुमार, विशाल कुमार , पवन कुमार, चिंटू कुमार अपना सीन करते हुए नजर आ रहे थे , तो वही टेक्निकल में आलोक कुमार, आकर्ष प्रताप , गुलशन मिश्रा, रूपेश पाठक मौजूद थे। साथ ही असिस्टेंट डायरेक्टर मनीष कुमार मौजूद थे।

## संत शिरोमणि रविदास की प्रतिमा होगी स्थापित : बच्चन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आम आदमी पार्टी के नेता कौशल किशोर बच्चन ने कहा कि संत रविदास किसी जाति के नहीं बल्कि सर्वगुण और उच्च विचार से भरे पूरे थे। वे संसार के लिए प्रेरणादायी थे। अपना कर्म करते हुए ईश्वर से सच्चा प्रेम करते थे । उनका विचार हमेशा से उच्च विचार सादगी गुण वाला रहा है । सर्व समाज को एक सीख दे गए मन चंगा तो कठौती में गंगा। इंसान को तन से ही नहीं मन से भी साफ होना बहुत जरूरी होता है। वेशभूषा से कोई संत नहीं कहलाता संत का मन विचार संत जैसा होना चाहिए। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के कौशल किशोर बच्चन ने आसेहार रविदास नगर में संत रविदास जयंती समारोह कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधन करते हुए कहा। श्री बच्चन ने कहा कि यहां सालों से संत रविदास जी की जयंती मनाई जाती है। इस नगर को रविदास नगर का नाम सर्वसम्मति से दिया गया साथ ही भैरव टोला स्थित रविदास नगर में जल्द ही संत रविदास जी महाराज का प्रतिमा स्थापित किया जाएगा* जिसमें हम सभी ग्रामवासी बढ़ चढ़कर सहयोग करेंगे आपसी सहयोग से *गुरु शिरोमणि संत रविदास जी महाराज का प्रतिमा का स्थापना किया जायेगा।

NEWS इन ब्रीफ

## पैसा लेकर घर न बनाने वालों पर होगी एफआईआर दर्ज




**विशुनपुरा।** प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेकर घर नहीं बनाने वाले लाभुकों के विरुद्ध प्रखंड प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी हीरक मन्ना केरकट्टा ने विशुनपुरा थाना को पत्र जारी कर पीएम आवास के 67 लाभुक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने को कहा है। मालूम हो कि वित्तीय वर्ष 2017 से वर्ष 2020-21 तक मकान निर्माण के लिए पीएम आवास योजना के तहत कई लोगों ने प्रथम किस्त की राशि ले ली है, बावजूद इसके संबंधित लाभुकों ने सरकारी राशि का उचित उपयोग नहीं किया। लेकिन बार-बार नोटिस के बाद भी समय से घर का निर्माण नहीं करवा सके हैं। कई वर्षों बाद भी अभी तक निर्धारित स्तर तक निर्माण नही कराया गया है जो सरकारी राशि गबन करने व सरकारी योजना को बाधित करने का आरोप के साथ प्राथमिकी दर्ज करने का जिक्र किया गया है।

## 15वां वित्त से बनाए जा रहे चाहरदीवारी निर्माण में जेसीबी का प्रयोग



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर प्रखंड में 15वां वित्त से बनाए जा रहे झगड़ाखाड हाई स्कूल में चारदीवारी निर्माण में जेसीबी का प्रयोग किया जा रहा है जबकि लाभुक समिति से मजदुरों से का करना है, लेकिन सरकारी गाड लाइन को ताक पर रखकर मजदूरों के बजाए खुलें आम जेसीबी मशीन का उपयोग किया जा रहा है। इस योजना के प्राक्कलित राशि 2,50,000 लगभग है। इस संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल कुमार महतो से पुछे जाने पर बताया कि जेसीबी मशीन का उपयोग हो रहा है तों योजना को बंद किया जाएगा।

## संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह आयोजन



**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के सिंहपुर ग्राम में रविवार की शाम जन जागरूकता क्लब के तत्वावधान में संत शिरोमणि रविदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जयंती समारोह का शुभारंभ संत शिरोमणि रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुये वक्ताओं ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास जी एक संत व समाज सुधारक थे। हम सबो को उनके बताये मार्ग का अनुशरण करना चाहिये। वक्ताओं ने कहा कि जब हम सब उनके बताये रास्ते पर चलने का प्रयास करेंगे तभी समाज बदलेगा। वक्ताओं ने कहा कि आज हम सबो को उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिये। समारोह को झामुमो नेता ताहिर अंसारी, कांग्रेस नेता ईश्वरी चौधरी, लल्लू राम, अभय कुमार पांडेय, लव पांडेय, पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ठाकुर, उपमुखिया शारदा पासवान, अलीम अंसारी ने सम्बोधित किया। मौके पर सुदामा पांडेय, अमरेश विश्वकर्मा, विनय यादव, अनुज सिंह,जितेंद्र सिंह, मुंद्रिका पासवान, नागेंद्र राम,उमेश राम, कामेश्वर राम, विनय कुमार रवि, राकेश कुमार, नीतीश कुमार, सुभाष राम, महेंद्र राम, परशु राम, मुनर राम, बाबूलाल राम,विनय राम, अखिलेश कुमार, कमरुद्दीन अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महेन्द्र राम ने किया।

# नकाबपोश अपराधियों ने युवक की गला रेत कर की हत्या, दहशत

### डंडा थाना क्षेत्र के भिखही गांव में रविवार की देर रात की घटना

### रात में घर से उठाकर ले गए थे अपराधी



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
डंडा थाना क्षेत्र के भिखही गांव के नन्हकू चौधरी 40 वर्ष पिता शुकदेव चौधरी की अज्ञात अपराधियों ने गला रेत कर हत्या कर दी। घटना रविवार की रात करीब 10:30 बजे की बताई जा रही है। सोमवार की सुबह नन्हकू चौधरी का शव भिखही गांव से करीब दो किमी दूर गढ़वा व पलामू जिले की सीमावर्ती क्षेत्र पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के वरवाही व लकड़ही गांव के बीच परसवनी स्थित झाड़ियों में मिला। जानकारी के अनुसार नन्हकू चौधरी ओझागुनी का काम करता था। रात में करीब 14-15 की संख्या में हथियारबंद नकाबपोश अपराधियों ने नन्हकू चौधरी के घर का दरवाजा खुलवाया। मृतक के स्वजनों के अनुसार अपराधियों के पास पिस्तौल व राइफल जैसे अग्नेयास्त्रों के साथ फरसा जैसे पारंपरिक हथियार भी थे। अपराधियों ने नन्हकू चौधरी को पकड़ कर सीने से पिस्तौल सटा कर हनुमानी पाई की मांग करने लगे। इस दौरान घर में मौजूद नन्हकू चौधरी की पत्नी दुखनी देवी, पुत्री सोनम देवी व पतोहू ममता देवी को भी अपराधियों ने अपने कब्जे में लेकर एक तरफ खड़ा कर दिया। इसके पश्चात नन्हकू चौधरी को पकड़कर अपने साथ ले गए।

### समय पर पुलिस कार्रवाई करती तो नहीं होती हत्या

बताया गया कि कुछ अपराधी नन्हकू चौधरी को पकड़कर ले गए। लेकिन तीन-चार की संख्या में अपराधी नन्हकू चौधरी के घर की महिलाओं पर निगरानी के लिए करीब आधा घंटा तक वहीं रुके रहे और महिलाओं को शोर मचाने से भी रोके रखा। अपराधियों के घर से जाने के बाद महिलाओं के शोर मचाने पर रात में ही गांववाले वहां पहुंचे। लोगों ने मोबाइल फोन के जरिए डंडा थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी। रात करीब 12 बजे डंडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन पुलिस ने नन्हकू चौधरी की तलाश करने की बात कहकर वहां से वापस लौट गई। जबकि सोमवार की सुबह में शौच के लिए निकले लोगों ने वरवाही व लकड़ही की सीमा स्थित परसवनी में शव को देखा। जिसकी पहचान नन्हकू चौधरी के शव के रुप में हुई। इसकी सूचना मिलने पर डंडा थाना पुलिस व चैनपुर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंची। आवश्यक कार्रवाई के बाद डंडा थाना पुलिस ने सदर अस्पताल में लाकर शव का पोस्टमार्टम कराया। शव पोस्टमार्टम हाउस स्थित मार्चरी में रखा गया है। मृतक के दोनों पुत्र कोलकाता में हैं। दोनों पुत्रों के आने के बाद शव का अंतिम संस्कार होगा। इस घटना को लेकर पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। इस घटना को लेकर तरह तरह की चर्चा हो रही है।

## मानस महायज्ञ की विराट कलश यात्रा संपन्न

**कांडी।** सतबहिनी झरना तीर्थ के मुक्ताकाश में आमजनों के द्वारा आयोजित मानस महायज्ञ की विराट कलशयात्रा संपन्न हो गई। इस दौरान उमड़ी श्रद्धालुओं की जनमेदिनी ने 25 किमी की सैकड़ों वाहनों से यात्रा की। मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटनस्थल विकास समिति के तत्वावधान में आमजनों के द्वारा आयोजित 23वें मानस महायज्ञ की विराट कलशयात्रा में दस हजार की संख्या में कलशयात्रियों ने भाग लिया। विद्याकुंड अयोध्या के सिद्ध पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 श्री प्रेमशंकर दास जी ने कलशयात्रा का नेतृत्व किया। सबसे पहले यज्ञ परिसर में यज्ञाचार्य पं. श्याम बिहारी वैद्य के नेतृत्व में याज्ञिक पुरोहितों की टोली द्वारा पूजा अर्चना के बाद प्रधान कलशों के साथ सभी कलशों का संकल्प कराया गया। इसके बाद माता महादुर्गा भगवती सतबहिनी को मत्था टेककर सबों ने प्रस्थान किया। इस दौरान सबसे आगे दोपहिया वाहनों का रैला, उसके बाद तीन पहिया व चार पहिया वाहनों की कई किमी लंबी कतार चल रही थी। सबलोग कतारबद्ध होकर श्री बजरंगबली मंदिर के सामने बुढ़ी खांड़ पावन सलिला कोयल व बायीं बांक्री नदी के संगम पर पहुंचे। वहां पवित्र जलधारा के निकट वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वरुण देवता व गंगा पूजन के बाद सबसे पहले मुख्य यजमान कृष्णा शर्मा व धर्मपत्नी सुशीला देवी, हरिदास, सागर दास, मंजू देवी व किरण देवी ने प्रधान कलशों में जल भरा। तत्पश्चात सभी कलश यात्रियों ने अपने अपने कलशों में अभिमंत्रित जल भर वापस आकर यज्ञ मंडप में कलश स्थापित किया। इसी जल से यज्ञशाला में 33कोटि आवाहित देवशक्तियों की पूजा अर्चना की जाएगी। कलश स्थापना के बाद सभी कलशयात्रियों ने यज्ञ मंडप की पांच बार परिक्रमा की। महायज्ञ के अध्यक्ष महामंडलेश्वर जी महाराज की कुटिया प्रांगण में सभी कलशयात्रियों के बीच प्रसाद के रुप में अल्पाहार का वितरण किया गया।

### 18 करोड़ की लागत से गढ़वा के 8 जर्जर सड़कों का होगा कायाकल्प

# कोई कार्य नहीं रहेगा अधूरा, जनता का हर सपना होगा पूरा : मिथिलेश

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
गढ़वा की आठ और जर्जर सड़कों का कायाकल्प होगा। इनका विशेष मरम्मति कार्य कराया जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के रंका प्रखंड में चार, गढ़वा में तीन तथा रमकंडा प्रखंड में एक सड़क का मरम्मति कार्य कराया जाएगा। लगभग 26 किमी सड़क की मरम्मति के लिए 17 करोड़, 82 लाख, 27 हजार, 800 रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि ग्राम विकास कार्यक्रम के तहत रमकंडा प्रखंड में तिलैयाटांड़ से पाट सीमाना तक लगभग नौ किमी सड़क का पांच करोड़, 31 लाख,



58 हजार, दो सौ रुपए की लागत से विशेष मरम्मत कार्य कराया जाएगा। साथ ही रंका प्रखंड में रंका मुख्य पथ पुराना अस्पताल रोड से सोनार मोहल्ला, बर मोहल्ला होते हुए दर्जी मोहल्ला डब्लू लाला के घर तक, गोदरमाना-भंडरिया राजमार्ग से बाजार होते हुए पीडब्ल्यूडी बंगला तक, एनएच 343 से भौंरी बस्ती होते हुए आंगनबाड़ी केंद्र तक, रंका भुईयां टोला निरंजन राम के घर से बांध होते हुए मेन रोड हामिद अंसारी के घर तक, गढ़वा प्रखंड में एनएच 343 नारायणपुर अचला मोड़ से ग्राम अचला तक, सुखबाना गेट न. 6 से गुर्दी गोरा नदी तक तथा कल्याणपुर हाई स्कूल से बलही डैम कोटवारी हेलीपैड रोड तक सड़क का विशेष मरम्मति कार्य शामिल है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि उक्त सभी सड़कों की स्थिति काफी जर्जर हो गई थी। आवागमन मुश्किल हो गया था। बरसात के मौसम में सड़क की स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी। इस क्षेत्र के लोग लंबे समय से इन सड़कों के मरम्मति की मांग कर रहे थे। प्राथमिकता के आधार पर इन सड़कों की मरम्मति करायी जा रही है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि एक-एक कर क्षेत्र की हर समस्याओं का निदान किया जा रहा है। गढ़वा में अब कोई भी कार्य अधूरा नहीं रहेगा। गढ़वावासियों का हर सपना पूरा होगा। इसके लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। मंत्री ने कहा कि तीन वर्ष पूर्व हर क्षेत्र में गढ़वा की स्थिति काफी बदतर थी। पूर्व के जनप्रतिनिधि ने सिर्फ जुमलेबाजी कर 10 वर्षों तक जनता के बेवकूफ बनाया। परंतु विगत तीन वर्षों में गढ़वा की स्थिति काफी बदल गई है। पहले गढ़वा सबसे पिछड़े जिले के श्रेणी में खड़ा था। अब यह विकसित जिलों की श्रेणी में पहुंच गया है। आने वाले समय में यह हर क्षेत्र में सबसे विकसित जिला बनेगा। गढ़वा की जनता ने जिस उम्मीद और विश्वास के साथ मुझे क्षेत्र का सेवा करने का मौका दिया है मैं उनकी उम्मीदों पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास कर रहा हूं। जनता का आशीर्वाद इसी तरह मिलता रहा तो, एक-एक कर गढ़वा की सारी समस्याएं दूर होंगी एवं गढ़वावासियों का विकास का हर सपना पूरा होगा।

### अनियंत्रित होकर होटल में घुसा 'थार'

# एक की मौत, महिला समेत तीन अन्य घायल

### गाड़ी होटल से निकलते हुए तीन बार पलटी




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
जिले में तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को भी कुछ ऐसा ही हुआ। गढ़वा-शाहपुर रोड में गढ़वा थाना क्षेत्र के तिलदाग मोड़ के समीप तेज रफ्तार थार गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झोपड़ीनुमा होटल में घुस गई। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई। जबकि होटल संचालक महिला समेत तीन लोग लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। मृतक बलवंत कुमार कुशवाहा 22 वर्ष पिता स्व. नंदु मेहता नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत गढ़वा थाना क्षेत्र के टंडवा का रहनेवाला था। वह रिलायंस मार्ट में डिलेवरी ब्वाय का काम करता था। जबकि घायलों में होटल संचालक तिलदाग गांव निवासी विश्वनाथ चंद्रवंशी पिता स्व. केश्वर राम व उसकी पत्नी इंद्रावती देवी तथा गढ़वा थाना क्षेत्र के बनपुरवा गांव निवासी अखिलेश दूबे पिता राम परीक्षित दूबे शामिल हैं। इन तीनों घायलों का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मेदिनीनगर की ओर जा रहे रंका राज की थार गाड़ी संख्या जेएच 03 एइ 0264 ने तिलदाग मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर विश्वनाथ चंद्रवंशी के होटल में घुस गई। इस घटना में होटल में बैठे बलवंत कुमार कुशवाहा, अखिलेश दूबे के साथ ही होटल संचालक विश्वनाथ चंद्रवंशी व उसकी पत्नी इंद्रावती देवी को चपेट में लेते हुए थार गाड़ी होटल के बाहर क्यारी में जाकर पलट गई। बताया गया कि गाड़ी होटल से निकलते हुए तीन बार पलटी। तब वहां रिलायंस मार्ट का डिलेवरी ब्वाय बलवंत कुमार कुशवाहा अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर होटल में चाय पी रहा था। जबकि होटल में अखिलेश दूबे भी नास्ता कर रहे थे। इस घटना में बलवंत कुमार कुशवाहा की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद समाजसेवी अरुण दूबे ने तीनों घायलों को उठाकर सदर अस्पताल भेजवाया। इधर, बलवंत कुमार कुशवाहा की मौत की सूचना पर पहुंची उसकी मां के करुण क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया। पिता की मौत के बाद बलवंत कुमार कुशवाहा की अपनी मां का एकमात्र सहारा था। गढ़वा थाना पुलिस ने उसके शव को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सौंप दिया।

### प्रधानाध्यापक पर लगाये गये आरोप निराधार, जांच में हुई पुष्टि

# विद्यालय विकास अवरूद्ध है, रंग रोगन नहीं किया गया : बीआरपी

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
केतार प्रखंड के मध्य विद्यालय आमवाडीह में सोमवार को बीईओ के निर्देश पर बीआरपी श्याम किशोर सिंह संतोष रजक और सीआरपी राकेश चौबे ने ग्रामीणों द्वारा प्रधानाध्यापक पर लगयें गये आरोपों की गहनता से जांच की। जांच में ग्रामीण और प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राम के द्वारा प्रधानमंत्री पर लगाये गये आरोप निराधार साबित हुई। विद्यालय जांच के पश्चात बीआरपी श्याम किशोर सिंह ने बताया की विद्यालय विकास अवरूद्ध है, रंग रोगन नहीं किया गया है इस मामले में प्रधानाध्यापक ने अध्यक्ष से तीन बार स्पष्टीकरण की मांग किया था लेकिन अध्यक्ष द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया की विद्यालय मे प्रबंधन समिति की बैठक



प्रधानाध्यापक द्वारा प्रति माह आयोजन किया जाता है लेकिन एक भी सदस्य बैठक में शामिल नहीं होते हैं। वही विद्यालय के छात्र मनोज कुमार और खुशबू कुमारी ने बताया की प्रतिपूर्ति की राशि का वितरण हमलोग को नहीं किया गया है, अध्यक्ष राम शकल यादव प्रतिपूर्ति राशी रख लिये है। विद्यालय के अध्यनरत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन मेनू के अनुसार नहीं मिलता है, अनुश्रवण के दौरान सीआरपी राकेश चौबे को अध्यक्ष और संयोजिका द्वारा बताया गया कि सरकारी कार्य ऐसे ही चलता है। सीआरपी राकेश कुमार चौबे और बीआरपी संतोष रजक ने बताया की गांव के ग्रामीण द्वारा विद्यालय की भूमि अतिक्रमण किया जा रहा है जिसको लेकर प्रधानाध्यापक अखिलेश मिश्र ने सीओ से भूमि की मापी कराया था। जिसको लेकर कुछ ग्रामीण और प्रबंधन समिति के अध्यक्ष द्वारा इन पर आरोप लगाया गया था, जांच में सभी आरोप निराधार साबित हुआ।

### गढ़वा के लिए वरदान साबित हो रहा सिपाका का आईसीयू सेवा

# 6 महीने में 600 रोगियों का हुआ इलाज : डॉ. निशांत

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
शहर के चिनिया रोड स्थित परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में सीपाका की ओर से संचालित आईसीयू सेवा गढ़वा के लिए वरदान साबित हो रहा है उक्त बातें सोमवार को परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में आयोजित प्रेस वार्ता में परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के निदेशक डॉ कुमार निशांत सिंह ने कहा। उन्होंने कहा कि सिपाका की ओर से पिछले 6 महीने से परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में दिया जा रहा है। सिपाका के बेहतरीन चिकित्सा व्यवस्था का नतीजा रहा की 6 महीने की अवधि में 600 रोगियों को बचाने में सफल रहा है आज सिपाका के 10 राज्यों में आईसीयू की संचालन किया जा रहा है जिसके तहत करीब डेढ़ लाख से अधिक लोगों की जान बचाई गई है उन्होंने कहा कि सिफाका के प्रशिक्षित आईसीयू डॉक्टरों नर्सों और सहायक कर्मियों की टीम ने 98 प्रतिशत आईसीयू




सर्वाइवल रेट हासिल कर अकाल्पनिक काम करने में सक्षम रहा है। चेन्नई के इंटेंसिवस्टो की टीम जटिल मामले जैसे स्ट्रोक हमरेज, हेड इंजरी, चिंता न्यूरोसिस, एक्यूट सीजर, मेटाबोलिक एन्सेफेलोपैथी, अनियंत्रित उच्च रक्तचाप, एम आई, कार्डियक अरेस्ट, पलमोनरी एडिमा, टीवी, डिस्पेनिया, सीओपीडी का प्रबंधन करने में सक्षम रहा है। उन्होंने कहा कि सिपाका की ओर से 600 रोगियों में से 22 वेंटीलेटर सपोर्ट पर थे 131 ऑक्सीजन सपोर्ट पर थे और पोस्ट ऑपरेटिव जटिलताओं का भी कुछ रोगियों को सामना किया। उन्होंने कहा कि 2015 में ही अपनी यात्रा की शुरूआत की थी और तब से मैंने केवल एक ही सपना देखा था। उन्होंने कहा कि 6 महीने में 600 रोगियों का हमने इलाज किया। उनमें 85% से अधिक का रिकॉर्ड तोड़ दोगी संतुष्ट होकर अपने घर गए। डॉक्टर जेपी सिंह ने कहा कि गढ़वा में आईसीयू नर्सों की एक समर्पित टीम की तलाश थी पहले भी हम लोगआईसीयू संचालित कर रहे थे लेकिन सिपाका के आने के बाद से 24 घंटे सेवा देने में सफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि परमेश्वरी मेडिकल सेंटर में सिपाका एएमयू होने के बाद यहां के लोगों को काफी सहूलियत मिलती थी पहले गढ़वा से उन्हें रांची जाना पड़ता था वहां तक पहुंचने में 5 घंटे से अधिक का समय लगता था जो देखरेख नहीं होने के कारण और सामाजिक मृत्यु हो जाती थी। प्रेस वार्ता में सिपाका के कोऑर्डिनेटर डॉक्टर नीरज मंगला, डॉ हेमंत सहित अन्य लोग शामिल थे।

### लापरवाही | भवनाथपुर प्रखंड में 66 आंगनबाड़ी केंद्रों का पड़ताल

# पथलकुधवा आंगनबाड़ी केंद्र से गायब थी सेविका

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
एक तरफ सरकार के द्वारा नवनिहालो को पढ़ाई से लेकर भोजन तक प्रयाप्त मात्रा में 30 व 40 बन्चो को नामित सभी समान दिए जा रहे है तो आये दिन जांच में कभी भी आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों कई पूर्ण उपस्थिति नही दिखती बावजूद सभी केंद्रों को वस्था सरकार की ओर से दी जा रही है। अभी सर्द मोशम बीतने के समय केंद्र में बच्चों को स्वेटर भेजा जा रहा है। भवनाथपुर प्रखंड में कुल 66 आंगनबाड़ी केंद्र जब सोमवार को पड़ताल किया गया तो मकरी पंचायत के पथलकुधवा आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचा तो पाया कि



सेविका रेखा देवी नही थी सिर्फ 5 बच्चे केंद्र में उपस्थित थे जो कि खेल रहे थे सहायिका बिना देवी ने बताया कि सेविका कभी कभी आती है पिछले सात माह से बच्चों को अल्पहार नही दिया जा रहा है मैडम नही आती है तो बच्चों को हाजरी नही बन पाता है।

मकरी पंचायत के बरवाबन्ध आंगनबाड़ी केंद्र में सिर्फ 10 बच्चे ही उपस्थित थे बच्चों को अल्पहार नही दिया गया था वहीं बच्चों का हाजरी भी नही बना था पूछे जाने पर सेविका ने बताया कि जाने के समय बच्चों का हाजरी बनाएंगे। पंडरिया पंचायत के नवही नावडीहवा आंगनबाड़ी केंद्र पोषण क्षेत्र से दो किलोमीटर दूर परसाडीह में चलता है जिसके कारण पोषन क्षेत्र के बच्चे वहां नही पढ़ते हैं आस-पास के ग्रामीणों ने बताया कि सेविका रेखा कुंवर कभी-कभी ही केंद्र में आती है सहायिका सबरुन बीबी ने बताया कि केंद्र में दो दिनों से गैस खत्म है बच्चों को खिचड़ी नही मिल रहा है अल्पहार दिया गया है। सेविका के नही होने के वजह से बच्चों का हाजरी नही बना है। पंडरिया आंगनबाड़ी केंद्र में 12 बच्चे उपस्थित थे सहायिका को नही आने से बच्चों को अल्पहार एवं भोजन नही दिया गया था।

इससे आकलन किया जा सकता है कि और केन्द्रों की स्थिति केया होगी। परन्तु सरकार के द्वारा तो पर केंद्रों पर सामानों की पूर्ति 30 व 40 बन्चो के लिए किया जा रहा है। तो कहीं न कहीं नवनिहालो के हक पर बिचौलिया गिरी में बंदर बांट कीया जा रहा है इस बावत पूछे जाने पर पर्यवेक्षिका सुचिन्ता देवी ने बताया कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है जांच के बाद ही कुछ कह पाएंगे वही रिंकी कुमारी ने बताया कि मै अभी सभी केंद्रों में सोयेटर बाटने में व्यस्त हैं मुझे इसकी जानकारी नहीं है।

### क्या कहते हैं बीडीओ

इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ सह सीडीपीओ जयपाल महतो ने कहा कि जांच जो भी दोषी होने कारवाई करेंगे।

# मुखिया ने परिधान व किट का किया वितरण

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
मुखिया धनवंती देवी ने सोमवार को अपने पंचायत के 2 शैक्षणिक संस्थानों में ड्रेस किट और गर्म कपड़ा का वितरण किया। इस दौरान उनके द्वारा सबसे पहले डंडई के दक्षिण हरिजन टोला आंगनबाड़ी केंद्र में अध्ययनरत बच्चों के बीच गर्म कपड़ा का वितरण किया गया। उसके बाद मध्य विद्यालय बैरिया दामर में भी मुखिया के द्वारा छात्र छात्राओं के बीच किट व ड्रेस का वितरण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में सेविका सहायिका के साथ-साथ सुपरवाइजर पुष्पा कुमारी की उपस्थिति में नौनिहाल बच्चों के बीच गर्म कपड़ा का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया ने आंगनबाड़ी केंद्र में विलंब से गर्म कपड़ा वितरण होने की विस्तृत जानकारी सुपर वाइजर से ली। उनके सवालों का एक भी जवाब सुपर वाइजर के द्वारा नहीं दिया गया। उसके बाद उन्होंने केंद्र की सेविका और सहायिका से भी उस बारे में जानकारी हासिल की, लेकिन किसी के द्वारा उन्हें सकारात्मक जवाब नहीं दिया गया। उक्त लोगों को फटकार लगाते हुए मुखिया ने कहा कि केंद्र में जो भी सरकार की ओर से सामग्री उपलब्ध करायी जा रहा है उसे समय सीमा के अंदर बच्चों के बीच वितरण करना सुनिश्चित करें। वहीं, मुखिया ने सेविका व सहायिका को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी तरह की सामग्री वितरण होने में देर हुई तो उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए सीधे उपायुक्त के पास पत्राचार किया जाएगा।

### 13 को मुख्यमंत्री पहुंचने वाले हैं चतरा, आमगन को लेकर डीसी ने लिया जायजा

# सभी तैयारियां जल्द से जल्द पूर्ण करें : उपायुक्त



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
13 फरवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के चतरा आगमन को लेकर उपायुक्त अबु इमरान ने पुलिस लाइन स्थित हेलीपेड स्थल, आगमन सड़क मार्ग, कार्यक्रम स्थल, व जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने मौके पर मौजूद सभी संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने मौके पर सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया की सभी तैयारी जल्द से जल्द पूर्ण करें, अन्यथा लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों व कर्मियों को बख्शा नहीं जाएगा। मौके पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, एसडीओ चतरा मुमताज अंसारी, एसडीपीओ अविनास कुमार समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

## डीडीसी ने सभी संबंधित पदाधिकारी के साथ की बैठक

**चतरा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के 13 फरवरी को आगमन को लेकर उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में डीआरडीए स्थित सभा कक्ष में जिला योजना विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं व जिले में संचालित कई विकास योजनाओं कि स्मीक्षतमक बैठक की गई।बैठक में मुख्य रूप से विभागवार संचालित प्री-मैट्रिक छात्रवृति, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि, मुख्यमंत्री पशुधन विकास, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा कर योग्य लाभुकों को लाभान्वित करने व शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उप विकास आयुक्त ने पशुपालन विभाग के धीमी कार्यशैली को देख नाराजगी जताते हुए कहा की मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का ससमय लक्ष्य पूर्ण करें। साथ ही पशुओं के टीकाकरण कार्य में गति लाने अभियान मोड में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कर योग्य लाभुकों को जागरूक करते हुए योजना मद में प्राप्त राशि का पूर्ण रूप से सदुपयोग करने का निर्देश दिया।बैठक में मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुमार, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, एसडीओ चतरा मुमताज अंसारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## चलंत लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन, लोगों को मिली कानून की जानकारी




**लातेहार।** व्यावहार न्यायालय, लातेहार के प्रांगण से झालसा, रांची द्वारा भेजे गये चलंत लोक अदालत -सह- विधिक जागरूकता वाहन को चंदवा ब्लॉक रवाना किया गया । विदित हो कि झालसा, रांची द्वारा भेजे गये चलंत लोक अदालत -सह- विधिक जागरूकता वाहन को लातेहार जिला के सभी प्रखंडों में चलाया जाना है। विजय कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदवा के साथ स्थाई लोक अदालत के सदस्य डॉ मुरारी झा, असिस्टेंट एलएडीसीएस लातेहार दीपक कुमार मिश्रा के द्वारा चंदवा ब्लॉक परिसर में उपस्थित लोगों को कानून की जानकारी दी । इस चलंत वाहन से मिले ज्ञान को लेकर लोगों में काफी उत्सुकता देखी गई । इस अवसर पर आदित्य कुमार सहायक डीएलएसए लातेहार, पीएलवी दीपक कुमार, रणधीर यादव ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधीत किया और प्राधिकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पम्पलेट आदि का वितरण किया गया।

## आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिला प्रशिक्षण



**गिद्धौर।** सोमवार को गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में आंगनवाड़ी सेविकाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण वृद्धि निगरानी व प्रोत्साहन को लेकर दिया गया। प्रशिक्षण में महिला प्रवेक्षिका उर्मिला देवी व न्यूट्रीशन अंजुम प्रवीण ने उपस्थित आंगनवाड़ी सेविकाओं को केंद्र में अधयन्नरत बच्चे व जन्म से 5 वर्ष तक के बच्चे का वजन व लम्बाई का सही तरीके से सर्वे करने से संबंधित विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही कुपोषित बच्चों को चिन्हित करके कुपोषण उपचार केंद्र चतरा में भर्ती कराने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण में आंगनवाड़ी सेविका सुनैना देवी, प्रभा सिन्हा, उषा देवी, मीणा देवी आदि सेविकाएं उपस्थित थीं।

# प्रत्याशियों को मिला चुनाव चिह्न, दो ने लिया नाम वापस, चार मैदान में



**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा**
पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत नावाडीह डमोल पैक्स अध्यक्ष चुनाव के लिए नामांकन व चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी श्याम सुंदर राम के उपस्थित में सोमवार को पूरी की गई। पूर्व निधारींत कार्यक्रम के अनुसार नामांकन के उपरांत अध्यक्ष पद हेतु नामांकन करने वाले छः अभ्यर्थियों में से भेखलाल दांगी व रविशंकर वर्मा ने अपने स्वेच्छा से नामांकन वापस लिया। दोनों के नाम वापसी का निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा स्वीकार करते हुवे शेष चार अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आर्वटित किया गया। जिसमें कामदेव दांगी को टेलीफोन छाप, दिनेश्वर दांगी को दीवाल घड़ी, प्रमोद कुमार दांगी को पंखा व शंकर दांगी को तलवार ढाल चुनाव चिन्ह आर्वटित किया गया। बीसीओ श्री राम ने बताया कि आगामी 17 फरवरी को नावाडीह डमोल स्थित पैक्स कार्यालय चैथा में चुनाव प्रक्रिया पूरी की जायेगी।

## मनिका में पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार

**मनिका।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवैया पंचायत के अलबेलवा गांव पति द्वारा अपनी पत्नी को पीट-पीट कर अधमरा करने का मामला प्रकाश में आया है । इस बावत पीड़िता सुनिता देवी के पिता बंदुआ गांव निवासी रमेश यादव ने बताया की उसकी बेटी की शादी बीते वर्ष बरवैया कला के अलबेलवा टोला मे बचन यादव के बेटा मुकेश यादव के साथ शादी हुई थी। शादी के बाद से ही उसकी बेटी को ससुराल में प्रताड़ित किया जाता रहा । पिछले दिन उसके बेटी के साथ उसका पति सास ससुर व भैसुर बाबूलाल यादव ने जमकर लात घूसों से पिटाई कर दिया । इस कारण उसकी बेटी गंभीर रूप से चोटिल हो गई। मनिका थाना में पीड़िता ने अपने पति व सास ससुर भैसुर के खिलाफ मनिका थाना मे एफआईआर दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है।

# संत शिरोमणि के विसर्जन जुलूस में उमड़े श्रद्धालु



**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**
प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिमा विसर्जन के साथ रविदास जयंती हुआ संपन्न। नम आंखों से संत रविदास को दी गई विदाई तालाबों और नदियों में किया गया संत रविदास की प्रतिमा का विसर्जन। प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों के बने पंडालों में खूब उमंग देखने को मिली एवं रात्रि में किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम यह रविवार को नजर आया। दिन रविवार को संत रविदास की पूजा पूरे विधि विधान से की गई। संत रविदास को पुष्पांजलि देने में काफी संख्या में श्रद्धालु पूजा पंडाल में पहुंचे। सोमवार को दोपहर के बाद मनिका प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिमा विसर्जन का कार्य शुरू हुआ।

## पंचायत प्रतिनिधियों ने की श्रम मंत्री से मुलाकात



**टंडवा।** सोमवार को टंडवा प्रखंड के जिप सदस्य सह बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव के नेतृत्व में पंचायत प्रतिनिधियों ने राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता से उनके रांची स्थित आवास पर मुलाकात की। जिप सदस्य के साथ राहम मुखिया विश्वजीत उरांव और उप मुखिया मोहन उरांव ने श्रम मंत्री श्री भोगता से मुलाकात कर एनटीपीसी और सीसीएल कोल प्रियोजना की समस्यों से अवगत कराया।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**लातेहार।** लातेहार जिले के महुआडांड़ थाना क्षेत्र के महुआडांड़ लोध फॉल मुख्य पथ में रविवार शाम को हामी मोड़ के समीप बस और बाइक की सीधी टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच घायल को इलाज हेतु अस्पताल भेजा वही शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए लातेहार भेज दिया। मिली जानकारी अनुसार लोध फॉल से टूरिस्ट बस महुआडांड़ लौट रही थी। महुआडांड़ से बाइक में सवार हो तीन युवक उरुम्बी गांव लौट रहे थे। इसी दौरान हामी मोड़ के समीप बस और बाइक की सीधी टक्कर हो गई। जिसमें आशिफ कुजूर (35) पिता निकोदिप कुजूर उरुंबी थाना महुआडांड़, उदय कुमार (33) जवाहरनगर कुसमी (छग) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पात्रिक बेक (30) पिता सूबेदार बेक गंभीर रूप से घायल हो गया।

# दो एकड़ में लगे अफीम की खेती को किया नष्ट



**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**
**टंडवा।** सोमवार को टंडवा थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र हुम्बी व गोड़वार के सीमावर्ती जंगलों में पुलिस व वन विभाग ने अवैध अफीम खेती उन्मूलन को लेकर संयुक्त अभियान चलाया। इस दौरान लगभग दो एकड़ में लहलहाते अफीम की फसल को नष्ट कर दिया गया। कार्रवाई की भनक लगते हीं तस्करों में हड़कंप मच गया है। जानकारी देते हुए रेंजर मुक्ति प्रकाश पन्ना ने बताया कि उन्हें मिली गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। वहीं इंस्पेक्टर विजय सिंह ने कहा कि अवैध खेती करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है उनके विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी। अभियान में वनरक्षी सुनील उरांव, राकेश कुमार सिंह, मुरारी प्रजापति, लड्डू कुमार, समेत स्थानीय थाना के जवान शामिल थे।

# डीवीसी ने किया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के सौजन्य से लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल, चौपारण, हजारीबाग के तत्वावधान में सोमवार को परियोजना क्षेत्र के धोबियाझारण ग्राम में निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद शिविर का आयोजन किया गया। इसका उदघाटन डीही पंचायत की मुखिया प्रमिला देवी, संदीप उरांव, मुख्य अभियंता (माइनिंग) जगेश कुमार मांडिया, खान अभिकर्ता मिथिलेश कुमार, खान प्रबंधक मनीष कुमार, डीवीसी के उप निदेशक (एचआर) रवि प्रकाश तिवारी, एमओआइसी डा अलका जे लकडा एवं एमओ डा अरविंद कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया प्रमिला देवी ने डीवीसी के इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय ग्रामीणों को काफी लाभ होगा। उन्होने ग्रामीणों से शिविर में आ कर अपने आंखों की जांच कराने की अपील की और कहा कि आंखों के रोगों को गंभीरता से लेनी चाहिए। मुख्य अभियंता (माइनिंग) जगेश कुमार मांडिया ने कहा कि डीवीसी अपने सामाजिक दायित्वों के निवर्हन लगातार व बेहतर ढंग से करता रहा है। परियोजना क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य, शिक्षा व अन्य मूलभूत सुविधायें मुहैया कराने के लिए डीवीसी कृतसंक्ल्प है। एचआर, उप निदेशक श्री तिवारी ने बताया कि शिविर में कुल 147 ग्रामीणों की नेत्र जांच की गयी। इनमें से 21 रोगियों का चयन मोतियाबिंद आपरेशन के लिए किया गया है। इन रोगियों को सुरक्षित बस से लोक नायक जय प्रकाश आंख अस्पताल, चौपारण भेज दिया गया है।

## बालूमाथ में विवाहिता की संदेहास्पद मौत जांच में जुटी पुलिस



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित गोविंद नगर मोहल्ले में विवाहिता संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। उक्त विवाहिता गोविंद नगर मोहल्ला निवासी कन्हाई साव की 20 वर्षीय पत्नी प्रिया कुमारी है। जिसे आनन-फानन में मृतका के परिजनों द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर चिकित्सक सुरेंद्र कुमार ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। वही मृतिका के मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए ससुराल वालों के विरुद्ध लिखित शिकायत कि है और कहा है कि विवाहिता को ससुराल वाले दहेज कि मांग को लेकर प्रताड़ित किया करते थे। मिली जानकारी के अनुसार विवाहिता का शादी वर्ष 2021 में कन्हाई साव के साथ हुई थी। फिलहाल यह मामला हत्या या आत्महत्या का है पुलिस इसकी जांच पड़ताल में जुट गई है। वही पुलिस के अनुसार मृतिका के अंत परीक्षण रिपोर्ट आने के पश्चात हत्या या आत्महत्या मामला स्पष्ट हो पाएगा।


**जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पलामू**
**(डी०आर०डी०ए०)**

**वाक इन इंटरव्यू**

विभागीय पत्रांक–1655/ग्रा0वि0 दिनांक–29.04.22 के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत ग्रामीण स्तर पर अर्द्धकुशल राजमिस्त्रीयों को प्रशिक्षण कराने का लक्ष्य प्राप्त है।

प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण अंतर्गत ग्रामीण स्तर पर अर्द्धकुशल राजमिस्त्रीयों को CSDCI (Construction Skill Development Council of India) में पंजीकृत प्रशिक्षण प्रदाता संस्था/कंपनी एक्ट में पंजीकृत संस्था/Firm के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाना है।

उक्त के क्रम में प्रशिक्षण प्रदाता (Training Provider) संस्था/एजेंसी के चयन हेतु दिनांक–14.02.2023. को 03:00 अपराह्न बजे जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, पलामू में वाक् इन इंटरव्यू आहूत की गयी है। इच्छुक CSDCI पंजीकृत संस्था/एजेंसी/Firm इस वाक्–इन–इंटरव्यू में भाग ले सकते है। प्रशिक्षण प्रदाता (Training Provider) संस्था/एजेंसी के लिए आवश्यक अहर्ता का विस्तार पूर्वक विवरण जिला के Official website.www.palamu.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

विश्वासभाजन
PR 289435 District(22-23)#D — उप विकास आयुक्त, पलामू


## पहली पुण्यतिथि — बरवाडीह में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

# 'स्वर कोकिला' लता मंगेशकर को किया याद



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड मुख्यालय के रेलवे क्लब सामुदायिक भवन में रेलवे क्लब महिला समिति के द्वारा स्वर कोकिला लता मंगेशकर की पहली पुण्यतिथि के मौके पर श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धाजंलि सभा कार्यक्रम के दौरान जिप सदस्य संतोषी शेखर के साथ रेलवे क्लब महिला समिति के सदस्यों व पदाधिकारी शामिल होकर लता मंगेशकर के तस्वीर पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। उपस्थित सदस्यो द्वारा स्वर कोकिला लता मंगेशकर तस्वीर के समक्ष कैंडल जलाकर भी श्रद्धा सुमन भी अर्पित किया गया। श्रीमती शेखर ने कहा कि आज के दिन ही लता मंगेशकर निधन हो गया था उन्होंने 92 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहा था पर आज भले ही लता दीदी को गुजरे एक साल हो गया हो लेकिन उनकी यादें आज भी उनके चाहनेवालों के दिलों में ताजा हैं और वह सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत के रूप में भी पूरे विश्व में विख्यात है। इस दौरान महिला समिति के कई सदस्यों के द्वारा लता मंगेशकर के सम्मान में उनके कई मशहूर गीतों को गाकर उन्हें याद करने का काम किया गया। मौके पर रेलवे क्लब महिला समिति के अध्यक्ष रेखा पाठक, उपाध्यक्ष सुधा दुबे, 20 सूत्री सदस्य सुनीता पाल, नेहा रमन, सीमा गुप्ता, पूजा कुमारी, वंदना कुमारी, नैना कुमारी, रेशमा मेहता, आरती ठाकुर समेत काफी संख्या में रेलवे तलब महिला समिति के सदस्य और पदाधिकारी शामिल थे।


**Government of Jharkhand, Urban Development Department**
**Medininagar Municipal Corporation**

e-Procurment Very Short Tender Notice (2nd Call)

| S.l. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion Of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/94/2022-23 | Construction of Strengthening for old Black topped station road in ward no. 23 Under Medininagar Municipal Corporation. | 6552800 | 131100 | 10000 | 8 माह |

**Part – B**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender On Website | 06/02/2023 AT 10:00 AM |
| 2 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In |
| 3 | Date Start Of Submission Of Bids | 06/02/2023 AT 10:00 AM |
| 4 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 20/02/2023 AT 02:00 PM |
| 5 | Date Of Bid Opening | 21/02/2023 AT 02:00 PM |
| 6 | Last Date/Time Of Submission At Office Cost of BOQ, Earnest Money And Tender Document | 21/02/2023 12.00 PM to 01:00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9431105183 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9304883244 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/– नगर आयुक्त,
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 289380 District (22-23)_D

## NEWS इन ब्रीफ

जनता दरबार का आयोजन

### उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्या



**सिमडेगा।** उपायुक्त आर. रॉनीटा ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं से अवगत हुई। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में मुख्यत: जमीन विवाद संबंधी, चिकित्सक सहायता दिलाने, राशन कार्ड में नाम जुड़वाने, कैंसर बीमारी के इलाज हेतु आर्थिक सहायता दिलाने एवं विद्युत विभाग से संबंधित आवेदन आए।

### योजना बनाओ अभियान के अंतर्गत जीपीडीपी की बैठक

**भंडरा/लोहरदगा।** प्रखंड के भौरों पंचायत सचिवालय में सोमवार को योजना बनाओ अभियान के अंतर्गत जीपीडीपी का बैठक भौरों पंचायत मुखिया सुमंती तिग्गा एवं पंचायत समिति सदस्य वीणा देवी की उपस्थिति में बैठक किया गया। इस दौरान जीपीडीपी के बारे में जानकारी दिया गया। बैठक में विभिन्न योजनाओं को बताया गया। यह योजना बनाओ अभियान फरवरी माह के अंत तक पूर्ण करना है। बैठक में पंचायत सचिव रउफ अंसारी, जेई रविशंकर भगत एवं सभी वार्ड सदस्य, सभी मेठ व ग्रामीण उपस्थित थे।

### स्थाई वारंटी गिरफ्तार भेजा गया जेल

**सेन्हा।** जिला के सेन्हा थाना अंतर्गत सरेंगहातु तोड़ार निवासी परमेश्वर साहू के 26 वर्षीय पूत्र किशोर साहू को सेन्हा थाना पुलिस ने अभियुक्त के घर से सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जाता है कि आरोपी पर न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था जिस पर कार्रवाई करते हुए सेन्हा थाना पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि अभियुक्त पर सड़क दुर्घटना के मामले पर वारंट जारी किया गया था। न्यायालय से यह काफी लंबे समय से फरार चल रहा था। सोमवार को गुप्त सूचना मिला की अपने निवास स्थान सरेंगहातु तोड़ार घर में आया हुआ है जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रिम्स रेफर

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के पतराटोली स्थित दूध डेयरी के समीप दोपहर में वाहन दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। वाहन दुर्घटना में करीब 25 वर्षीय युवक जो मुंह से बोल नहीं पाता है घायल हो गया। उसे अज्ञात वाहन धक्का देकर भाग गया। जिससे उनके माथा में चोट लगी है और स्थानीय लोगों ने शमशुल अंसारी की मदद से सदर हॉस्पिटल लोहरदगा भेजने का काम किया। जहां से सदर हॉस्पिटल में इलाज कराने के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया है। उसे 108 एंबुलेंस के द्वारा रांची रिम्स भेज दिया गया है।

### विद्या मंदिर स्कूल में संत रविदास जयंती आयोजित

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, लोहरदगा के सभागार में मंगलवार को संत रविदास जी की जयंती का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं वरिष्ठ आचार्यों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। विषय प्रवेश विद्यालय के आचार्य विष्णु दत्त पांडेय ने किया। इस मौके पर विद्यालय के भैया बहनों ने अपना गीत, भजन, भाषण, और कविता प्रस्तुत किया। प्रतिभागी भैया बहनों में कक्षा षष्ठ की आयुषी कुमारी, यश कुमार सोनी, सृष्टि कुमारी, निधि शर्मा, पूजा कुमारी, पीहू कुमारी, सप्तम कक्षा से तन्मय गौतम, मृत्युंजय विश्वकर्मा, तेजस प्रतीक भगत, अष्टम कक्षा से अपूर्व कुमार उपाध्याय, पीयूष कुमार सोनी एवं नवम कक्षा से बहन नुसरत जहां और गुण पांडेय ने अपनी प्रशंसनीय प्रस्तुति दी।

# सदर अस्पताल से गर्भवती इलाज के दौरान हुई गायब, हड़कंप

### सीएस ने कराया सनहा दर्ज







**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल सदर अस्पताल में इलाज के लिए आई गर्भवती महिला बिना डिस्चार्ज स्लिप के अपने वार्ड से गायब पाई गई। खोजबीन करने के बाद सिविल सर्जन ने एसडीओ को सूचना देते हुए सदर थाना पहुंच पूरे मामले पर अग्रतर कार्रवाई करने के लिए सनहा दर्ज कराया। सदर अस्पताल से लगातार मरीजों को इलाज के दौरान निजी अस्पताल के एजेंटो द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने का मामला प्रकाश में आ रहा है सदर अस्पताल में सहिया और कुछ एजेंटों के द्वारा कुछ पैसे के लालच में मरीज को सदर अस्पताल से निजी अस्पताल में भर्ती करवा दिया जाता है जहां मरीजों का ऑपरेशन कर मोटी रकम वसूले जाते जिससे कुछ पैसे सहिया और उन दलालों को मिलते जो मरीज को सदर अस्पताल से निजी अस्पताल में भर्ती करवाते हैं। प्रसव के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती हुई एक महिला के लापता होने के बाद सदर अस्पताल में जमकर हंगामा हुआ। महिला के लापता होने को लेकर महिला के स्वजनों ने बवाल किया। जिसके बाद सदर अस्पताल में हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सिविल सर्जन डा. संजय कुमार सुबोध द्वारा मामले को लेकर एसडीओ को लिखित में सूचना देते हुए सदर थाने में महिला के लापता होने से संबंधित सनहा दर्ज कराया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में जुट गई है। सदर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव का कहना है कि सिविल सर्जन द्वारा मरीज के लापता होने का मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस हर एक बिंदु पर पड़ताल कर रही है बताया जाता है कि लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र के बारीडीह गांव की रहने वाली महिला कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के लिए भर्ती हुई थी। जिसके बाद उसे बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। महिला का ऑपरेशन होना था इसी बीच महिला अस्पताल से गायब हो गई। मामले की जानकारी जब महिला के स्वजनों को हुई तो उन्होंने सदर अस्पताल पहुंचकर जमकर बवाल किया। सूचना मिलने पर सिविल सर्जन डा. संजय कुमार सुबोध ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल सदर थाना पुलिस को सूचना दी। लोहरदगा सदर अस्पताल में आये दिन मरीज गायब होने की बात सामने आती हैं लेकिन इसपर ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण यह घटना हो रही है इस कार्य में सदर अस्पताल के ही सहिया और निजी अस्पताल के एजेंट लगे रहते हैं और मौका देख मरीज को निजी अस्पताल में भर्ती करवा दिया जाता है। पूरे मामले पर कही न कही सदर अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था बेलगाम साबित हो रही हैं जहां बिना डिस्चार्ज स्लिप और बिना परमिशन के मरीज को गायब कर दिया जाता है हालांकि पूरे मामले पर सिविल सर्जन ने प्राथमिकी दर्ज करते हैं दोषियों पर करवाई की मांग की है और सदर अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

नगर परिषद के अधीन शुरू हुए सिलाई सेंटर का डीसी ने किया उद्घाटन, कहा

# महिलाएं स्वावलंबी बनें, जिला प्रशासन हर संभव सहयोग देगा



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत कौशल विकास के क्षेत्र में वैसी शहरी गरीब महिला लाभुकों का जो सिलाई के क्षेत्र में रुचि रखते हैं, उनके प्रशिक्षण हेतु पालकोट रोड, गुमला में गुना नगर परिषद के अधीन कार्यरत एजेंसी अल्टीमेट एनर्जी रिसोर्स प्राइवेट लिमिटेड संस्थान का उद्घाटन उपायुक्त महोदय श्री सुशांत गौरव, नगर परिषद अध्यक्ष श्री दीप नारायण उरांव, कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार एवं वार्ड संख्या 21 की वार्ड पार्षद के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटते हुए तथा दीप प्रज्वलन कर किया गया। 360 घंटे के इस सिलाई प्रशिक्षण के उपरांत लाभुकों को रोजगार, स्वरोजगार, बैंक लोन आदि से जोड़ा जाएगा जिससे कि वे अपने आजीविका के क्षेत्र में आगे बढ़ सकेंगे। नगर मिशन प्रबंधक राहिल डुंगडुंग ने बताया कि इस केंद्र में 120 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाना है, जिसमें थ्योरी और प्रैक्टिकल दोनों प्रकार का प्रशिक्षण सम्मिलित है। उद्घाटन अवसर पर उपायुक्त ने महिला प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि नगर परिषद क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे जिले में वे महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रयासरत हैं, जिले की जो महिलाएं स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ना चाहती हैं जिला प्रशासन उनके लिए यथासंभव सहयोग प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर है। इस मौके पर नगर परिषद के कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में प्रशिक्षु महिलाओं की मौजूदगी रही।

## 1395 विद्यार्थियों को मिलेगी साइकिल : चोपड़ा

**सेन्हा।** सेन्हा प्रखंड मुख्यालय के कार्यालय कक्ष में बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा की अध्यक्षता में प्रखंड अनुमोदन समिति का बैठक आयोजित हुआ। बैठक में बीडीओ ने कहा की समाज कल्याण विभाग से छात्र-छात्राओं को साइकिल दिया जाता है। साइकिल वितरण के लिये 13विद्यालयों से सूची प्राप्त हो चुका है। बैठक में निर्णय लिया गया की प्रखंड क्षेत्र के 13 मध्य विद्यालय से 1395 छात्र-छात्राओं को सूची का अनुमोदन कर जिला समाज कल्याण विभाग को स्वीकृति के लिए भेजा गया है। वही छात्र-छात्राओं का कोटिवार संख्या उपलब्ध कराया गया है। जिसमे वर्ग 8 में पढ़ने वाले अनुसूचित जन जाति के 861 अनुसूचित जाति के 75 पिछड़ी जाति 199 एवं अल्पसंख्यक जाति के 260 कूल छात्र-छात्राएं हैं। जिनमे सभी 1395 छात्र-छात्रओं को साइकिल दिया जाएगा।

## रामरेखा धाम मेले का आयोजन संपन्न

### फगुआ मिलन के साथ होली शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
सिमडेगा के पवित्र तीर्थस्थल रामरेखा धाम में तीन दिवसीय माघ पूर्णिमा के मौके पर आयोजित धार्मिक अनुष्ठान एवं मेला का समापन सोमवार को हवन पूजन एवं दधि भंजन के साथ संपन्न की गई। इस मौके पर विधिवत रूप से पूजन पाठ करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे सभी लोगों ने मंदिर के अंदर पूजन पाठ करते हुए अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इधर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी फागुन महीना चढ़ने के साथ ही रामरेखा धाम में फगुआ मिलन कार्यक्रम का आयोजन करते हुए जिले भर में होली का उत्सव शुरू हो गया। इस मौके पर दर्शन करते हुए ढोल नगाड़े के ताल पर थिरक कर एक दूसरे को रंग गुलाल अबीर लगाकर फगुआ की शुभकामना दी गई। साथ ही कई प्रकार की फगवा गीतों को गाकर वहां पर उपस्थित लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। मौके पर उपस्थित धाम के सचिव ओम प्रकाश साहू ने बताया कि रामरेखा धाम में फगुआ मिलन के साथ ही पूरे जिले में होली का उत्सव शुरू हो जाता है और लोग होली के गीतों एवं होली के उत्साह में घुल जाते हैं। इधर उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से माघ पूर्णिमा के मेला संपन्न होने पर तमाम पुलिस पदाधिकारी दंडाधिकारी एवं मेला में सहयोग करने वाले तमाम कार्यकर्ता एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया है।

नल-जल योजना कार्य में गुणवत्ता का अभाव

# जगह-जगह पाइप से लीकेज हो रहा पानी



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत के बाजार डांडू, ढवठा टोली, टोंगरी टोली,महुरांग टोली और करंज टोली में लाखो की लागत से नल जल योजना कार्य संवेदक के द्वारा कराया जा रहा है। जिसमे गुणवत्ता का अभाव देखते हुए ग्रामीणों ने आवाज उठाया परंतु उन ग्रामीणों की शिकायत गांव में ही दब कर रह गया। जिसकी सूचना पत्रकारों को मिलते ही क्षेत्र का दौरा कर कार्य स्थल का निरीक्षण किया। जिसमे ग्रामीणों की शिकायत शत प्रतिशत सत्य पाया गया। जानकारी के अनुसार बता दें कि नल-जल योजना के माध्यम से प्रखंड के सुदुर्वर्ती क्षेत्र में ग्रामीणों को पानी सप्लाई का सुविधा मुहैया कराया जाना है। लेकिन पूर्ण रूप से योजना विफल होते नजर आ रही है। बताया जाता है कि पेय जल व स्वच्छता विभाग द्वारा लगभग 20 लाख रुपैया का लागत से नल जल योजना कार्य कराया जा रहा है। इस संदर्भ में संवेदक सूरज साहू से संपर्क कर जायजा लिया गया तो उन्होंने बताया कि योजना 8 से 9 लाख की लागत से कराया जा रहा है। लेकिन कार्य स्थल पर प्राकलन राशि या कार्य आरम्भ कराने की तिथि एवं पूर्ण की तिथि सहित किस विभाग से किया जा रहा है। जिसका बोर्ड अंकित नही है। साफ झलक रहा है। बाजार डांडू और महुरांग टोली ग्राम में अधिकांश स्थानों पर कार्य गुणवत्ता पूर्ण नही होने के कारण सप्लाई पानी पाइप से जगह-जगह पर फालतू में बह रहा है। वही नल लगाने के जगह पर जमीन का पक्का प्लास्टर का कार्य में भी गुणवत्ता का अभाव देखा जा रहा है। करंजटोली में बोरिंग तो किया गया है। परन्तु पानी का कोई स्त्रोत पूर्ण रूप से उपलब्ध नही हुआ है। इस संदर्भ में पंचायत मुखिया कमला देवी से जायजा लेने पर उन्होंने कहा मुर्की तोड़ार पंचायत क्षेत्र में किस मद से नलजल योजना का कार्य आरम्भ हुआ है उसकी जानकारी किसी विभाग से नही दिया गया है और न ही संवेदक के द्वारा बताया गया। जानकारी देते हुए उन्होंने कहा पंचायत क्षेत्र में इस प्रकार की योजना अगर चल रही है और गुणवत्ता में अभाव की शिकायत है। तो उसपर नियम संगत कार्य करते हुए जांच करवाने की बात कही गई। इधर ग्रामीणों के शिकायत पर मुखिया द्वारा प्रखंड क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत का दौरा कर बाजार डांडू में बन रहा नलजल योजना का लिया गया जायजा। कार्यप्रणाली में गुणवत्ता का अभाव लोग आपस मे कर रहें है चर्चा। बता दें कि एक तरफ सरकार नलजल योजना का लाभ पंचायत के गांव गांव तक मुहैया कराने के दिशा में कार्य कर रही है। वही इस योजना में बंदरबांट का कोई कसर भी नही छोड़ा जा रहा है।

**अवसर** अलबर्ट एक्का मैदान में रोजगार मेला का आयोजन

# जहां मौका मिले, कार्य करना चाहिए : बाड़ा

### विधायक भूषण बाड़ा ने किया मेला का उद्घाटन





**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
अलबर्ट एक्का मैदान में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने दीप जला कर किया। श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय-सह-मॉडल करियर सेंटर द्वारा लगे मेले में एक दर्जन से ज्यादा कंपनियां शामिल हुई। जहां हुआ युवाओं ने कार्यालय कार्यकारी, डॉक्टर, कुक, कंप्यूटर ऑपरेटर, आरओ तकनीशियन, सुरक्षा गार्ड, पलंबर, चालक, मशीन ऑपरेटर, कार्यालय कर्मी, कंप्यूटर, सूचना प्रौद्योगिकी, सुरक्षा, स्वास्थ, वित्तीय, औद्योगिक उत्पाद, रियल स्टेट आदि के लिए आवेदन भरा। मौके पर विधायक ने कहा कि एक समय था, जब रोजगार मेला की व्यवस्था नहीं थी। पर तब भी हम लोग रोजगार पाने के लिए प्रयास करते थे। आज के समय में रोजगार मेला हर जिले में लगाया जा रहा है, जिसका भरपूर फायदा आप सब उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि लक्ष्य को पाने के लिए नदी के समान सतत चलते रहें। मंजिल जरूर मिलेगी। विधायक ने कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी सोच और जिला प्रशासन की पहल से रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अपना संघर्ष कायम रखते हुए जहां मौका मिले, कार्य करना चाहिए। मैं आप सब से अपेक्षा करता हूं कि जो डिग्री आपके पास है, उसी में रोजगार की तलाश करें। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, सिमडेगा विधायक के जिला प्रतिनिधि संतोष सिंह, कोलेबिरा विधायक के जिला प्रतिनिधि समी आलम, कांग्रेस जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जयसवाल, कुरडेग प्रखंड अध्यक्ष तुलसी खलखो, केरसई प्रखंड अध्यक्ष जेफरेन केरकेट्टा, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि मुंश खेस, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष आकाश सिंह सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

# लैंपस गबन मामले में सचिव को 6 की कैद और 25 लाख का जुर्माना

**सिमडेगा।** सिमडेगा सीजेएम आंनद मनी त्रिपाठी की अदालत ने सोमवार को सिमडेगा लैम्पस गबन मामले में जेल में बंद लैम्पस सचिव एवं पूर्व कर्मी रहे आरोपी करमदयाल महतो को 6 वर्ष की सजा एवम 25 लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं भरने पर 1 साल अतिरिक्त की सजा सुनाई है। इस संदर्भ में सिमडेगा थाना कांड संख्या 48/19 के तहत मामला दर्ज है। उस समय के तत्कालीन सहकारिता पदधिकारी रामनाथ मांझी के द्वारा इस मामले में सिमडेगा थाना में मामला दर्ज कराया था। दर्ज मामला के बाद रांची से ऑडिट टीम आयी थी जिसके द्वारा करमदयाल महतो के ऊपर एक करोड़ 47 लाख 16 हजार 633 का गबन का मामला उजागर किया था, जिसके बाद सिमडेगा पुलिस ने करमदयाल महतो को गिरफ्तार करते हुवे जेल भेजा था। बताया गया करमदयाल महतो करीब पौंने चार साल से जेल में बंद है। और इसी मामले में 7 गवाहो के बयान सुनने के बाद सीजेएम आनंदमणि त्रिपाठी की अदालत ने 6 वर्षो की सजा एवम 25 लाख रुपए जुमार्ना सुनाई है। वही तमाम साक्ष्य एवं दलीलें प्रभारी पीपी अमित श्रीवास्तव ने पेश की।

### गोली कांड में शामिल फरार चल रहे आरोपी को सिमडेगा पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सिमडेगा।** हत्या करने की नीयत से एक व्यक्ति के ऊपर गोली चलाने के आरोपी को सदर थाना की पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी रवि प्रकाश ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत संयपुर में राजू साव उर्फ धोंधा साव के ऊपर बीते दिनों गोली चलाने वाले गोली कांड के प्राथमिकी अभियुक्त दिलीप साव उर्फ टिकला साव उम्र करीब 24 वर्ष पिता स्व रतन साव, सांयपुर जितियाटोली निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बताया गया कि आरोपी घटना के बाद से ही लगातार फरार चल रहा था। घटना के बाद दिलीप साव उर्फ टिकला साव उड़ीसा फिर उड़ीसा से दिल्ली भाग गया था।गुप्त सूचना मिली थी कि वह वापस सिमडेगा आया हुआ है। मिले गुप्त सूचना के आधार पर प्राथमिकी अभियुक्त दिलीप साव को पुलिस ने कोढ़ी चौक से गिरफ्तार कर लिया। उल्लेखनीय है कि इसका पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है। यह पूर्व में भी अन्य काण्ड में जेल जा चुका है।

### भाजपा कोलेबिरा प्रखंड कार्यसमिति की बैठक संपन्न



**कोलेबिरा।** सोमवार को शाहपुर पंचायत में भारतीय जनता पार्टी प्रखंड कार्यसमिति की बैठक शाहपुर पंचायत शक्ति केंद्र में हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार ने कहा कि पिछले दिनों जिला द्वारा संगठन के अनेक कार्य बतलाए गए हैं सभी कार्यकर्ता अपनी अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन कर उन सभी कार्यों को पूर्ण करें और संगठन को मजबूत करने में अपनी महती भूमिका सुनिश्चित करेंगे बैठक को संबोधित करते हुए जिला आईटी सेल संयोजक श्रद्धानंद बेसरा ने कहा कि बूथ स्तर का लड़ाई आप ऑनलाइन तरीके से लड़ना है और सभी कार्यकर्ताओं को सरल ऐप से जोड़कर भारतीय जनता पार्टी को मजबूती प्रदान करना है सरल ऐप के माध्यम से हम सभी कार्यकर्ता आम मतदाता से सीधे जुड़ पाएंगे हम सभी कार्यकताओं का दायित्व है कि अभी प्रधानमंत्री जी का मन की बात को बूथ स्तर तक जाकर अपने कार्यकर्ता एवं मतदाताओं के साथ सुने मंडल प्रभारी भोला साहू ने कहा कि सभी कार्यकर्ता कमर कस ले ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं पर मोबाइल पर सरल ऐप्स डाउनलोड करें साथ ही केंद्र सरकार के 8 साल के विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें और झारखंड सरकार के 3 साल के नाकामी को जनता के बीच में रखें क्योंकि आने वाले चुनाव में हम सब को केंद्र में पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनानी है कार्यसमिति की बैठक को मंडल सांसद प्रतिनिधि चिंतामणि कुमार साहू जिला कार्यसमिति सदस्य लाली देवी मिंझ, संजय मिश्रा, एसटी मोर्चा महामंत्री मुनेश्वर तिर्की मंडल कोषाध्यक्ष चेतन सिंह आदि ने भी संबोधित कर कार्यकताओं को संगठन मजबूती करने की सलाह दी मौके पर मंडल महामंत्री रोहित कुमार साहू, रणधीर कुमार सिंह दीपक चीक बड़ाईक अखिलेश्वर सिंह ब्राह्मणी देवी श्याम सुंदर केथर के केसोवती देवी सोमारी देवी संदीप साहू तुलेश्वर सिंह प्रकाश बड़ाईक सुदामा बढ़ाईक करण सिंह के अलावे सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### साहुबेड़ा पंचायत के हुरपी में ग्रामसभा का आयोजन



**बानो।** प्रखंड के साहुबेड़ा पंचायत के हुरपी गांव में ग्राम सभा का आयोजन मनसिद्ध भुइया एवं बानो थाना प्रभारी फिलिप मिंज की उपस्थिति में हुई। बैठक में गांव के चहुमुखी विकास पर चर्चा करते हुए गांव के सभी टोलों को मुख्य पथ से जोड़ने हेतु पीसीसी पथ निर्माण पर सहमति बनी। बानो थाना प्रभारी फिलिप मिंज ने ग्रामीणों को साइबर फ्राड से बचने के लिए लोगो अपना आधार कार्ड नम्बर ,बैंक खाता नम्बर या एटीएम पासवर्ड नही बताने की सलाह दी। उन्होंने अपने सम्बोधन में लोगो को नशामुक्ति अभियान जुड़कर गांव टोलो के लोगो को नशा से मुक्ति हेतु जागरूक करने की बात कहते हुए गांव में शराब, हड़िया नही बनाने एवं उसके सेवन पर रोक लगाने की अपील की। भटके हुए युवाओं को मुख्य धारा से जुड़कर अपना चहुमुखी विकास करने की अपील किया। कार्य्रकम में डॉ अर्जुन साय, सुफल भेंगरा, अचित साय, श्याम सिंह सहित गांव सभी महिला पुरुष उपस्थित थे।

### डीएवी स्कूल में महान शिक्षाविद महात्मा नारायण दास ग्रोवर की पुण्यतिथि मनायी गयी

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा के तत्वावधान में महात्मा नारायण दास ग्रोवर की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम



का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय प्राचार्य महोदय के साथ समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों द्वारा महात्मा जी की तस्वीर के समक्ष श्रद्धासुमन अर्पित कर किया गया। धर्म शिक्षक जीतेंद्र मेहेर द्वारा हवन करवाया गया। छात्र अनुराग कुमार,छात्रा अस्मिता गौतम व शिक्षक काजल कुमार रॉय द्वारा महात्मा जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए भाषण प्रस्तुत किया गया। संगीत शिक्षक श्रवण कुमार पाठक ने मनोरम भजन प्रस्तुत किया। मौके पर माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा ने महात्मा नारायण दास ग्रोवर के जीवन के अच्छे कर्मों व डीएवी में उनके महान योगदान से बच्चों को अवगत करवाते हुए सफलता के दो मूल मंत्र बताए। पहला आत्मविश्वास बनाए रखें, जिस प्रकार महात्मा नारायण दास जी ने अपने आत्मविश्वास के बल पर बिहार,झारखंड,उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश,उड़ीसा, बंगाल तथा पंजाब में 200 से ज्यादा डीएवी विद्यालयों की नींव रखी उसी प्रकार विद्यार्थी अपना सुलक्ष्य निर्धारित कर ईमानदारी, लगन व आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य की ओर अग्रसर होते रहे। तथा दूसरा मूल मंत्र, उन्नति का सबसे बड़ा मार्ग शिक्षा है।

## अडाणी समूह के शेयरों में गिरावट देश के बैंकों के लिए चिंता का सबब

# किसी का 36000 करोड़ तो किसी का 27,000 करोड़ कर्ज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अडाणी समूह में जारी उठापठक की चर्चा इस समय देश से लेकर विदेश तक चल रही है। 24 जनवरी से अडाणी समूह के शेयरों में जो गिरावट आनी शुरू हुई वो अब तक जारी है। आज भी अडाणी एंटरप्राइजेज में 7 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखी जा रही है। अडाणी एंटरप्राइजेज का एफपीओ (फॉलोऑन पब्लिक ऑफर) तक गौतम अडाणी ने वापस ले लिया है और आज ही खबर आई है कि अडाणी समूह अपने पूंजी विस्तार (कैपिटल एक्सपेंशन) के प्लान को थोड़ा धीमा कर सकता है। जाहिर तौर पर ये सारी खबरें आम निवेशकों से लेकर देश के बड़े बैंकों, फाइनेंशियल संस्थानों, एलआईसी जैसी दिग्गज कंपनियों के लिए चिंता का सबब बन रही हैं। दरअसल देश के कई बैंकों का अडाणी समूह पर 80,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्ज है। विपक्ष का भी यही आरोप है कि सरकार की शह पर देश के सरकारी बैंकों, निजी बैंकों और एलआईसी जैसी संस्थानों ने अडाणी समूह को जमकर लोन दिए हैं और अब इस ग्रुप की गिरती नेटवर्थ से निवेशकों के साथ देश की अहम वित्तीय संस्थानों की पूंजी भी घट रही है। हालांकि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा अपने-अपने आंकड़ें जारी कर चुके हैं और एसबीआई ने तो यहां तक भी कहा कि उनका दिया गया कर्ज खतरे में नहीं है। अडाणी समूह के पास जितना कर्ज है, उसमें से एसबीआई का जो कर्ज है वो, एसबीआई की कुल लोन बुक का केवल 0.8 फीसदी से 0.9 फीसदी लोन है। ऐसे में आपके मन में ये सवाल आ सकता है कि आखिर अडाणी ग्रुप के ऊपर कितना कर्ज है तो यहां आपको इसका जवाब मिल सकता है। अडाणी समूह को दिए कर्ज पर देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन दिनेश खारा ने कहा कि अडाणी समूह में एसबीआई का एक्सपोजर 27,000 करोड़ रुपये है जो उसके कुल लोन बुक का केवल 0.8 से 0.9 फीसदी है। दिनेश खारा ने कहा कि, हमने अडाणी समूह के मूर्त परिसंपत्तियों के लिए कर्ज दिया है और उनके पास पर्याप्त कैश कलेक्शन है। अडाणी समूह बैंक के कर्ज का बकाये का भुगतान करने में सक्षम हैं। अडाणी समूह के ऊपर बैंक ऑफ बड़ौदा का 5500 करोड़ रुपये का कर्ज है और पंजाब नेशनल बैंक का 7000 करोड़ रुपये का कर्ज है। हिंडनबर्ग रिसर्च का कहना है कि अडाणी ग्रुप की कई कंपनियों कैश फ्लो नहीं उत्पन्न कर रही हैं और इनके गिरवी रखे शेयरों की वैल्यू भी घट रही है। ऐसे में अडाणी समूह की 10 लिस्टेड कंपनियों की मार्केट वैल्यू गिरने से गिरवी रखी सिक्योरिटीज की वैल्यू भी घट रही है। एलआईसी का कहना है कि उसका अडाणी समूह पर 36,474.78 करोड़ रुपये का लोन है और ये डेट और इक्विटी के रूप में है। हाल ही में आए अडाणी एंटरप्राइजेज के एफपीओ में 9,15,748 शेयरों को खरीदने के लिए एलआईसी ने 300 करोड़ रुपये का खर्च किया और कंपनी के पास पहले ही अडाणी एंटरप्राइजेज का 4.23 फीसदी हिस्सा है। एलआईसी का अडाणी समूह की अन्य कंपनियों में भी हिस्सा है जिसके तहत अडाणी पोर्ट्स में 9.14 फीसदी और अडाणी टोटल गैस में 5.96 फीसदी का हिस्सा है। साफ तौर पर अडाणी समूह की कंपनियों में गिरावट से एलआईसी के निवेश की वैल्यू भी घट रही है जो चिंता का कारण हो सकता है। एक्सिस बैंक ने एक रेगुलेटरी फाइलिंग में जानकारी देते हुए कहा कि हम किसी भी कंपनी को सिक्योरिटी, देनदारी और लोन चुकाने की क्षमता के आधार पर ही लोन की रकम देते हैं। बैंक ने बताया कि अडाणी समूह को दिया गया फंड आधारित लोन 0.29 फीसदी है, जबकि नॉन फंड आधारित लोन 0.58 फीसदी है। 31 दिसंबर 2022 के आंकड़ों के अनुसार बैंक ने 0.07 फीसदी का निवेश किया है। एक्सिस बैंक ने बताया कि उसके पास 31 दिसंबर 2022 तक 1.53 फीसदी के स्टैंडर्ड एसेट कवरेज के साथ एक मजबूत बैलेंस शीट है। चिंता ना करने की बात इसलिए कही जा रही है कि सरकारी-निजी बैंकों के अलावा एलआईसी जैसे वित्तीय संस्थानों का जो कर्ज है वो भारतीय रिजर्व बैंक के लार्ज एक्सपोजर फ्रेमवर्क की लिमिट के नीचे ही है।




### किस बैंक का कितना है अडाणी समूह पर कर्ज

- कई बैंकों का अडाणी समूह पर 80,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का कर्ज है
- अडानी समूह के ऊपर बैंक ऑफ बड़ौदा का 5500 करोड़ रुपये का कर्ज है
- अडानी समूह में एसबीआई का एक्सपोजर 27,000 करोड़ रुपये है

पंजाब नेशनल बैंक का 7000 करोड़ रुपये का कर्ज है

- एलआईसी का कहना है कि उसका अडाणी समूह पर 36,474.78 करोड़ रुपये का लोन हैं।

### एक अरब डॉलर से ज्यादा भुगतान कर छुड़ाएगा 3 कंपनियों के गिरवी रखे शेयर्स



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अडाणी समूह के शेयरों में लगातार गिरावट और बाजार में समूह के स्टॉक्स को लेकर बिगड़े सेंटीमेंट के बीच निवेशकों के भरोसे को जीतने के लिए अडाणी समूह की कंपनियों के प्रमोटर्स ने गिरवी रखे शेयर्स को छुड़ाने का फैसला किया है। कंपनी के प्रमोटर्स 1.114 अरब डॉलर (9100 करोड़ रुपये) का भुगतान कर तीन कंपनियों अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अडाणी ग्रीन एनर्जी और अडाणी ट्रांसमिशन के गिरवी रखे कुछ शेयर्स को समय से पहले ही छुड़ाने का निर्णय लिया है। समूह ने बयान जारी कर कहा है कि बाजार में जारी उतार-चढ़ाव और गिरवी रखे शेयर्स को वापस छुड़ाने के प्रमोटर्स के वादे को ध्यान में रखते हुए ये फैसला लिया गया है। 1.114 अरब डॉलर के प्रीपेमेंट के बाद सितंबर 2024 के मैच्योरिटी अवधि से पहले ही अडाणी समूह को अडाणी पोर्ट्स के 168 मिलियन शेयर्स जो करीब 12 फीसदी के करीब प्रमोटर्स की हिस्सेदारी है वो वापस मिल जाएगी। अडाणी ग्रीन एनर्जी के 27.56 मिलियन शेयर्स जो प्रमोटर्स की कुल हिस्सेदारी का 3 फीसदी है और अडाणी ट्रांसमिशन के 11.77 मिलियन शेयर्स जो प्रमोटर्स के कुल स्टेक का 1.4 फीसदी हिस्सेदारी गिरवी रखा गया है उसे रिलिज कर दिया जाएगा। दिसंबर 2022 तक अडाणी पोर्ट्स में प्रमोटर्स ने अपनी 17.31 फीसदी हिस्सेदारी को गिरवी पर रखा हुआ जो रिलिज किए जाने के बाद घटकर 5.31 फीसदी रह जाएगा। अडाणी ग्रीन एनर्जी के कुल प्रमोटर्स के स्टेक में से 4.36 फीसदी स्टेक गिरवी रखा था। जो प्रमोटर्स के भुगतान करने के बाद घचकर 1. 36 फीसदी रह जाएगा। ठीक उसी प्रकार अडाणी ट्रांसमिशन में अपनी कुल स्टेक में से प्रमोटर्स 6.62 फीसदी हिस्सेदारी गिरवी पर रखा हुआ था जो अब 5.22 फीसदी रह जाएगा। आपको बता दें अडाणी समूह की कंपनियों के प्रमोटर्स ने अडाणी ट्रांसमिशन में अपनी 72.63 फीसदी कुल स्टेक में से 2.66 फीसदी हिस्सेदारी गिरवी रखा हुआ है तो अडाणी पावर में कुल 74.97 फीसदी स्टेक में से 25.01 फीसदी हिस्सेदारी गिरवी रखा हुआ है। दोनों ही कंपनियों के गिरवी रखे शेयर्स का वैल्यू 30,000 करोड़ रुपये के करीब है। अडाणी समूह के इस फैसले के बाद अडाणी पोर्ट्स के शेयर में 10 फीसदी का उछाल देखने को मिल रहा है।

# सेंसेक्स: 192.7 अंक गिरकर 60,649.18 पर आया निफ्टी 64.05 अंक गिरकर 17,790 पर आ गया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को मिलाजुला कारोबार देखा जा रहा है। सेंसेक्स की शुरूआत हल्की तेजी पर और निफ्टी की ओपनिंग हल्की गिरावट के साथ हुई है। ग्लोबल बाजारों से घरेलू शेयर बाजार को कोई सपोर्ट नहीं मिल रहा है। बाजार खुलने के तुरंत बाद सेंसेक्स 192.7 अंकों की गिरावट के बाद 60,649.18 तक नीचे आ गया था। इसके अलावा निफ्टी 17,790 पर आ गया है और 64.05 अंकों की गिरावट पर कारोबार कर रहा है। आज बीएसई का 30 शेयरों वाला इंडेक्स सेंसेक्स 5.33 अंक चढ़कर लगभग सपाट खुला है और 60,847.21 पर ओपन हुआ है। इसके साथ निफ्टी की शुरूआत 35.50 अंक यानी 0.20 फीसदी की गिरावट के साथ 17818 पर हुई है। प्री-ओपनिंग में शेयर बाजार की चाल देखें तो आज एनएसई का निफ्टी 7.40 अंकों की तेजी के साथ 17861 के लेवल पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा बीएसई का सेंसेक्स 36.36 अंक यानी 0.06 फीसदी की तेजी के साथ 60878 के लेवल पर कारोबार देखा जा रहा है। शेयर इंडिया के वीपी, हेड ऑफ रिसर्च डॉ रवि सिंह का कहना है कि आज भारतीय शेयर बाजार की रफ्तार धीमी ही रहेगी। आज निफ्टी के 17800-17900 के बीच खुलने की उम्मीद है। दिन के कारोबार के दौरान निफ्टी के 17700-17950 के बीच की रेंज में कारोबार करने की संभावना नजर आ रही है। उनके मुताबिक आज बाजार के लिए नजरिया गिरावट का ही है। बाजार के मजबूती वाले सेक्टर्स में आज पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, बैंक और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स के शेयर नजर आ सकते हैं। वहीं कमजोरी वाले सेक्टर्स में आज एनर्जी, हेल्थकेयर, फार्मा और ऑयल एंड गैस सेक्टर के शेयर दिख सकते हैं।

## सेबी का वैकल्पिक निवेश कोष पर गलत बिक्री रोकने का सुझाव

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) के लिए निवेशकों को प्रत्यक्ष प्लान की पेशकश करने का प्रस्ताव रखने के साथ ही ऐसे कोषों में गलत बिक्री रोकने के लिए वितरण कमीशन का एक मॉडल भी सुझाया है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एआईएफ की यूनिट को इलेक्ट्रॉनिक स्वरूप में बदलने की प्रक्रिया के बारे में भी सुझाव दिए हैं। इसके मुताबिक, एआईएफ की 500 करोड़ रुपये से अधिक आकार वाली सभी योजनाओं को एक अप्रैल, 2024 तक अपने यूनिट अनिवार्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक स्वरूप (डीमैट) में लाना होगा।

## फाइनेंशियल सिस्टम को कोई खतरा नहीं : कोटक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के दिग्गज कारोबारी गौतम अडाणी के ग्रुप को कुछ ही दिनों में भारी नुकसान झेलना पड़ा है। इस नुकसान पर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने सभी बैंको से रिपोर्ट मांगी है। देश के बड़े बैंक एक के बाद एक अपनी रिपोर्ट फाइलिंग कर रहे हैं। कोटक महिंद्रा बैंक के चेयरमैन, उदय कोटक ने अपना पक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि वह भारत के फाइनेंशियल सिस्टम के लिए कोई जोखिम नहीं देखते हैं। पिछले हफ्ता भारतीय शेयर मार्केट में अडाणी ग्रुप के शेयर में काफी उथल-पुथल देखी गई है। कोटक महिंद्रा बैंक के चेयरमैन ने अडाणी ग्रुप के शेयर में आये उतार-चढ़ाव की ओर इशारा करते हुए कहा कि उन्हें हाल के घटनाक्रमों से भारत के फाइनेंशियल सिस्टम के प्रति कोई जोखिम नहीं दिखाई दे रहा है। बैंक के चेयरमैन उदय कोटक ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर यह जानकारी दी है। उन्होंने किसी ग्रुप का नाम लिए बिना कहा कि, एक बड़े भारतीय कॉर्पोरेट्स की कर्ज और इक्विटी फाइनेंस के लिए वैश्विक स्त्रोतों पर ज्यादा निर्भरता है। पिछले कुछ दिनों में अडाणी की तीन कंपनियों के शेयरों में 24 जनवरी को आई हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद से भारी गिरावट देखने को मिली है। इससे अडाणी ग्रुप की मार्केट वैल्यू भी काफी हद तक गिर गई हैं।

# कच्चा तेल 81डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव का सिलसिला जारी है। ब्रेंट क्रूट का भाव मामूली बढ़त के साथ 81 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 74 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेंड कर रहा है। पिछले हफ्ते कच्चे तेल की कीमत 85 डॉलर के आसपास थी। हालांकि, तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक सोमवार को राजधानी दिल्ली में पेट्रोल का भाव 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका रहा। मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंट क्रूड 0.19 डॉलर यानी 0.24 फीसदी की बढ़त के साथ 80.13 डॉलर प्रति बैरल के करीब ट्रेंड कर रहा है, जबकि वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.11 डॉलर यानी 0.15 फीसदी उछलकर 73.50 डॉलर प्रति बैरल के करीब कारोबार कर रहा है।




## फ्री में हवाई जहाज से धार्मिक स्थलों पर जाने का मौका

**नई दिल्ली।** अगर आप किसी धार्मिक स्थल पर सफर करना चाहते हैं तो आपके मन को खुश करने वाली खबर सामने आई है। आपसे एक भी रुपये नहीं लिए जाएंगे और आपको हवाई मार्ग से तीर्थस्थलों तक का दर्शन कराया जाएगा। इसके अलावा, खाना और नाश्ता भी फ्री में दिया जाएगा। इस पैकेज के तहत आपको एक भी रुपये का किराया नहीं देना होगा।

**जुर्माना** — शर्तों को पूरा नहीं करना पाने पर उठाया गया कदम

# विस्तारा पर लगा 70 लाख का जुर्माना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में एयरलाइन कारोबार पर नजर रखने के लिए और नियमों का पालन सही तरीके से करने के लिए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय यानि डीजीसीए को बनाया गया है। कई एयरलाइन अपनी शर्तों को समय पर पूरा नहीं कर पा रही है। इसके लिए डीजीसीए उन पर कार्रवाई करता रहता है। इस बार न्यूनतम उड़ानों के चलते एयर लाइन्स विस्तारा पर 70 लाख रुपये का भारी जुर्माना ठोका गया है। डीजीसीए ने किस नियम की अनदेखी करने पर एयर विस्तारा पर यह जुर्माना लगाया गया है। देश में सभी एयरलाइन कंपनियों को हर क्षेत्र में न्यूनतम उड़ानों के बारे में जानकारी डीजीसीए को देनी होती है। डीजीसीए देश में न्यूनतम उड़ानों की संख्या को लेकर काफी सख्त चल रही है। एयर विस्तारा ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में जितनी न्यूनतम उड़ाने चलाई जानी चाहिए थीं, उससे कम उड़ाने चलाई है। जिसके कारण एयर विस्तारा ने डीजीसीए के नियम की अनदेखी को पकड़कर कार्यवाही की है। अठक के मुताबिक, डीजीसीए ने सोमवार को एयर विस्तारा पर नियमों की अनदेखी के चलते 70 लाख रुपये का जबरदस्त जुर्माना लगाया था, जिसे अब चुका दिया गया है। ट्विटर से मिली जानकारी में कहा, यह जुर्माना एयर विस्तारा की ओर से पूर्वोत्तर क्षेत्र में न्यूनतम उड़ानों से कम उड़ान सेवाओं का संचालन करने पर लगाया गया है। डीजीसीए से लगाए गए जुमार्ने को एयरलाइन ने भुगतान कर दिया है। ये जुर्माना पिछले साल 2022 अक्टूबर महीने में एयरलाइन से नियमों में अनदेखी करने के लिए लगाया था।





**कार्यालय:- जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा समाहरणालय परिसर, विकास भवन-बी, प्रथम तल्ला**

**अतिअल्पकालीन निविदा**
**मध्याह्न भोजन योजना कोषाग, गढ़वा**
**आवश्यक सूचना**

गढ़वा जिला अन्तर्गत मध्याह्न भोजन योजना हेतु स्कूल स्टेप डिलीवरी योजना के तहत् प्रखण्ड स्तरीय राज्य खाद्य निगम गोदाम से विद्यालयों तक खाद्यान्न (चावल, दाल एवं अन्य सामग्री) पहुँचाने हेतु प्रखण्डवार परिवहन–सह–हथालन अभिकर्त्ता नियुक्ति हेतु दिनांक 17.02.2023 के 01:00 बजे अपराह्न तक जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा के कार्यालय में निविदा जमा की जाएगी। जिला के सभी प्रखण्डों के लिये निम्न विवरणी एंव शर्तों के अनुसार निविदा प्राप्त की जायेगी एवं उसी दिन 04:00 बजे अपराह्न/ पूर्वाहन में उप विकास आयुक्त के कार्यालय प्रकोष्ठ में निविदा खोली जायेगी। निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी जिला के Website:- garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/– जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.289408 Human Resource Developement(22-23):D



**समाहरणालय, पलामू**
**(जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय, पलामू)**
**(जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन योजना कोषांग, पलामू)**

**-: अल्पकालीन निविदा :-**

सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार (झारखण्ड राज्य मध्याह्न प्राधिकरण) रॉची के पत्रांक 681 दिनांक 06.12.2022 के निदेशानुसार प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत पलामू जिला के स्कूल स्टेप डिलीवरी योजना के तहत् प्रखण्ड स्तरीय राज्य खाद्य निगम गोदाम से विद्यालयों तक खाद्यान्न (चावल, दाल एवं अन्य सामग्री) पहुँचाने हेतु प्रखण्डवार परिवहन–सह–हथालन अभिकर्त्ता नियुक्ति हेतु दिनांक 13.02.2023 के 12:00 बजे अपराह्न तक समूह–04 (लेस्लीगंज, मनातू, पांकी एवं तरहसी) के लिये निम्न विवरणी एवं शर्तों के अनुसार निविदा प्राप्त की जायेगी एवं उसी दिन 02:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त के कार्यालय प्रकोष्ठ में निविदा खोली जायेगी।

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए palamu nic.in पर देखा जा सकता है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन अथवा रद्द करने का अधिकारी उप विकास आयुक्त, पलामू के पास होगा।

जिला शिक्षा अधीक्षक
पलामू

PR 289366 District (22-23)_D



**जिला समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू।**
**प्रेस विज्ञप्ति।**
**सामग्रियों की नीलामी हेतु अल्पकालीन सूचना :–**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अपर पुलिस महानिदेशक, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा का कार्यालय झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक–1159/आपूर्ति, दिनांक– 02.09.2022, ज्ञापांक–1606/आपूर्ति, दिनांक–10.11.2022 तथा ज्ञापांक–78/आपूर्ति, दिनांक–12.01.2023 द्वारा पलामू जिला इकाई के भण्डार में उपलब्ध बेचे जाने योग्य अनुशसित अनुपयोगी सरकारी सामग्रियों को बेचने/नीलामी का आदेश प्राप्त हुआ है। नीलामी की जाने वाली सामग्रियो की सूची निम्नवत् है :–

| क्रम सं0 | सामानों का नाम | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | गैस सिलेंडर 2 लीटर | 1 |
| 2 | गैस सिलेंडर 2 लीटर | 1 |
| 3 | बेलचा | 4 |
| 4 | ड्राम | 2 |
| 5 | वी0आई0पी0कुर्सी | 1 |
| 6 | सिस्टम सी0पी0यू0 | 1 |
| 7 | टाईप मशीन | 1 |
| 8 | प्रिंटर | 1 |
| 9 | यू0पी0एस0 | 2 |
| 10 | एमप्लीफायर | 1 |
| 11 | सी0डी0डी0वी0डी0 | 1 |
| 12 | मॉनीटर एल0जी0 | 1 |
| 13 | कम्प्यूटर ऑल इनवन | 1 |
| 14 | कैनन लेजर फैक्स | 1 |
| 15 | सिग्मा फैक्स मशीन | 1 |
| 16 | सी0आई0टी0शीट | 8 |
| 17 | तीन शेल टार्च | 1 |
| 18 | लालटेन | 2 |
| 19 | साईकिल एवन छोटा | 1 |
| 20 | फायर स्टेडन्ड | 2 |
| 21 | स्टील पंचिंग | 1 |
| क्रम सं0 | सामानों का नाम | संख्या |
| 1 | 2 | 3 |
| 22 | एक्सरसाईज साईकिल | 1 |
| 23 | ट्रेड मिल | 1 |
| 24 | आर्म करल | 1 |
| 25 | वटर फलाई | 1 |
| 26 | बेंच प्रेस | 1 |
| 27 | शल्डर प्रेस | 1 |
| 28 | लेग प्रेस | 1 |
| 29 | लेग एक्सटेन्शन | 1 |
| 30 | शीटेड रौबीनग | 1 |
| 31 | स्कॉट प्रेस | 1 |
| 32 | सिस्ट कन्डीशनर | 1 |
| 33 | डीपिंग फ्री वेट | 1 |
| 34 | एबडोभीनल फ्री वेट | 1 |
| 35 | चीभिंग वार फ्री वेट | 1 |
| 36 | टुविस्टर फ्री वेट | 1 |
| 37 | हीप फ्लेक्सर फ्रीवेट | 1 |
| 38 | हाईपर एक्सटेशन फ्री वेट | 1 |
| 39 | हाई लेट पुली | 1 |
| 40 | रोवर | 1 |
| 41 | वाईपर वेल्टमेसाईजर | 1 |
| 42 | बटाली पतला बड़ा | 4 |
| 43 | बटाली पतला छाटा | 4 |
| 44 | हेक्सा ब्लेड | 11 |
| 45 | लकड़ी बर्मा | 1 |
| 46 | पलास | 1 |
| 47 | सिली पतला | 3 |
| 48 | फायर हुक | 3 |
| 49 | मग | 1 |
| 50 | फेनायल मग | 5 |
| 51 | पेचकस | 2 |
| 52 | बटाली लोहा का | 1 |
| 53 | हेक्सा ब्लेड का बर्मा | 1 |
| 54 | बर्मा हैण्डिल | 1 |
| 55 | ड्रील मशीन | 1 |
| 56 | स्टीगर गैस सिलेंडर | 6 |
| 57 | बाल्टी बड़ा | 2 |
| 58 | बाल्टी छोटा | 3 |
| 59 | किरान का तार | 2 |
| 60 | लोहे का कुर्सी | 1 |
| 61 | धोबी का टब | 1 |
| 62 | रायफल मग | 4 |
| 63 | टीप | 3 |
| 64 | गोदरेज कुर्सी | 3 |
| 65 | गोदरेज मुविंग चेयर | 1 |
| 66 | यू0पी0एस0बैटरी | 3 |
| 67 | यू0पी0एस0 | 1 |
| 68 | कन्धा बैच B.H.G. | 474 |
| 69 | टोपी बैच निस्काम सेवा | 335 |
| 70 | जी0सी0बटन बडा | 213 |
| 71 | टोपी बैच निस्काम सेवा | 113 |
| 72 | कन्धा बैच BHG | 738 |
| 73 | जी0सी0बटन छोटा | 4213 |
| 74 | कन्धा बैच BHG | 103 |
| 75 | कैन्सी बैच | 72 |
| 76 | टोपी बैच निस्काम सेवा | 183 |
| 77 | जी0सी0बटन बडा | 43 |
| 78 | जी0सी0बटन छोटा | 100 |

अतः इच्छुक क्रेता/खरीदार कार्यालय अवधि में जिला समादेष्टा का कार्यालय झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, मेदिनीनगर, पलामू में दिनांक–13/02/2023 को प्राप्तः 10:00 बजे से 4:00 बजे तक सामग्रियों का अवलोकन कर सकते हैं।

दिनांक–14/02/2023 को समय 11:00 बजे से 12:00 बजे तक उक्त सामग्री का क्रय करने वाली पार्टी अपनी–अपनी बोली लगा सकते हैं। सफल बोलीकर्त्ता को उसी दिन 15:00 बजे तक बोली की पूरी राशि नकद/चेक जमा करनी होगी। सफल बोलीकर्त्ता/एजेंसी को सभी सामग्रियों को 07 (सात) दिनों के अन्दर हटा लेना होगा। अनुपयोगी सामग्रियों के नीलामी के लिये गठित समिति के पास बोलियों को स्वीकार/अस्वीकार करने के सभी अधिकार सुरक्षित रहेगा।

ह0/
पुलिस उपाधीक्षक (मु0) गढ़वा
–सह–जिला समादेष्टा झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, पलामू।

PR 289491 Police(22-23)D

**ज्ञान की बात**

गंगा सहस्त्रों योजनों तक लोगों की प्यास बुझाती है। उनके खेत सींचती है। उसमें लोग नहाते हैं। कपड़े धोते हैं। नौकाएं चलाते हैं। सहस्त्रों जीव-जंतु उसमें रहते हैं फिर भी न उसमें जल की कमी होती है और न वह किसी को वंचित करती है। क्या इंसान इन गुणों को आत्मसात नहीं कर सकता?

– ठाकुर जी



# 2024 चुनाव की पटकथा

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने देवघर में भाजपा की विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार को देश की सबसे भ्रष्ट सरकार करार दिया। दूसरी तरफ हेमंत सोरेन ने जवाबी हमले में कहा कि यहां भाजपा की दाल नहीं गलेगी। इस प्रकार मिशन 2024 के लिए सभी दलों ने करीब-करीब बिगुल फूंक दिया है। झारखंड की 14 लोकसभा सीटों पर अपना -अपना दावा तय किया जा रहा है। भाजपा की ओर से अमित शाह ने झारखंड प्रवास में कई पत्तों को खोल दिया है। उनका सांसद निशिकांत दुबे के यहां जाना यह बतलाता है कि उनकी रणनीति पर्दे के पीछे तैयार हो चुकी है। बस उसका ब्लूप्रिंट सामने आने वाला है। कोल्हान और संताल की जनजाति समाज के बीच जाकर उन्होंने झामुमो को खुला चैलेंज देकर अपने इरादे जता दिया है। सीएम हेमंत सोरेन 1932 के खतियान और खतियानी यात्रा के जरिये चुनावी किला मजबूत करने में लगे हैं। सत्तारूढ़ कांग्रेस भी अब संताल में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत कर अपने इरादे जता रही है। ऐसे में झारखंड मिशन 2024 की बाजी मारने को सभी प्रमुख दल आदिवासी अस्मिता को साधने और अपने एजेंडे को पूरा करने में लग चुके हैं। बता दें झारखंड में एक महीने के भीतर अमित शाह की यह दूसरी रैली है। इसके पहले बीते 7 जनवरी को उन्होंने चाईबासा में पार्टी की पहली विजय संकल्प रैली को संबोधित किया था। देवघर में दूसरी विजय संकल्प रैली के मौके पर इफको के नैनो यूरिया प्लांट की आधारशिला रखकर यह जता दिया है कि वे संताल परगना को जीतने के संकल्पों को मूर्त्त रूप देने में जुट गये हैं। ऐसे में अनुमान के अनुसार आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में धर्मांतरण व लव जिहाद झारखंड में सबसे बड़ा मुद्दा बनने जा रहा है। भाजपा के मुताबिक झारखंड सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति को अपनाये हुए है। गौ तस्करी के मामले में हेमंत सोरेन की सरकार ने पुलिस को यह निर्देश दिया है कि गौ तस्करों के साथ सख्ती न की जाये। इसका परिणाम यह हुआ है कि गौ तस्कर झारखंड के पशुओं को बेधड़क बांग्लादेश भेज रहे हैं। पशु तस्करों का बड़ा नेटवर्क झारखंड में काम कर रहा है। एक खास वर्ग के अपराधकर्मियों को भी राज्य सरकार बचाने का भरसक प्रयास करती है। भाजपा इसे भी चुनावी मुद्दा बनाने में लग चुकी है। अब देखना है कि आगे-आगे होता है क्या? लेकिन एक बात जरूर है कि अगले साल होने वाले चुनाव राज्य के हितों की दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण होगें। कारण यहां की समस्याओं की असली पड़ताल आने वाले दिनों में ही होने की प्रबल संभावना है। इस बात को सभी पार्टियां समझ गयी हैं। ऐसे में यह बात कहने में कोई गुरेज नहीं कि इसकी पटकथा लिख ली गई है।

**सीएम हेमंत सोरेन 1932 के खतियान और खतियानी यात्रा के जरिये चुनावी किला मजबूत करने में लगे हैं। सत्तारूढ़ कांग्रेस भी अब संताल में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत कर अपने इरादे जता रही है।**

# ऊर्जा क्षेत्र के लिए अहम है जी-20 की बैठक



आलोक कुमार




**भारत** की जी-20 अध्यक्षता का केंद्रीय भाव- वसुधैव कुटुम्बकम, यानी सभी जीवित प्राणियों- मानव, पशु, पौधे और सूक्ष्मजीव और पृथ्वी पर इनके परस्पर संबंध के महत्व की पुष्टि करता है। हमारे प्रधानमंत्री के शब्दों में, भारत की जी-20 की अध्यक्षता इस सार्वभौमिक सह-अस्तित्व को बढ़ावा देने का प्रयास करेगी और इसलिए 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' इसका आदर्श वाक्य है। जी-20 के नेतृत्व का अवसर ऐसे समय में आया है, जब अस्तित्व से जुड़े खतरे बढ़ रहे हैं और इनके स्थायी समाधान ढूंढने की आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन से संबंधित मुद्दों का समाधान करना, भारत की जी-20 की अध्यक्षता की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके तहत दुनिया के विकासशील देशों में जलवायु वित्तपोषण और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण को समर्थन देकर न्यायोचित तरीके से ऊर्जा के गैर-परम्परागत स्त्रोतों को अपनाने पर जोर दिया गया है। दुनिया के लिए सार्थक और स्थायी समाधान प्राप्त करने के उद्देश्य से, वैश्विक दक्षिण (ग्लोबल साउथ) की चिंताओं, आकांक्षाओं और मुद्दों को सामने रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि इनमें से कई देशों को महत्वपूर्ण मंचों पर अपनी बातें रखने का मौका नहीं मिलता है। ऊर्जा क्षेत्र में आज दुनिया के सामने कई चुनौतियां हैं- पहुंच, सुरक्षा, उपयोग-सामर्थ्य से लेकर जलवायु परिवर्तन के वैश्विक मुद्दे तक। स्थायी ऊर्जा भविष्य के लिए इन मुद्दों को समग्र रूप में देखना महत्वपूर्ण है। भारत, अपनी ओर से, कम कार्बन वाली विकास रणनीति के लिए प्रतिबद्ध है। भारत के ऊर्जा उत्पादन मिश्रण में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है। आज, भारत पूरी दुनिया में नवीकरणीय ऊर्जा का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, जिसकी स्थापित बिजली क्षमता का 42.25 प्रतिशत हिस्सा, गैर-जीवाश्म ईंधन स्त्रोतों से आता है। हम स्थापित क्षमता के मामले में चौथे सबसे बड़े देश हैं और दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते नवीकरणीय ऊर्जा केंद्रों में से भी एक हैं। भारत ने 2021 में नवीकरणीय क्षमता में वैश्विक स्तर पर सबसे तेज वृद्धि (70 प्रतिशत) दर्ज की है, जिसके तहत केवल नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश 2021 में 11.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया। भारत के सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता भी 2005 के स्तर की तुलना से 28 प्रतिशत कम हो गई है। भारत जलवायु परिवर्तन से संबंधित मुद्दों के स्थायी समाधान ढूंढ़ने की दिशा में तेजी से कदम उठा रहा है। यह 2021 में ग्लासगो शिखर सम्मेलन में माननीय प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जहां 2030 तक कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन को एक बिलियन टन तक कम करने की घोषणा की गयी थी। सीसीपीआई सूचकांक (जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक) में, भारत को शीर्ष प्रदर्शन करने वाले बड़े देशों में स्थान दिया गया है। भारत, आज दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है और एक अरब से अधिक लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करता है। अनुमान है कि 2040 तक हमारी ऊर्जा की मांग दोगुनी से अधिक हो जायेगी। इस अनुमानित वृद्धि के साथ स्थायी बिजली उत्पादन, कार्बन उत्सर्जन को कम करने, ऊर्जा संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने की जिम्मेदारी भी आती है। सरकार ने देश के हर गांव और हर जिले को शामिल करते हुए सार्वभौमिक घरेलू विद्युतीकरण प्राप्त करने के उद्देश्य से सौभाग्य योजना- 'सार्वभौमिक पहुंच के लिए योजना' शुरू की। भारत ने 2019 के अंत तक रिकॉर्ड समय में सार्वभौमिक विद्युतीकरण हासिल किया, जिसके अंतर्गत कुल 28.6 मिलियन घरों का विद्युतीकरण किया गया। भारत में ऊर्जा दक्षता को उच्च प्राथमिकता दी गयी है। नीतिगत तौर पर, व्यक्तिगत और संस्थागत, दोनों ही स्तरों पर ऊर्जा के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए कई पहलें की गयी हैं। उजाला (सभी के लिए सस्ते एलईडी द्वारा उन्नत ज्योति) योजना, 2015 में शुरू की गयी, जिसका उद्देश्य घरेलू उपभोक्ताओं को एलईडी बल्ब प्रदान करना था। इसका लक्ष्य 770 मिलियन तापदीप्त बल्बों को एलईडी बल्बों से बदलना था, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा एलईडी वितरण कार्यक्रम बन गया। यह कार्यक्रम, प्रकाश व्यवस्था में ऊर्जा दक्षता को लक्षित करता है, क्योंकि यह ऊर्जा बचाने के लिए बड़े पैमाने पर अवसर प्रदान करता है। एक और बेहद सफल योजना है, उज्ज्वला- जो परिवारों को एलपीजी कनेक्शन प्रदान करती है। यह योजना विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाती है, उनके द्वारा किये जाने वाले कठिन श्रम को कम करती है, रसोई की समयावधि में कमी लाती है और समग्र रूप से उनके स्वास्थ्य में सुधार करती है। ऊर्जा संरक्षण अधिनियम के तहत, हमने विशिष्ट ऊर्जा खपत (एसईसी) को कम करने के उद्देश्य से पीएटी (कार्यक्रम निर्माण, प्राप्ति और व्यापार) योजना भी शुरू की, यानी, ऊर्जा गहन क्षेत्रों में नामित उपभोक्ताओं (डीसी) के लिए उत्पादन की प्रति यूनिट ऊर्जा का उपयोग तथा एक सम्बन्धित बाजार व्यवस्था के साथ अतिरिक्त ऊर्जा बचत, जिसका व्यापार भी किया जा सकता है।

**आज, भारत पूरी दुनिया में नवीकरणीय ऊर्जा का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, जिसकी स्थापित बिजली क्षमता का 42.25 प्रतिशत हिस्सा, गैर-जीवाश्म ईंधन स्त्रोतों से आता है। हम स्थापित क्षमता के मामले में चौथे सबसे बड़े देश हैं।**

**इन दिनों**

*(लेखक सचिव, विद्युत हैं)*

## बोधि वृक्ष

### आईए सुनें भगवान विश्वकर्मा की कथा

**पहला अध्याय**

**एक** समय अनेक ऋषिगण धर्मक्षेत्र में एकत्र हुए और वहां धर्म के तत्व जानने वाले सूत जी से ऋषि कहने लगें - हे पुराण के मर्मज्ञ, महात्मने, आप हमारे ऊपर अत्यंत कृपा करके हमारे इस अचानक उत्पन्न हुए सशंय का नाश किजिये। हमने सर्व व्यापक विष्णु के अनेक रूप सुने है, उनमे से कौन सा रूप सर्वश्रेष्ठ है, यह हमे बताइयें। हे महात्मा, मुनियो, तुमने संसार के कल्याण के लिए यह सर्व शुभ काम करने वाला बडां प्रश्न किया है, जो तुमने यह संसार के हित के लिए प्रश्न किया है, अतएव मै तुम्हारे लिए सब जगत पालक परम पूज्य भगवान विष्णु के महाअद्भुत रूप का वर्णन करूगां। हे तपस्वियो, उस परमात्मा के अनन्त रूप है, उनमे जो अनन्तं श्रेष्ठ है, उस रूप को अदंर से सुनो। उस दिव्य रूप के स्मरणमात्र से महापातकी मनुष्य भी पाप से छुट जाते है, इसमे सशंय नही है। इस ही प्रश्न को संसार के कल्याण के लिए क्षीरसमुद्रं में लक्ष्मी - भगवान विष्णु से एक बार पूछा था । लक्ष्मी कहने लगी - हे जगन्नाथ।आपके महान अनेक रूपो को भक्तमनुष्य भक्तियुक्त होकर पृथ्वी पर पूजते रहते है। हे प्रिय। क्या वे रूप सब समान ही हैं या उनमें गौण और मुख्य किसी प्रकार का भेद है। विष्णु भगवान बोले - हे प्रिय, जब मैं समस्त ब्रह्माण्ड को आत्मा में सहंत करके स्वानुभव रूप से योगमाया के स्थित होता हूँ, तब मैं एक ही बहुरूप धारण करू, इस प्रकार इच्छा करता हुआ अपनी माया के वश में हुआ। जीवों को कर्मभोग के लिए क्षणमात्र मे असंख्य ब्रह्मलोकादि लोकों को जिस रूप से रचता हूँ

*(क्रमशः)*

# अत्यंत खतरनाक है अंतरजाल की दुनिया



योगेश कुमार गोयल

**इंटरनेट** (अंतरजाल) उपयोग के दुष्प्रभाव को रोकने और सही उपयोग को लेकर प्रतिवर्ष 'सुरक्षित इंटरनेट दिवस' मनाया जाता है। यह हर साल फरवरी के दूसरे सप्ताह के दूसरे दिन होता है। इस वर्ष यह दिवस 7 फरवरी को मनाया जा रहा है। 2014 में सुरक्षित इंटरनेट दिवस ईयू सेफ बॉर्डर प्रोजेक्ट की उपज था। अब यूरोपियन कमीशन के सहयोग के साथ इनसेफ /इनहोप ऑर्गेनाइजेशन का उपक्रम है। अब यह 170 से भी ज्यादा देशों में मनाया जाता है। इंटरनेट को सभी के लिए और विशेष रूप से बच्चों और युवाओं के लिए सुरक्षित एवं बेहतर बनाने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। वर्तमान में इस दिवस की महत्ता इसलिए कई गुना बढ़ जाती है क्योंकि अब लोग डिजिटलाइज होते जा रहे हैं। पूरी दुनिया इंटरनेट पर आश्रित हो गई है। दरअसल इंटरनेट ने हमारे हर कार्य को आसान बना दिया है। महज एक क्लिक पर बहुत सारे कार्य पलक झपकते ही हो जाते हैं। इंटरनेट की मदद से हम घर बैठे ही दुनिया के किसी भी कोने की सैर कर सकते हैं। कहीं की भी सारी जानकारी चंद पलों में हासिल कर सकते हैं। बच्चों की पढ़ाई-लिखाई हो या ऑफिस का कामकाज, इंटरनेट ने सब कुछ बेहद आसान कर दिया है। एक ओर जहां इंटरनेट की इस मायावी दुनिया के अनगिनत लाभ हैं, वहीं इसके नुकसान भी कम नहीं हैं। इंटरनेट अब केवल कम्युनिकेशन टूल नहीं है बल्कि इसने इंसानों की निजी और व्यावसायिक दोनों ही जिंदगियों को प्रभावित किया है। विभिन्न शोधों के मुताबिक इंटरनेट का अधिक उपयोग करने वाले लोगों में डिप्रेशन की खतरा सर्वाधिक होता है। आज वित्तीय लेनदेन में इंटरनेट का बड़े स्तर पर उपयोग हो रहा है और ऐसे में ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामले भी निरन्तर बढ़ रहे हैं। इंटरनेट की हर किसी तक आसान पहुंच ने कई तरह की दिक्कतों जैसे साइबर बुलिंग, फिशिंग, व्यक्तिगत जानकारी के सार्वजनिक होने के डर के साथ कई और परेशानियों के लिए भी रास्ते खोल दिये हैं। इंटरनेट की लत लग जाने पर इसका सबसे बड़ा दुष्प्रभाव बच्चों पर पड़ता है। दरअसल कोरोनाकाल के बाद से ज्यादातर बच्चे इंटरनेट के उपयोग के आदी होते जा रहे हैं और इसका सीधा असर उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। यूनिसेफ की रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में सभी इंटरनेट उपयोगकताओं का एक तिहाई बच्चे हैं। कुछ देशों के युवाओं में इंटरनेट का उपयोग राष्ट्रीय औसत से दोगुना है। बच्चों को इंटरनेट के दुष्प्रभाव से सुरक्षित रखने के लिए यूनिसेफ द्वारा 'स्टे सेफ ऑनलाइन' अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य लड़कों-लड़कियों के बीच ऑनलाइन दुनिया को सुरक्षित रूप से नेविगेट करने के बारे में जागरूक करना है। इंटरनेट की आदत नशे की लत के समान ही होती है। ऐसे बच्चे बाहरी दुनिया से कटकर ऑनलाइन दुनिया में मस्त रहने लगते हैं, जिससे उसकी शारीरिक सक्रियता कम होने लगती है। इसका बच्चे की मानसिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ता है। वैसे भी इंटरनेट पर सही और गलत हर प्रकार की जानकारी बगैर फिल्टर के मौजूद होती है। बच्चा जब इंटरनेट ब्राउजिंग करता है तो उसे इंटरनेट पर कई तरह की फेक जानकारियां भी मिलती हैं। अब बच्चों में इतनी समझ तो नहीं होती कि वे अपने विवेक का इस्तेमाल कर सही-गलत की पहचान कर सकें। यही नहीं, यूट्यूब तथा अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बेवजह सक्रिय रहने से भी बच्चे की मानसिक स्थिति पर दुष्प्रभाव पड़ता है। जरूरत से ज्यादा इंटरनेट के इस्तेमाल से बच्चे का मन पढ़ाई से हटने लगता है। 'इंटरनेट वॉच फाउंडेशन' के अनुसार पचास हजार से भी ज्यादा ऐसे लिंक पाये गये थे, जिनमें चाइल्ड सेक्सुअल एब्यूज से जुड़ी सामग्री थी। इसी प्रकार एक अन्य रिपोर्ट में यह चौंकाने वाला खुलासा भी हुआ था कि प्रत्येक तीन में से एक बच्चे ने साइबर बुलिंग का अनुभव किया है। इससे स्पष्ट है कि डिजिटल तकनीक एक ओर जहां बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में मददगार साबित हो रही है, वहीं इंटरनेट की लत बच्चों के लिए बेहद खतरनाक भी साबित हो रही है। किशोर या बच्चे इंटरनेट की लत के कारण मानसिक रूप से विचलित हो जाते हैं और दैनिक कार्यों को निपटाने में भी काफी परेशानी का अनुभव करते हैं। बच्चों में इंटरनेट के उपयोग की आदत उन्हें गुस्सैल और चिड़चिड़ा बना सकती है, जो उनके मानसिक बदलाव की निशानी है। बच्चा जब घंटों तक मोबाइल फोन पर आंखें गड़ाये गेम खेलता है या सोशल मीडिया का इस्तेमाल करता है और ऐसे में यदि उससे कुछ देर के लिए भी फोन ले लिया जाए तो उसे अपने बड़ों पर भी क्रोध आता है। इंटरनेट का अत्यधिक उपयोग बच्चों में अवसाद की बड़ी वजह बन रहा है। इंटरनेट का ज्यादा उपयोग करने वाले बच्चों को प्रायः रात में कम नींद आने की समस्या भी होने लगती है।

**बच्चा जब इंटरनेट ब्राउजिंग करता है तो उसे इंटरनेट पर कई तरह की फेक जानकारियां भी मिलती हैं। अब बच्चों में इतनी समझ तो नहीं होती कि वे अपने विवेक का इस्तेमाल कर सही-गलत की पहचान कर सकें।**

**तकनीकी**

## फोटो की दुनिया



## ट्वीट-ट्वीट

Hemant Soren
@HemantSorenJMM

नई दिल्ली में आदरणीय श्री जेपी नड्डा जी के सुपुत्र के विवाह के अवसर पर आयोजित आशीर्वाद समारोह में शामिल हुआ। नव दंपति को सुखद और खुशहाल दांपत्य जीवन के लिए अनेक-अनेक शुभकामनाएं।

## फेसबुक वॉल से




# सिर्फ वोट का भेद मिटाने से काम नहीं चलेगा



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**देश** में एक बार फिर यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) पर विवाद खड़ा किया जा रहा है । आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड जिस प्रकार से अपनी छोटी मानसिकता का परिचय दे रहा है, उससे साफ समझ आ रहा है कि वह भारत के तमाम मुसलमानों को गुमराह करने के कार्य में लगा है । कहना होगा कि आज कहीं न कहीं यह संस्था भारत में मुसलमानों को इस्लाम के नाम पर मजहब को ऊपर रख देश को तोड़ने का कार्य कर रही है । वस्तुतः ऐसा कहने का ठोस कारण यह है कि आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना सैयद राबे हसनी नदवी की अध्यक्षता में हुई नदवातुल उलेमा बोर्ड की कार्यकारिणी बैठक में प्रस्ताव पारित कर मुसलमानों से यह आह्वान किया गया कि "मुसलमान का मतलब अपने आपको अल्लाह के हवाले करना है, इसलिए हमें पूरी तरह शरीअत पर अमल करना है।" इसके साथ ही बोर्ड सरकार से यह कहता है कि देश के संविधान में हर शहरी को अपने धर्म पर अमल करने की आजादी है, इसलिए वह आम नागरिकों की मजहबी आजादी का एहतराम करते हुए यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) का इरादा छोड़ दे। वास्तव में यह प्रस्ताव में लिखी बातें तो गलब ही हैं। वह तो सीधे केंद्र सरकार को धमकी दे रहा है। पर्सनल लॉ बोर्ड साथ में कह रहा है- "मुल्क में अगर भाईचारा खत्म हो गया तो मुल्क का इत्तेहाद पार हो जायेगा। अगर नफरत के जहर को नहीं रोका गया तो ये आग ज्वालामुखी बन जायेगी और मुल्क की तहजीब, उसकी नेकनामी, इसकी तरक्की और इसकी नैतिकता सब को जलाकर रख देगी।" अब इनसे कोई पूछे, कौन फैला रहा है नफरत ? "मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर" आज आप भारत के किसी भी कोने में चले जाएं वहां " सर तन से जुदा" के नारे कौन लगा रहा है? और सिर्फ ये नारा लगाया ही नहीं जा रहा, जो कहा गया उस पर अमल करते हुए अब तक पता नहीं कितने लोगों के " सर तन से जुदा" कर भी दिये गये हैं । कोई इनसे पूछे कि जो यह प्रस्ताव पास कर रहे हैं, वह देश तोड़ने का नया फरमान तो नहीं ? बोर्ड के महासचिव मौलाना खालिद सैफ उल्लाह रहमानी कह रहे हैं कि धर्मांतरण को लेकर बनाये गए विभिन्न राज्यों के कानूनों को तुरंत वापस लिया जाए। हमारे संविधान में हर नागरिक को किसी धर्म को अपनाने और धर्म का प्रचार करने की पूरी आजादी दी गई है, लेकिन वर्तमान में कुछ प्रदेशों में ऐसे कानून लाये गये हैं, जो नागरिकों को इस अधिकार से वंचित करने की कोशिश है जोकि निंदनीय है, लेकिन उनसे कोई यह अवश्य पूछे कि धर्मांतरण के लिए संविधान ने नहीं कहा है, लालच देकर, भय दिखाकर लोगों के ईमान को बदल देने को संविधान कानून से रोकने की बात कहता है। सदियों से भारत में लालच और भय से कौन धर्म बदलवाने में संलिप्त है? यह किसी से छिपा नहीं है। देश का विभाजन भी हो गया, आश्चर्य की बात है कि जिन लोगों ने देश तोड़ने में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, जब विभाजन हुआ तो वे अधिकांश लोग नए बने पाकिस्तान में गये भी नहीं और स्वाधीनता आन्दोलन में बराबरी की हिस्सेदारी का अलाप करते हुए फिर से शेष भारत में आज भी मजहबी राजनीति कर रहे हैं। हम सबको याद है कि 1948 में जब हिंदू कोड बिल संविधान सभा में पहली बार पेश किया गया, तब कुछ लोगों ने इसका जमकर विरोध किया, किंतु डॉ. भीमराव अंबेडकर अपने उद्देश्य से डिगे नहीं। वे भारत की स्त्रियों को हर स्थिति में समान अधिकार दिलाने के लिए संकल्पित थे। तत्कालीन कानून मंत्री अंबेडकर ने 5 फरवरी, 1951 को हिंदू कोड बिल को संसद में दोबारा प्रस्तुत किया। इसके बाद 17 सितंबर, 1951 को चर्चा के लिए इस बिल को फिर संसद के पटल पर रखा गया। संसद में विरोध के चलते तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू ने हिंदू कोड बिल को चार हिस्सों में बांट दिया, जोकि अंबेडकर जी को सही नहीं लगा और उन्होंने आहत होकर कानून मंत्री के पद से इस्तीफा तक दे दिया। डॉ. अंबेडकर ने हिंदू कोड बिल पारित करवाने को लेकर साफ कहा कि "मुझे भारतीय संविधान के निर्माण से अधिक दिलचस्पी और खुशी हिंदू कोड बिल पास कराने में है।' और आखिर 1955 में हिंदू मैरिज एक्ट आया, जिसके अंतर्गत तलाक को कानूनी दर्जा, अलग-अलग जातियों के स्त्री-पुरुष को एक-दूसरे से विवाह का अधिकार और एक बार में एक से ज्यादा शादी को गैरकानूनी घोषित कर दिया गया था। फिर 1956 में ही हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, हिंदू दत्तक ग्रहण और पोषण अधिनियम और हिंदू अवयस्कता और संरक्षकता अधिनियम देश में संवैधानिक नियमन से लागू हुए।

**अगर नफरत के जहर को नहीं रोका गया तो ये आग ज्वालामुखी बन जायेगी और मुल्क की तहजीब, उसकी नेकनामी, इसकी तरक्की और इसकी नैतिकता सब को जलाकर रख देगी।" अब इनसे कोई पूछे, कौन फैला रहा है नफरत?**

**सामयिकी**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्पलेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# शिशु को नहीं आती नींद तो नारियल तेल से करें मालिश



हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे स्वस्थ, उन्हें किसी भी तरह की समस्या न हो। खासकर यदि बच्चा छोटा है तो उसे खास देखभाल की जरुरत पड़ती है। बच्चे के बेहतर विकास के लिए पोषण के साथ-साथ भरपूर मात्रा में नींद लेना भी जरुरी है। लेकिन कई बार माता-पिता परेशान रहते हैं कि बच्चे रात में अच्छे से सो नहीं पाते और बार-बार उठकर रोने लगते हैं। इसका कारण बच्चे की स्किन में इंफेक्शन या किसी तरह का रैशेज हो सकता है। ऐसे में आप बच्चे की त्वचा को किसी भी तरह के रैशेज से बचाने के लिए नारियल तेल से मसाज कर सकते हैं।

## रिलैक्स महसूस करेंगे बच्चे

एक्सपर्ट्स के अनुसार, नारियल के तेल में कामिंग इफेक्ट मौजूद होता है। इस तेल से बच्चे की मालिश करने से वह शांत होते हैं और आरामदायक महसूस करते हैं। साथ ही वह रातभर अच्छे से गहरी नींद में भी सो पाते हैं।

## ड्राई स्किन होगी ठीक

बच्चों को ड्राई स्किन और खुजली की समस्या भी होती है, जिसके कारण वह रातभर रोते हैं। खासकर नवजात शिशु को यह समस्या बहुत ज्यादा होती है, ऐसे में आप उनकी रात को नारियल तेल से मसाज करें। इस तेल में एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीइंफ्लेमेटरी गुए पाए जाते हैं जो खुजली और ड्राई स्किन से बच्चे को बचाने में मदद करते हैं। साथ ही बच्चा आराम से भी सो पाता है।

## इंफेक्शन से बचाए

नवजात शिशु के बालों के नीचे की त्वचा बहुत ही रुखी होती है जिसे साफ करना बेहद जरुर होता है। यदि समय पर त्वचा साफ न की जाए तो इंफेक्शन भी फैल सकता है। इंफेक्शन से शिशु की त्वचा को बचाने के लिए आप नारियल तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। शिशु के सिर में नारियल तेल डालें। 20 मिनट के लिए ऐसे ही रहने दें। तय समय के बाद गुनगुने पानी से सिर धो दें। इससे स्कैल्प में नमी आएगी और धीरे-धीरे क्रैडल कैप कम होने लगेंगे।

## बच्चे को ठंड से बचाए

बच्चे की इम्यूनिटी बहुत ही कमजोर होती है जिसके कारण उन्हें खांसी-सर्दी जैसी समस्या हो सकती है। ऐसे में आप बच्चे की नारियल तेल से मसाज कर सकते हैं। खासकर बंद नाक की समस्या में आप नारियल के तेल में यूकिलिप्टस या पिपरमिंट डालकर शिशु की मसाज करें।

## कोमल होगी बच्चे की त्वचा

विंटर के मौसम में त्वचा ड्राई होने के कारण सूखने लगती है। सूखी त्वचा के कारण बच्चे इरिटेट होने लगते हैं और रोने लगते हैं। ऐसे में आप नारियल तेल से बच्चे की मसाज कर सकते हैं। इसमें मॉइश्चराइजिंग गुण पाए जाते हैं तो त्वचा को पोषण देने में मदद करते हैं। नारियल तेल से शिशु की मसाज करने से उनकी त्वचा कोमल होती है और वह रिलैक्स महसूस करते हैं।

# बीमार नहीं पड़ेंगे बच्चे पेरेंट्स सुबह खाली पेट खिलाएं ये फूड्स

बच्चों को हैल्दी रखने के लिए जरुरी है कि उनके शरीर को अच्छी मात्रा में पोषण मिले। कई बार बच्चे सुबह उठकर कुछ अनहैल्दी चीजें खा लेते हैं जिसके कारण उनका स्वास्थ्य खराब हो सकता है। ऐसे में पेरेंट्स बच्चे को बीमारियों से बचाने के लिए उन्हें सुबह खाली पेट कुछ चीजें दे सकते हैं। इसे खाने से बच्चे एकदम हैल्दी भी रहेंगे और मौसमी बीमारियों से भी बचे रहेंगे। अगर आप बच्चे के शरीर को हैल्दी रखना चाहते हैं तो उन्हें खाली पेट ये फूड्स खिला सकते हैं।

**आंवले का मुरब्बा :** आंवले के मुरब्बे में पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसमें कैल्शियम, आयरन, पौटेशियम और विटामिन-सी काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होते हैं सुबह खाली पेट बच्चों को इसका सेवन करवाने से उनकी आंखों की रोशनी तेज होगी और पेट भी स्वस्थ रहेगी। इसके अलावा यह बच्चे को मौसमी बीमारियों से बचाने में भी मदद करता है।

**बादाम :** बादाम शरीर के लिए काफी फायदेमंद माने जाते हैं इनमें प्रोटीन, आयरन, फाइबर और विटामिन-ई की काफी अच्छी मात्रा पाई जाती है। इसका सेवन करने से बच्चे की यादाश्त बढ़ती है, शरीर स्वस्थ रहता है और इम्यूनिटी भी मजबूत होती है।

**गुनगुना पानी :** सुबह उठकर आप बच्चे को खाली पेट गुनगुना पानी जरुर पिलाएं। इससे उनका शरीर हैल्दी रहता है और मौसमी बीमारियों से भी बच्चा दूर रहता है। गुनगुना पानी मेटाबॉल्जिम बूस्ट करने में मदद करता है। इसे पीकर बच्चे का शरीर लंबे समय तक हैल्दी रहता है।

**सेब :** सेब शरीर के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है, इसमें आयरन, कैल्शियम, पौटेशियम, जिंक काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। सुबह खाली पेट बच्चे को सेब देने से उनकी इम्यूनिटी मजबूत होगी और आंखों की रोशनी भी तेज होगी। यदि आप बच्चे को हैल्दी रखना चाहते हैं तो उन्हें सुबह खाली पेट सेब जरुर दें।

**केला :** केले में काबोर्हाइड्रेट, जिंक, सोडियम और आयरन काफी अच्छी मात्रा में पाया जाता है। खाली पेट बच्चे को केला खाने से बच्चे का वजन भी बढ़ेगा और हड्डियां मजबूत बनेंगी। आप रोज सुबह खाली पेट बच्चे को केला दे सकते हैं।

# ऑरेंज की मदद से बनाएं स्किन टोनर

एक संतरा लें और चाकू या सिट्रस पीलर की मदद से इसके छिलके को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। छिलकों को हीट सेफ जार में डालें और फिर इसमें एक कप उबलता पानी डालें। इसे ढक्कन से ढक दें और रात भर भीगने दें। जब ठंड का मौसम आता है तो हम सभी संतरा खाना बेहद पसंद करते हैं। विटामिन सी रिच संतरा ना केवल स्वाद में बेहद अच्छा होता है, बल्कि यह इम्युन सिस्टम को भी बूस्ट अप करता है। इतना ही नहीं, संतरा हमारी स्किन का ख्याल रखने में भी बेहद मददगार होता है। आपको शायद पता ना हो, लेकिन संतरे की मदद से टोनर बनाकर स्किन का बेहद अच्छी तरह ध्यान रखा जा सकता है।



## संतरे और विच हेजल की मदद से बनाएं टोनर

यह एक ऐसा टोनर है, जिसे बेहद आसानी से तैयार किया जा सकता है। इसके लिए आपको संतरे के बचे हुए छिलके और विच हेजल की जरूरत होगी।

## आवश्यक सामग्री

- 1 संतरे का छिलका
- 1 बड़ा चम्मच विच हेजल
- 1 कप उबलता पानी

## टोनर बनाने का तरीका-

- एक संतरा लें और चाकू या सिट्रस पीलर की मदद से इसके छिलके को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें।
- छिलकों को हीट सेफ जार में डालें और फिर इसमें एक कप उबलता पानी डालें। इसे ढक्कन से ढक दें और रात भर भीगने दें।
- अब इस लिक्विड को एक स्प्रे बोतल में डालकर छान लें और उसमें 1 बड़ा चम्मच विच हेजल डालें। विटामिन सी की ताजगी बनाए रखने के लिए उसे गहरे रंग के कांच के बर्तन में रखना चाहिए।

संतरे और बादाम के तेल से बनाएं टोनर

यह टोनर आपकी स्किन को अतिरिक्त नमी प्रदान करने में मदद करता है। इसलिए, अगर आप विंटर में रूखी स्किन से परेशान हैं तो इस टोनर का इस्तेमाल करें।

## आवश्यक सामग्री

- 1 संतरा
- 1 बड़ा चम्मच नींबू का रस
- 2 बड़े चम्मच बादाम का तेल
- आधा कप पानी
- 1 बड़ा चम्मच ग्लिसरीन

## टोनर बनाने का तरीका-

- संतरे को छीलकर उसकी स्लाइस अलग कर लें, उन्हें जूसर ग्राइंडर में डालकर पीस लें।
- इस मिश्रण को एक छोटे कटोरे में डालें।
- एक दूसरी कटोरी में थोड़ा सा नींबू का रस और बादाम का तेल डालें। इसे अच्छी तरह मिक्स करें।
- अब इसमें थोड़ी सी ग्लिसरीन मिलाएं और सभी सामग्रियों को एक साथ मिला लें।
- अंत में, संतरे का रस का कटोरा लें, और दूसरे कटोरे के ऊपर एक छलनी रखें और छलनी में संतरे का रस डालें ताकि इसका रस छलनी से निकल जाए और अन्य सामग्री के साथ मिल जाए।
- आप सभी सामग्री को अच्छे से मिला लें और यदि आवश्यक हो तो थोड़ा पानी डालें।
- इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में डालें। आपका टोनर बनकर तैयार है। उपयोग करने से पहले टोनर की बोतल को अच्छी तरह हिलाएं।

**– मिताली जैन**

# एक्ने की समस्या से निजात दिलाएगा सिरका



एप्पल साइडर विनेगर की मदद से टोनर बनाकर इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए आप 2 बड़े चम्मच आर्गेनिक एप्पल साइडर विनेगर, दो कप शुद्ध फिल्टर्ड पानी और 1 चम्मच ताजा और प्राकृतिक एलोवेरा जेल डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। सेब का सिरका एक ऐसा इंग्रीडिएंट है, जिसे अक्सर किचन में इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन वास्तव में यह एक मल्टीपर्पस प्रोडक्ट है, जिसे कई तरीकों से काम में लाया जा सकता है। क्लीनिंग से लेकर ब्यूटी प्रॉब्लम्स को दूर करने में सिरका बेहद ही काम आ सकता है। चाहे आपको एक्ने की समस्या हो या फिर काले धब्बे परेशान करते हों, तो आप एप्पल साइडर विनेगर को इस्तेमाल करने पर विचार करें। हालांकि, आपको यह ध्यान रखना चाहिए कि सेंसेटिव स्किन होने पर इसका इस्तेमाल ना करें। साथ ही, इसे हमेशा किसी ना किसी तरह से डायलूट करके लगाना चाहिए।

## एप्पल साइडर विनेगर से बनाएं टोनर

एप्पल साइडर विनेगर की मदद से टोनर बनाकर इसका इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए आप 2 बड़े चम्मच आर्गेनिक एप्पल साइडर विनेगर, दो कप शुद्ध फिल्टर्ड पानी और 1 चम्मच ताजा और प्राकृतिक एलोवेरा जेल डालकर अच्छी तरह मिक्स करें। आप इस मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में भरकर रख लें। हर रात को सोने से पहले अपने चेहरे को क्लीन करने के बाद इस टोनर का प्रयोग करें।

## एप्पल साइडर विनेगर से करें स्पॉट ट्रीटमेंट

अगर आप काले धब्बों व दानों से परेशान हैं तो ऐसे में आप सिरके से स्पॉट ट्रीटमेंट किया जा सकता है। इसके लिए आपको बस इतना करना है कि आप 2 बड़े चम्मच आर्गेनिक एप्पल साइडर विनेगर लें और इसे 1 कप अनफिल्टर्ड पानी के साथ अच्छी तरह मिलाएं। मिश्रण को एक स्प्रे बोतल में स्टोर करें और इसे कॉटन पैड पर स्प्रे करें। अब इस पैड को दाने पर रखें और एक मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अगली सुबह तक अपना चेहरा न धोएं, और आप पाएंगे कि दाने का आकार और लाली दोनों में कम हो गया है।

## लें फेशियल स्टीम

एप्पल साइडर विनेगर से स्टीम लेकर भी आप अपनी स्किन को क्लीयर बना सकती हैं। इसके लिए आप 2 कप पानी में 4 बड़े चम्मच ऑर्गेनिक सेब का सिरका और शुद्ध टी ट्री ऑयल की 3-4 बूंदें मिलाएं। इस मिश्रण को उबालें और इसकी भाप को अपनी स्किन के पोर्स में रिसने दें। यह आपकी त्वचा को साफ और स्पष्ट करने में मदद करेगा। इससे एक्ने और काले धब्बे दोनों में जल्द अंतर नजर आएगा।

## एप्पल साइडर विनेगर और मुल्तानी मिट्टी से बनाएं मास्क

मुंहासों का एक मुख्य कारण स्किन पर मौजूद अतिरिक्त ऑयल भी होता है। ऐसे में आप मुल्तानी मिट्टी को इसमें मिक्स करके एक बेहतरीन मास्क तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आप 1 चम्मच एप्पल साइडर विनेगर और 1 बड़ा चम्मच मुल्तानी मिट्टी को मिलाकर एक पेस्ट बना लें। आप इस पेस्ट में गुलाब जल को भी मिक्स कर सकते हैं। अब आप इसे अपनी स्किन पर लगाएं और 15 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अंत में, अपनी स्किन को वॉश कर लें।

## सूडोकु नवताल- 6603

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6602 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## दैनिक पंचांग

**07 फरवरी 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मकर में | कुंभ | 07.02 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मीन | 08.35 बजे से |
| मंगल | वृष में | मेष | 10.05 बजे से |
| बुध | मकर में | वृष | 11.45 बजे से |
| गुरु | मीन में | मिथुन | 13.43 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | कर्क | 15.57 बजे से |
| शनि | कुंभ में | सिंह | 18.13 बजे से |
| राहु | मेष में | कन्या | 20.25 बजे से |
| केतु | तुला में | तुला | 22.36 बजे से |
| राहुकाल | | वृश्चिक | 00.50 ब.से |
| 3.00 से 4.30 | | धनु | 03.06 बजे से |
| बजे तक | | मकर | 05.11 बजे से |

**मंगलवार** 2023 वर्ष का 38 वां दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2079 **शक संवत्** 1944 **मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वितीया 04.29 बजे प्रात: को समाप्त। **नक्षत्र** मघा 17.45 बजे को समाप्त। **योग** शोभन 16.02 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 15.26 बजे तदनन्तर गर 04.29 बजे प्रात: को समाप्त। **चन्द्रायु** 16.1 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 15° 28' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871517 **जूलियन दिन** 2459982.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** रज्जब **तारीख** 15

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7667

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 | ■ | 4 |
| 5 | ■ | | ■ | 6 | | | ■ | |
| 7 | | | | | ■ | 8 | 9 | |
| ■ | ■ | | ■ | 10 | 11 | ■ | | ■ |
| 12 | 13 | | 14 | ■ | 15 | 16 | | |
| ■ | | ■ | 17 | 18 | ■ | | ■ | ■ |
| 19 | | 20 | ■ | 21 | | | | 22 |
| | ■ | 23 | | | ■ | | ■ | |
| | ■ | | ■ | ■ | 24 | | | ■ |

**बाएँ से दाएँ**

1. उच्च कुल का-3
6. जलज,पंकज,नीरज-3
7. चरित्र,धर्म-5
8. वचन,प्रतिज्ञा-3
10. आनेवाला दिन-2
12. पक्षियों का शोर, पक्षियों की चहचहाट -4
15. अनबन,कहासुनी-4
17. रुपया,पैसा-2
19. भ्रम,संदेह-3
21. कहानी लिखनेवाला-5
23. अंजन-3
24. वजह-3

**ऊपर से नीचे**

2. अधिवर्ष,29 फरवरी वाला वर्ष-2,3
3. कंठ,गला-3
4. लाज,लज्जा-3
5. विवाह,ब्याह-2
6. सोना,धतूरा-3
9. टेका,आसरा-3
11. बुरी आदत-2
13. रेखा,लाइन-3
14. हत्या,मर्डर-2
16. नवचंद्राकार -5
18. अनुकृति-3
19. भला कार्य-3
20. घर,गृह,निवास-3
22. युद्ध,संग्राम -2

शब्द पहेली -7666 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | भ | क्त | ■ | सा | र | सं | भा | ल |
| का | या | ■ | व | ज | ह | ■ | त | प |
| ग | न | र | ■ | न | न | द | ■ | ल |
| ■ | क | स | म | ■ | स | ■ | पा | पा |
| ह | ■ | म | न | मो | ह | क | ■ | ना |
| म | स्त | ■ | भा | ■ | न | म | क | ■ |
| स | ■ | क | ब | च | ■ | र | म | ल |
| फ | ना | ■ | न | र | म | ■ | त | ब |
| र | म | ण | ■ | म | ■ | शो | र | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार विस्तार की योजना बनाएंगे। कार्यभार की अधिकता रहेगी और दिन भागदौड़ में बीतेगा। अपने प्रयासों और अधिक मेहनत के कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। धनप्राप्ति के योग हैं। सोच-समझकर और सलाह लेकर ही प्रॉपर्टी में निवेश करें। पैसे की लेन-देन करने से बचें।

**मिथुन राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में धनप्राप्ति होगी, लेकिन थोड़ी प्रतिकूलताओं का कामना करना पड़ेगा। कई दिनों से लंबित कार्य पूर्ण होगा।

**कर्क राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधे में सफलता मिलेगी। कारोबार के सिलसिले में यात्रा पर जाना हो सकता है।

**सिंह राशि** : आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार में अच्छा लाभ कमा सकते हैं। अटके हुए कार्य पूरे होंगे। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। व्यापार-धंधे में प्रगति होगी।

**कन्या राशि** : आर्थिक सुख-समृद्धि के बढने. का समय है। धन आगमन के रास्ते बनेंगे। घर-परिवार में अपनों की अच्छी सलाह से भी फायदे के रास्ते खुल सकते हैं।

**तुला राशि** : कार्यों की सफलता के लिए आज कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। धन आगमन के योग हैं, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में अच्छा मुनाफा होगा। कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी। धनप्राप्ति होने से परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**धनु राशि** : आज का दिन मनोरंजन और घूमने-फिरने में समय व्यतीत कर सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। कारोबार में नवीन अवसर उपलब्ध रहेंगे। शिक्षा में प्रगति होगी।

**मकर राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिलने के योग हैं। दाम्पत्य जीवन सुखी रहेगा। पुराने लोगों से रिश्तों में सुधार होगा, जिससे बड़ी सफलता भी मिल सकती है।

**कुंभ राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक लाभ और आकस्मिक धन आगमन के योग हैं। विदेश यात्रा पर जा सकते हैं। दाम्पत्य जीवन में किसी बात को लेकर तनाव हो सकता है।

**मीन राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। आर्थिक लाभ के योग रहेंगे, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ? से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। पति-पत्नी के बीच तालमेल बना रहेगा।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# बदल रहा है भारत का ऊर्जा क्षेत्र निवेश की अपार संभावनायें : पीएम

### पीएम मोदी ने भारत ऊर्जा सप्ताह-2023 का किया उद्घाटन

### कार्यक्रम में दुनियाभर के 30 से अधिक मंत्रियों की रही उपस्थिति

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विश्वभर के निवेशकों से भारत के ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भविष्य की दुनिया में ऊर्जा क्षेत्र का बड़ा रोल रहनेवाला है और भारत ऊर्जा के नए संसाधनों के विकास और ऊर्जा परिवर्तन में सबसे मजबूत आवाज बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री वर्तमान में कर्नाटक के एक दिवसीय दौरे पर हैं। सोमवार को उन्होंने बेंगलुरु में भारत ऊर्जा सप्ताह-2023 का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में दुनियाभर के 30 से अधिक मंत्रियों की उपस्थिति रही। इस दौरान 30 हजार प्रतिनिधि, 1 हजार प्रदर्शनकर्ता और 500 वक्ता भारत के ऊर्जा भविष्य की चुनौतियां और अवसर पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम के दौरान, प्रधानमंत्री वैश्विक तेल व गैस संस्थानों के सीईओ के साथ गोलमेज संवाद करेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विभिन्न चुनौतियों के बावजूद भारत वर्तमान में विश्व में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। एक स्थिर सरकार, निरंतर रिफॉर्म और सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण के जरिए हमने कई चुनौतियों को पार किया है।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 के बाद से भारत की हरित ऊर्जा को लेकर प्रतिबद्धता और प्रयास दोनों को दुनिया ने देखा है। बीते 9 वर्षों में अक्षय ऊर्जा की क्षमता को 70 से 170 गिरावट किया गया है। सोलर ऊर्जा क्षमता को 20 गुना बढ़ाया गया है। पवन ऊर्जा की क्षमता में भारत चौथे नंबर पर है और इस दशक के अंत तक 50 प्रतिशत गैर जीवाश्म ईंधन क्षमता का लक्ष्य लेकर चल रहा हैं।

### ऊर्जा परिवर्तन को लेकर बड़े स्तर पर चल रहे हैं प्रयास



**प्रधानमंत्री** ने कहा कि आज भारत में ऊर्जा परिवर्तन को लेकर बड़े स्तर पर प्रयास चल रहे हैं। यह अध्ययन का विषय है। इसके दो पहलु हैं। पहला अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों को अपनाना और दूसरा ऊर्जा संरक्षण के प्रभावी तरीकों को अपनाना। प्रधानमंत्री ने ऊर्जा क्षेत्र में भारत की रणनीति के 4 प्रमुख कार्यक्षेत्र बताए। उन्होंने कहा कि भारत अपना घरेलू उत्पादन बढ़ाने की दिशा में प्रयास कर रहा है। वितरण और विकेंद्रीकरण को बढ़ा रहा है। बायोफ्यूल, इथेनॉल और कंप्रेस्ड बायोगैस तथा सोलर ऊर्जा जैसे वैकल्पिक ऊर्जा साधनों का विस्तार कर रहा है। वहीं, इलेक्ट्रिक बिजली से चलने वाले वाहनों और हाइड्रोजन के जरिए कार्बन उत्सर्जन को कम कर रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने इंडियन ऑयल इंडोर सौलर कुकिंग प्रणाली के ट्विन टॉप मॉडल का लोकार्पण किया। यह घर के भीतर सौर ऊर्जा से खाना पकाने का क्रांतिकारी समाधान है। जो सूर्य ऊर्जा के साथ-साथ सहायक ऊर्जा स्त्रोतों से भी काम करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सोलर कुकटॉप भारत में ग्रीन एंड क्लीन कुकिंग को एक नया आयाम देने जा रहा है।

## NEWS इन ब्रीफ

### जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग हल्के वाहनों के लिए खुला

**जम्मू।** जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग हल्के वाहनों के लिए दोनों तरफ से खुला है जबकि बर्फबारी व फिसलन के चलते मुगल रोड व एसएसजी रोड यातायात के लिए बंद है। सोमवार सुबह से ही हल्के वाहनों को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों तरफ से छोड़ा गया। हल्के वाहनों के गुजरने के बाद ही भारी वाहनों को नवयुग सुरंग से जम्मू की ओर की ओर रवाना किया जाएगा।

### बीमार ओमन चांडी से मिलने पहुंचे एंटनी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के दो बार के पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी का हालचाल जानने उनके करीबी सहयोगी और दिग्गज कांग्रेसी नेता ए.के. एंटनी सोमवार को उनके निवास पर पहुंचे। पिछले चार दशकों से केरल की कांग्रेस में एंटनी गुट का दबदबा रहा है, लेकिन इसका प्रबंधन चांडी के हाथ में था। एंटनी ने कहा कि वह अक्सर चांडी के स्वास्थ्य के बारे में पूछते रहते हैं।

### समलैंगिक जोड़े की याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को समलैंगिक जोड़े की उस याचिका पर विचार करने पर सहमत हो गया, जिसमें केरल हाईकोर्ट ने के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें उनमें से एक को मनोचिकित्सक के साथ काउंसलिंग सेशन सत्र में भाग लेने का निर्देश दिया गया था। अधिवक्ता श्रीराम पी. ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष याचिका का उल्लेख किया और मामले में तत्काल सुनवाई की मांग की।

### मुंबई पुलिस ने 24 घंटे के लिए ड्रोन व ग्लाइडर पर लगाई पाबंदी

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 फरवरी को मुंबई के एक दिन के दौरे से पहले पुलिस ने शहर के विभिन्न स्थानों पर ड्रोन, पैराग्लाइडर और रिमोट से चलनेवाले माइक्रोलाइट एयरक्राफ्ट, सभी प्रकार के गुब्बारे, पतंग के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह जानकारी एक अधिकारी ने सोमवार को दी। यह प्रतिबंध 9-10 फरवरी की मध्यरात्रि से 10-11 फरवरी की मध्यरात्रि तक प्रभावी रहेगा।

# आर्थिक प्रगति के लिए डिजिटल कनेक्टिविटी बढ़ाने में दूरसंचार क्षेत्र की अहम भूमिका : मुर्मू

### राष्ट्रपति ने विभिन्न क्षेत्र के अधिकारी प्रशिक्षुओं को किया संबोधित

### ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में जनता को जोड़ने पर दिया बल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि तेजी से आर्थिक प्रगति हासिल करने के लिए डिजिटल कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाने में दूरसंचार क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में भारतीय नौसेना सामग्री प्रबंधन सेवा के अधिकारी, केंद्रीय इंजीनियरिंग सेवा (सड़क) के सहायक कार्यकारी अभियंता और भारतीय डाक और दूरसंचार लेखा और वित्त सेवा के अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए यह बात कही।

राष्ट्रपति ने कहा : डिजिटल इंडिया पहल सरकार को अधिक दक्षता और पारदर्शिता के साथ विभिन्न सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने में मदद कर रही है। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में अभी भी असंबद्ध जनता को जोड़ने के लिए प्रयास जारी रखने की आवश्यकता पर बल दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय नौसेना हमारे समुद्री हितों, व्यापार मार्गों की सफलतापूर्वक रक्षा कर रही है और संकट के समय सहायता प्रदान कर रही है।

आगे उन्होंने कहा कि किसी राष्ट्र के आर्थिक विकास और वृद्धि के लिए सड़क संपर्क और बुनियादी ढांचा महत्वपूर्ण है। हाल के वर्षों में सरकार ने नए राजमार्गों के निर्माण और मौजूदा राजमार्गों के उन्नयन के लिए कई पहल की हैं। इससे माल का तेजी से परिवहन सुनिश्चित होगा और लोगों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। साथ ही रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि सेंट्रल इंजीनियरिंग सर्विसेज के अधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वे सुनिश्चित करें कि उनके द्वारा शुरू की जाने वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाएं ऊर्जा कुशल, पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ हों। इसके साथ-साथ राष्ट्रपति ने उनसे सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सर्वोत्तम इंजीनियरिंग और तकनीकी समाधानों को नया करने व लागू करने का आग्रह किया।

# दिल्ली को फिर नहीं मिला मेयर, तीसरी बार टला चुनाव



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली नगर निगम के लिए मेयर, डिप्टी मेयर का चुनाव एक बार फिर टल गया। एमसीडी सदन में एक बार फिर सदन की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामे के चलते चुनाव को स्थगित कर दिया गया। बीजेपी पार्षद और आम आदमी पार्षद आमने सामने आकर नारेबाजी करने लगे और सदन में हंगामा खड़ा हो गया। पीठासीन अधिकारी द्वारा एमसीडी सदन में यह कहा गया कि एल्डरमैन यानि कि मनोनीत पार्षद, मेयर, डिप्टी मेयर और स्टैंडिंग कमेटी के सदस्यों के लिए चुनाव कर सकते हैं यानि वोट डाल सकते हैं जिसका आप पार्षदों ने कड़ा विरोध किया। उसके बाद एमसीडी सदन में हंगामा शुरू हो गया। इसके बाद बैठक को स्थगित कर दिया गया।

गौरतलब है कि दिल्ली के सिविक सेंटर स्थित एमसीडी सदन में दिल्ली मेयर, डिप्टी मेयर और स्टैंडिंग कमेटी के सदस्यों का चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने से पहले पीठासीन अधिकारी सत्या शर्मा ने सदन को संबोधित करते हुए कहा की मनोनीत पार्षद (एल्डरमैन) मेयर के लिए, डिप्टी मेयर के लिए और स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य के लिए भी चुनाव कर सकते हैं। सत्य शर्मा के इस संबोधन के बाद आप और बीजेपी के पार्षदों के बीच हंगामा शुरू हो गया और सदन को पीठासीन अधिकारी ने पहले 10 मिनट के लिए स्थगित किया। उसके बाद फिर आप पार्षद और बीजेपी पार्षद आमने सामने आकर हंगामा करने लगे।

# मुशर्रफ पर ट्वीट को लेकर शशि थरूर ने बीजेपी पर किया पलटवार

### शांति के लिए असली ताकत बताने पर भाजपा ने की थी आलोचना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस सांसद शशि थरूर को पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ के निधन को लेकर किए गए ट्वीट में उन्हें शांति के लिए असली ताकत बताने के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा लगातार हमला कर रही है। भाजपा के वार का पलटवार करते हुए थरूर ने एक ट्वीट किया और लिखा, अगर मुशर्रफ भारत के लिए अभिशाप थे, तो 2003 में तत्कालीन भाजपा सरकार ने उसके साथ युद्ध विराम पर बातचीत क्यों की और 2004 में संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर क्यों किए? क्या उन्हें तब एक विश्वसनीय शांति साथी के रूप में नहीं देखा गया था? थरूर ने रविवार को पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ के निधन पर शोक व्यक्त किया था। थरूर ने कहा था कि मुशर्रफ, जो कभी भारत के कट्टर दुश्मन थे, 2002 से 2007 के दौरान शांति के लिए असली ताकत बन गए थे। तिरुवनंतपुरम के सांसद ने कहा, मैं उन दिनों संयुक्त राष्ट्र में हर साल उनसे मिला और उन्हें अपनी रणनीतिक सोच में स्मार्ट, आकर्षक और स्पष्ट पाया। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति दें।



### महिला ने एयरपोर्ट उड़ाने की दी धमकी

**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक पुलिस ने केरल की एक महिला को गिरफ्तार किया है, जिसने बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर उड़ान भरने में देरी को लेकर अधिकारियों को बम विस्फोट की धमकी दी। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह घटना हाल ही में सामने आई। अदालत ने महिला को 11 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपी की पहचान केरल के कोझिकोड की रहनेवाली 31 वर्षीय मानसी सतीबैनु के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, यह घटना 3 फरवरी को हुई। आरोपी महिला को बेंगलुरु से कोलकाता की यात्रा करनी थी। उसने 6ई445 इंडिगो फ्लाइट का टिकट बुक किया था और यात्रा के लिए एयरपोर्ट पहुंची।




### साउथ एक्ट्रेस संग दिखे अभिनेता इमरान खान

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर इमरान खान कई सालों से शोबिज से दूर हैं। पिछले साल उन्हें मुंबई में आमिर खान की बेटी इरा खान की सगाई की पार्टी में देखा गया था। अब इमरान ने एक बार फिर सबका ध्यान खींचा, जब उन्हें साउथ एक्ट्रेस लेखा वाशिंगटन के साथ हाथ में हाथ डाले स्पॉट किया गया। तस्वीर में इमरान ब्लैक टी-शर्ट और ब्लू जींस में काफी कूल लग रहे हैं, वहीं लेखा प्रिंटेड ड्रेस में काफी खूबसूरत लग रही थीं। भीड़ के बीच से गुजरते हुए वे एक-दूसरे की कंपनी में खुश और जीवंत दिख रहे थे। उनकी केमिस्ट्री ने एक बार फिर डेटिंग की अफवाहों को हवा दे दी है।



### रिकी ने जीता तीसरा ग्रैमी अवॉर्ड गृह नगर बेंगलुरू में मनाया जश्न



**बेंगलुरू।** भारतीय संगीतकार रिकी केज ने तीसरी बार ग्रैमी अवॉर्ड जीता। उनकी इस सफलता का जश्न उनके गृह नगर बेंगलुरू में मनाया जा रहा है। रिकी केज ने लॉरेल जीतने के बाद कहा, मैं बेहद खुश और आभारी हूं, मैंने अपना तीसरा ग्रैमी अवॉर्ड जीत लिया है। मैं इस अवॉर्ड को भारत के नाम डेडिकेट करता हूं। बायोकॉन की संस्थापक किरण मजूमदार-शॉ ने बधाई दी : ग्रैमीज 2023 : बेंगलुरु के संगीतकार रिकी केज ने तीसरा ग्रैमी अवॉर्ड जीता। उनको बधाई, आपने वास्तव में हमें गौरवान्वित किया है। इंफोसिस के पूर्व निदेशक और पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित टी.वी. मोहनदास पई ने कहा : भारत के रिकी केज ने तीसरा ग्रैमी जीता। मेरे पास शब्द नहीं है। रिकी केज को बधाई। आप पर बहुत गर्व है। कर्नाटक की प्रसिद्ध लहरी म्यूजिक कंपनी ने कहा : रिकी केज के लिए यह तीसरा ग्रैमी अवॉर्ड है। आप हमारे भारतीय संगीत उद्योग के रत्न हैं। आपके तीसरे ग्रैमी पुरस्कार के लिए बधाई। आप इसके पूरी तरह से हकदार थे। बेंगलुरु दक्षिण के सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा कि रिकी केज ने भारत को फिर से गौरवान्वित किया है। बधाई हो, रिकी।

### सुधार जाओ नहीं तो घर में घुस कर मारूंगी : कंगना रनौत



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अपनी बेबाक और विवादित बयानों के लिए जानी जाती हैं। इसी बीच अभिनेत्री एक बार फिर चर्चाओं में है। दरअसल, कंगना को लगता है कि उनकी जासूसी की जा रही है और उनका व्हाट्सएप डेटा लीक किया जा रहा है। उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया, लेकिन यूजर्स को यकीन हो गया कि कंगना रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के बारे में बोल रही हैं। सोमवार को अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कंगना रनौत ने लिखा, जो भी लोग मेरे लिए परेशान थे उन्हें बता दूं कि बीती रात से मेरे आसपास ऐसी कोई संदिग्ध गतिविधि नहीं हुई है, कोई मुझे फॉलो नहीं कर रहा न तो कैमरे के साथ और न ही बिना कैमरे के। देखो, जो भूत लातों से मानते हैं वो तो सिर्फ लातों से ही मानते हैं। अभिनेत्री ने आगे लिखा, ये संदेश चंगू मंगू गैंग के लिए है- बच्चों, तुम्हारा किसी देहाती से पाला नहीं पड़ा है, सुधर जाओ नहीं तो घर में घुसकर मारूंगी और जिनको लगता है कि मैं पागल हूं, तुमको ये तो पता है कि मैं पागल हूं लेकिन ये नहीं पता कि कितनी बड़ी वाली हूं।

### मौनी रॉय ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरों से मचाया कहर



**मुंबई।** मौनी रॉय अक्सर अपनी हॉट तस्वीरों से इंटरनेट पर आग लगाती रहती हैं। एक्ट्रेस अपने फिट फिगर को फ्लॉन्ट करने का कोई मौका हाथों से जाने नहीं देती हैं। मौनी रॉय सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। मौनी की लेटेस्ट तस्वीरों ने एक बार फिर इंटरनेट पर आग लगा दी है। ऐक्ट्रेस इसमें ग्रे बिकिनी पहने हुए नजर आ रही हैं। वहीं मौनी ने अपने सेक्सी लुक को अपने बालों को ब्रेडेड हेयरस्टाइल लुक दिया और बोल्ड मेकअप के साथ उन्होंने सिल्वर ज्वेलरी भी कैरी की है।

## अडाणी मुद्दा: विपक्ष कर रहा जांच की मांग, सरकार राजी नहीं

# राहुल का सवाल: अडाणी के पीछे कौन सी ताकतें

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

अडाणी मामले की संयुक्त संसदीय समिति तथा सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में जांच की मांग अब तक बेअसर साबित हुई है। सूत्र बताते हैं कि बीते तीन दिनों में इस किस्म के कई प्रयास किये गए ताकि विपक्ष इस मुद्दे को छोड़ दे पर ऐसा हो न सका।

सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने तो इस मुद्दे पर सरकार व उसके हुक्मरान से रोज तीन सवाल पूछना शुरू कर दिया है। इस मुद्दे पर कांग्रेस ने देश की राजधानी दिल्ली सहित सभी राज्यों में एलआईसी व एसबीआई के कार्यालयों पर धरना - प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि ये दोनों उपक्रम सरकार के दबाव में जनता का पैसा अडाणी की कंपनियों में लगाया गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अडाणी मुद्दे पर कहा कि पीएम नहीं चाहते कि संसद में इस मामले पर चर्चा हो लेकिन देश को यह पता तो चलना चाहिए कि अडाणी के पीछे कौन सी शक्तियां काम कर रही हैं। राहुल ने कहा कि सरकार पूरी कोशिश करेगी कि संसद में अडाणी मुद्दे पर कोई चर्चा न हो। सरकार को संसद में इस पर चर्चा की अनुमति देनी चाहिए।

### अब दूध का दूध, पानी का पानी हो ही जाना चाहिए

**राहुल** ने यह भी कहा कि मैं सरकार के बारे में काफी समय से बोल रहा हूं कि 'हम दो, हमारे दो'। सरकार डरी हुई है कि संसद में अडाणी पर चर्चा न हो जाए। सरकार को इस पर चर्चा करानी चाहिए। आप लोग कारण जानते ही हैं कि इस पर चर्चा क्यों न हो। मैं 2-3 साल से यह मुद्दा उठा रहा हूं। राहुल गांधी ने कहा कि दूध का दूध और पानी का पानी होना चाहिए। सरकार क्यों इस चर्चा से बच रही है? अडाणी मुद्दे पर एकजुट 15 विपक्ष दलों के सांसदों ने सरकार से जवाब मांगते हुए संसद परिसर में गांधी प्रतिमा पर विरोध प्रदर्शन किया। सांसदों ने 'अडाणी-मोदी में यारी है, पैसे की लूट जारी है', 'एलआईसी बचाओ' और 'नहीं चलेगी और बेमानी, बस करो मोदी-अडाणी' जैसे नारों वाले कार्ड लिए थे। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने तो ऑन रिकॉर्ड कहा कि हुक्मरान का सब कुछ अडाणी के लिए लग रहा है। इसीलिए बीते कुछ वर्ष में अडाणी इतनी तेजी से मालामाल हुए हैं।

## NEWS इन ब्रीफ

### हाई कोर्ट में लेक्चरर नियुक्ति मामले की अगली सुनवाई दो मार्च को

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ में सोमवार को लेक्चरर नियुक्ति मामले में दायर याचिका पर सुनवाई हुई। अब अदालत इस मामले में दो मार्च को सुनवाई करेगी। यह याचिका वर्ष 2018 में दाखिल की गई थी। अदालत ने राज्य भर के विश्वविद्यालयों, झारखण्ड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) , राज्य सरकार और याचिकाकर्ता समेत अन्य पक्षकारों को लिखित बहस जमा करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता डॉ. तसलीम आरीफ की ओर से दायर याचिका में सरकार द्वारा बनाए गए परिनियम को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकार को परिनियम बनाने का अधिकार नहीं है।

### हाई कोर्ट से कचहरी मार्केट दुकानदार संघ को मिली बड़ी राहत

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सोमवार को कचहरी मार्केट दुकानदार संघ को बड़ी राहत दी है। हाई कोर्ट ने इनके मामले में राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए इसे खारिज कर दिया है। खंडपीठ ने 305 दिनों के देरी से राज्य सरकार द्वारा मामले में अपील दाखिल करने पर इसे खारिज कर दिया। कोर्ट ने राज्य सरकार को छूट दी है कि वह मामले में रिव्यू याचिका दाखिल कर सकती है। दरअसल, कचहरी मार्केट दुकानदार संघ को कृषि बाजार समिति, पंडरा की ओर से रेंट पर दुकान दिया गया था।

### राजभवन का 72774 लोगों ने किया दीदार

**रांची।** राजभवन उद्यान का सोमवार को 72774 लोगों ने दीदार किया। सात दिनों में सबसे अधिक लोगों ने सोमवार को भ्रमण किया। अबतक सात दिनों में 1,87,444 लोग राज भवन उद्यान का भ्रमण कर चुके हैं। सुबह से ही बच्चे, युवा, बुजुर्ग और महिलाओं की भीड़ रही।

### रांची संसदीय क्षेत्र में संचालित हो रहे 1162 आंगनबाड़ी केंद्र

**रांची।** झारखंड सरकार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार रांची संसदीय क्षेत्र में 1162 आंगनबाड़ी केंद्र कार्यरत है। इन केंद्रों के संचालन के लिए केंद्र सरकार की ओर से एकमुश्त राशि जारी की जाती है। केंद्र सरकार के स्तर पर राशि का आवंटन जिलावार नहीं होता है। यह कार्य राज्य सरकार के की ओर से किया जाता है। यह जानकारी केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने सोमवार को लोकसभा में दी। रांची के सांसद संजय सेठ ने लोकसभा में यह सवाल पूछा था कि रांची में कितने आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं।

## पंडित और ब्राह्मण का तो भेद समझ लीजिए...

# संघ प्रमुख के बयान पर सोशल मीडिया में तेज हलचल

**विशेष प्रतिनिधि। रांची**

संघ प्रमुख मोहन भागवत के उस बयान पर कि वर्ण-व्यवस्था पंडितों ने बनाई है, भगवान नहीं और यह गलत है, सोशल मीडिया पर भागवत की किरकिरी हो रही है। फेसबुक और ट्विटर पर लोग भागवत के कथन का मजाक उड़ा रहे हैं। कह रहे हैं कि बुड्ढा सठिया गया है। आंय-बांय-सांय बक रहा है। अब संघ की तरफ से पंडित शब्द की फिर से व्याख्या की गई है। कहा गया है कि पंडित वो होते हैं जो ज्ञानी होते हैं। इसमें पंडित शब्द को ब्राह्मण से अलग बताया गया है। फेसबुक पर एक यूजर ने लिखा-कुछ भी लिखने के पहले यह तो समझ लो पागलों कि भागवत जी ने कहा क्या है। भागवत जी ने वर्ण व्यवस्था के लिए पंडितों को जिम्मेदार ठहराया है, ब्राह्मणों को नहीं। पंडित कौन है....जो जानकार, ज्ञानी है। तुम लोग तो पिल पड़े इसी बात को लेकर भागवत जी पर। एक अन्य यूजर ने लिखा-जातियां पंडितों ने बनाईं, तो सारे पंडित कह रहे जाति खत्म कर दो। करोगे क्या? एक अन्य यूजर ने लिखा-फिर उस मलाई का क्या होगा। न ही कोई मजबूत कंधा मिलेगा, जिसपे रखकर स्वार्थ की गोली चलाई जा सके। एक वरिष्ठ पत्रकार ने लिखा-और लोग तो कपार पर सूसू कर ही रहे थे, आपने तो पॉट्टी ही कर दी। ओन्ने बागेश्वर बाबा के दूत लोग मथ रहे हैं, एन्ने आपने पंडितों को बदनाम कर दिया।

## तमाड़ अंचल के चार प्रभावितों को मिलेगा सात लाख मुआवजा

**रांची।** विशिष्ट स्थानीय आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को हुई क्षतिपूर्ति के लिए जिला प्रशासन की ओर से सात लाख मुआवजा दिया जायेगा। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा (सड़क दुर्घटना/सर्प दंश) के तहत क्षतिपूर्ति मुआवजा देने के लिए स्वीकृति दी है। विशिष्ट स्थानीय आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को हुई क्षतिपूर्ति के लिए मुआवजा देने के लिए प्राप्त आवंटन से सात लाख रुपये की निकासी की स्वीकृति उपायुक्त द्वारा दी गयी है, जो तमाड़ अंचल के चार प्रभावितों को दिया जायेगा। इनमें प्रमिला लोहरा को चार लाख, निर्मल गोराई को एक लाख,धनंजय सिंह मुंडा को एक लाख, सम्फला देवी को एक लाख रुपये दिया जाएगा।

# लोकतंत्र का मतलब सिर्फ चुनाव नहीं जीवन शैली और संस्कृति है : रविभूषण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजनीतिक परिपक्वता का अभाव है। यह अभाव राजनीतिक दलों में भी और आम जन मानस में भी मौजूद है जिसका फायदा फासीवादी ताकतें उठा रही है। राजनीतिक दलो को अपनी दायित्व पूरा करना होगा। मौजूदा समय की यह पहली जरूरत है उपरोक्त बातें हैं। आज भाकपा माले राज्य कार्यालय में आयोजित परिचर्चा मौजूदा दौर में फासीवाद की चुनौतियां और वाम लोकतांत्रिक शक्तियों की भूमिका ₹ को संबोधित करते हुए जसम के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रोफेसर रवि भूषण ने कही। मौजूदा लोकतंत्र का मतलब सिर्फ चुनाव नहीं है यह जीवन शैली और संस्कृति भी है। वर्तमान समय में वह सब कुछ हो रहा है जो पिछले 70 सालों में नहीं हुआ अब तो जजों की नियुक्तियों पर भी सत्ता और न्यायालय में तकरार हो रही है। प्रोफेसर रवि भूषण ने अपने सम्बोधन में आगे कहा की फासीवाद के खिलाफ देश के सभी राजनीतिक दलों को वन टू वन कंटेस्ट करना होगा तभी फासीवादी ताकतों को परास्त किया जा सकता है ,जो कठिन काम होने के बावजूद फासीवादी ताकतों की उर्वर और निर्णायक भूमि देश के हिंदी भाषी क्षेत्र में चेकअप प्रणाली को ठीक कर इसे शिकस्त दे सकते हैं। भाकपा माले अपने 11वें महाधिवेशन के माध्यम से इसकी शुरूआती पहल कर सकती है। जन सरोकार से जुड़े स्वतंत्र पत्रकारऔर बुद्धिजीवी फैसल अनुराग ने कहा कि कारपोरेट जगत ने राजनीति लोकतांत्रिक संविधान मीडिया और संस्कृति सब को हाईजेक कर लिया है।

## समरी लाल के कास्ट सर्टिफिकेट के मामले पर सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में एक बार फिर सोमवार को कांके से भाजपा विधायक समरी लाल के कास्ट सर्टिफिकेट के मामले पर सुनवाई हुई। मामले में याचिकाकर्ता सुरेश बैठा की ओर से समय मांगे जाने पर हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संजय प्रसाद की कोर्ट ने नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा कि 22 फरवरी को अगर मामले में बहस नहीं की जाएगी तो ऑर्डर के लिए तैयार रहें। इससे पूर्व याचिकाकर्ता सुरेश बैठा की ओर से समय मांगे जाने पर प्रतिवादी समरी लाल के अधिवक्ता कुमार हर्ष की ओर से विरोध किया गया। कहा गया कि वे सुनवाई से भाग रहे हैं, मामले में दोनों पक्षों की गवाही पूरी हो गई है, अब सिर्फ बहस होना बाकी है। प्रतिवादी की ओर से यह भी बताया गया समरी लाल की ओर से गवाही खुलवाने को लेकर जो एसएलपी दाखिल की गई थी वह सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो चुकी है। इसलिए अब इस मामले में और गवाही भी नहीं होनी है। यह भी बताया गया कि हाई कोर्ट की एकल पीठ ने समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र रद्द किए जाने के जाति छानबीन समिति के आदेश को पिछले दिनों रद्द कर दिया है।

# एनएसयूआई ने कॉलेज परिसर में पुलिस पिकेट की मांग की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

**सोमवार** को एनएसयूआइ का प्रतिनिधिमन्डल एसएस मेमोरीयल कॉलेज की प्राचार्या ड़ा. बंदना रॉय से जिला सचिव एवं कॉलेज प्रभारी आशिक अंसारी के अध्यक्षता में मुलाकात की और छात्रहित में ज्ञापन सौंपा। जिला सचिव आशिक अंसारी ने प्राचार्या से वार्ता के दौरान कहा की जैसा की आपको भी ज्ञात होगा की आए दिन कॉलेज परिसर में आपसी एवं बाहरी छात्र-छात्रओं में मार-पिट एवं छेड़-छाड़ की घटनाएं सामने आती हैं, जिससे कॉलेज परिसर में भय का माहौल बन जाता है। जब इस तरह का मामला आने लगता है तो खासकर छात्राओं के लिए चिंता का विषय बन जाता है और पढ़ाईयों में बाधा पहुंचने लगती है। मारपीट के दौरान दुर्घटनाएं भी घट सकती हैं और कई दिनों तक कॉलेज भी बंद हो जाता है जिससे छात्र- छात्राओं के पढ़ाई पर असर पड़ने लगता है। इसी को मददेनजर रखते हुए एनएसयूआई मांग करती है कि कॉलेज परिसर में पुलिस पिकेट स्थापित किया जाये ताकि इन सभी मामलों पर रोक लग सके जिसका एनएसयूआई कॉलेज प्रशासन का हमेशाअभारी रहेगा। यह सभी बातें सुनकर कॉलेज प्राचार्या ने छात्र नेताओं को आश्वस्त किया कि आप लोगों की मांग जायज है हमलोग इसपर विचार कर पूर्ण करेंगे।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



**रांची।** शहर के वार्ड नं 11 में पीस रोड बाय लेन कुम्हार टोला में गरीब असहाय एवं वंचित परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल वितरण में मुख्य रूप से सीपीआई के जिला मंत्री अजय सिंह, गरीबों के बीच कार्य करने वाली समाजसेवी महिला नेत्री फरजाना फारूकी एवं फुटपाथ दुकानदार के अध्यक्ष जीत गुप्ता ने संयुक्त रूप से 80 परिवारों के बीच कंबल का वितरण किया। कंबल मिलने के बाद लोगों ने खुशी का इजहार किया और कहा कि सभी लोग कंबल बांटने आते हैं परन्तु हम लोगों के बीच कोई नहीं आता है। आपलोगों ने हमारी मदद की। सीपीआई जिला मंत्री अजय सिंह ने कहा कि हम लोग अंतिम व्यक्ति तक मदद पहुंचाने का काम करते हैं। आप लोग निश्चित रहें हम लोग हमेशा आप लोगों के साथ जुड़े रहेंगे। इस अवसर पर कई सामाजिक कार्यकर्ता लोग उपस्थित थे।

# राजेश बने श्री शिव बारात महासमिति के अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के द्वारा रविवार को पहाड़ी मंदिर के निकट वार्ड कार्यालय रातू रोड में बैठक की गयी। इस बैठक में समिति का निर्णय कि आयोजन के मुख्यमंत्री झारखंड हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि होंगे। मुख्य संरक्षक सुबोधकांत सहाय, संरक्षक संजय सेठ, सीपी सिंह, महुआ मांझी, नवनीत सिंह, सूरजभान सिंह, जितेंद्र सिंह, रमेश सिंह, अजयनाथ शाहदेव, रंजन कुमार, सुमित सिंह, निखिल मिश्रा, दिलीप गुप्ता, विनय सरावगी, भरत काशी, संजय मिनोचा, अध्यक्ष राजेश कुमार साहू, महासचिव संजय कुमार, सचिव राजकुमार तलेजा, कार्यकारी अध्यक्ष राजू काठपाल, कोषाध्यक्ष जीतू अरोड़ा, दीपकनंदा, मुख्य संयोजक दीपक लाल, संयोजक राजन वर्मा, मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा, झांकी कलाकार प्रभारी श्रीराम सिंह, प्रवक्ता सह संचालक बादल सिंह, उपाध्यक्ष, नरेश मकड़, सह मंच संचालक भोलू सिंह, बारात



प्रभारी संजय सिंह लल्लू, गगन कुमार, उपाध्यक्ष आशुतोष सिंह, संगठन मंत्री गुलशन मिढा, साथ ही महिला समिति का गठन किया गया, जिसमें संरक्षक रीमा देवी, उर्मिला चौधरी,शोभा यादव अध्यक्ष पिया बर्मन, वरीय उपाध्यक्ष विभा कुमारी, अर्चना मिधा,अंजना प्रियदर्शिनी, उपाध्यक्ष अनिता कुमारी, वीणा सिंह,ज्योत्सना केरकेट्टा, संजना शर्मा, वेवी गाड़ी, महासचिव शीला साहू, प्रियंका जिया, नीलम शर्मा, नीतू बजाज, सपना चौधरी, राशिका बजाज आदि लोग शामिल थे। प्रवक्ता श्री शिव बारात आयोजन महासमिति पहाड़ी मंदिर के शिवकिशोर शर्मा ने जानकारी दी।

# सात सदस्यीय थांग-टा दल मध्य प्रदेश के लिए रवाना




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मध्य प्रदेश में आयोजित हो रहे खेलो इंडिया युथ गेम्स की पांचवीं श्रंखला में झारखंड का प्रनिधित्व करने के लिए 7 सदसयीय थांग-टा दल सोमवार को धनबाद रेलवे स्टेशन से दीक्षाभूमि एक्सप्रेस से जबलपुर के लिए रवाना हो गए. दल में 4 महिला खिलाडी पूनम कुमारी, राधिका सहाय, समृद्धि तथा पल्लवी कुमारी तथा एक पुरुष खिलाडी सौरभ भारती के अलावा टीम मैनेजर ममता पांडेय व कोच रंजीत केशरी शामिल हैं। ज्ञात हो कि थांग-टा की स्पर्धा मध्य प्रदेश के मंडला में जिला खेल परिषर में 8 से 10 फरवरी तक आयोजित होगी। दल को बेहतर प्रदर्शन के लिए खेल निदेशक सरोजिनी लकड़ा, खेल परामर्शी देवेंद्र सिंह, जिला खेल पदाधिकारी सह दल प्रमुख उमेश लोहरा, दल प्रबंधक सह जिला खेल पदाधिकारी संतोष कुमार एवं धनबाद जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, झारखन्ड थांग टा संघ के सचिव मनोज शर्मा, जिला ओलंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष रेजा इस्त्याक, कोषाध्यक्ष पवन बर्नवाल, धनबाद जिला थांग-टा संघ के सचिव कृष्णा कुमार साव आदि ने शुभकामना दी है।

## विहिप सेवा विभाग के सहयोग से दिव्यांग विनोद की हुई अंत्येष्टि

**रांची।** पिछले 20 वर्षों से हरमू रोड स्थित नवजीवन संस्थान में रह रहे दिव्यांग विनोद का विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के सहयोग से मुक्तिधाम में अंत्येष्टि की गई। विहिप सेवा विभाग के प्रांतीय प्रमुख अशोक कुमार अग्रवाल एवं प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 5 वर्ष की आयु से सैलिब्रल पल्सी नामक रोग से ग्रसित दिव्यांग, विनोद का प्राकृतिक कारणों से देहावसान हो गया। स्व. विनोद के आगे पीछे कोई नहीं है। इनका कोई घर परिवार नाते-रिश्तेदार भी नहीं है. संस्थान ने इन्हे सड़क से उठा कर पांच वर्ष की अवस्था में लाया गया था। बीमारी के कारण वाणी का भी लोप हो गया था। सेवा विभाग द्वारा मारवाड़ी सहायक समिति द्वारा संचालित स्वर्गद्वार पर सारी व्यवस्था कर स्व. विनोद के पार्थिव देह को पूरे विधि-विधान से पंचतत्व में समर्पित किया गया।

## प्रशिक्षण | एमएसएमई-विकास को लेकर प्रबंधन विकास कार्यक्रम का आयोजन

# उद्यमियों को मैनेजमेंट संबंधी जानकारी देना मकसद

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार, के स्थानीय कार्यालय एम.एस.एम.ई.-विकास कार्यालय, रांची द्वारा सोमवार को प्रातः 11.00 बजे एमएसएमई-विकास कार्यालय, रांची के सभा कक्ष में साप्ताहिक प्रबंधन विकास कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रांची एवं आसपास के जिले के स्थानीय उद्यमियों तथा भावी उद्यमियों को डिजिटल मार्केटिंग एवं सप्लाई चेन मैनेजमेंट के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण एवं जानकारी देना है। इस कार्यक्रम में 31 प्रतिभागियों को दिनांक-06 फरवरी 2023 से 10 फरवरी 2023 तक विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा डिजिटल मार्केटिंग और सप्लाई चेन मैनेजमेंट का परिचय,



डिजिटल मार्केटिंग के विभिन्न उपकरण, लॉजिस्टिक एंड डिस्ट्रीब्युशन ऑप्टीमाइजेशन, उपभोक्ता व्यवहार और खरीदारी प्रक्रिया, सर्च इंजन ऑप्टीमाइजेशन, सर्च इंजन मार्केटिंग, ऑनलाइन मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, गूगल ऐड सेन्स एंड एफिलिएटेड मार्केटिंग, गूगल एनलिटिक्स आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा ।

श्री सुरेन्द्र शर्मा, सहायक निदेशक, एम.एस.एम.ई.-विकास कार्यालय, रांची ने कार्यक्रम में स्वागत संबोधन एवं मंच संचालन किया। उन्होंने अपने स्वागत भाषण के दौरान योजना के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों को सुरेश अग्रवाल, अध्यक्ष, कोकर लघु औद्योगिक क्षेत्र संघ, रांची, श्री एस आर पासवान, जेनरल मैनेजर, डीआईसी, रांची ने झारखंड सरकार द्वारा उद्यमियों के विकास हेतु उपलब्ध योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दिया। श्री इंद्रजीत यादव, संयुक्त निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख ने अपने अध्यक्षिय भाषण में एक सफल उद्यमी बनने के लिए सभी प्रतिभागियों को डिजिटल मार्केटिंग एवं सप्लाई चेन मैनेजमेंट के सरकारी एवं प्राइवेट प्लेटफार्म का उपयोग करके अपने व्यापार को बढ़ाने हेतु प्रेरित किया तथा उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। गौरव, सहायक निदेशक, एम.एस.एम.ई.-विकास कार्यालय, रांची ने प्रतिभागियों के प्रश्नों का उचित जवाब दिया, साथ ही उन्होंने भावी उद्यमियों को इस प्रशिक्षण से अधिक से अधिक लाभ लेने का आवाहन किया तथा अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पृष्ठ एक के शेष

**मैं साजिश में शामिल...**

इरफान अंसारी ने कहा कि जो आरोप है वह निराधार है। सरकार हमने बनाया, क्यों गिराएंगे। जिसने आरोप लगाया है वह नफरत छोड़ें। इरफान अंसारी ने कहा कि उनपर जो आरोप लगाया गया, उसमें कोर्ट ने राहत दी। अनूप सिंह को भगवान सदबुद्धि दे। लड़ाई उनसे नहीं है। आपस में क्या लड़ना झगड़ना।

**साहिबगंज डीसी से ईडी ने...**

मिश्रा को जांच रिपोर्ट उपलब्ध करायी हो।

**एसपी, डीएसपी की भूमिका पर डीसी ने उठा दिया सवाल :** साहिबगंज में अवैध खनन के मामले में एसपी साहिबगंज व अन्य पुलिस अफसरों की भूमिका सवालों के घेरे में आ गई है। गंगा नदी के रास्ते नाव से अवैध तरीके से परिवहन के मामले में एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा की भूमिका पर डीसी ने सवाल उठा दिया। जानकारी के मुताबिक, ईडी अधिकारियों ने पूछा कि जब अवैध तरीके से परिचालन करता नाव पकड़ा गया था, तब मौके पर पूछताछ व पंचनामा में दाहू यादव का नाम सामने आया था। लेकिन दाहू यादव को आरोपी नहीं बनाया गया। तब डीसी ने कहा कि इस मामले में साहिबगंज एसपी को कार्रवाई करना चाहिए था। एसपी ने कार्रवाई क्यों नहीं की इसका जवाब वह खुद ही दे पाएंगे। वहीं, पुलिस अफसरों की भूमिका पर सवाल उठाते हुए डीसी ने कहा कि उन्होंने अवैध खनन नहीं रोक पाने के कारण डीएसपी राजेंद्र दूबे को भी शोकॉज किया था। कई बार पत्राचार पुलिस से किया।

**डीसी ने 240 बार की पंकज मिश्रा से बात :** ईडी ने जांच में यह पाया है कि साहिबगंज में जिस अवधि में अवैध खनन हुआ, उस दौरान डीसी रामनिवास यादव ने मामले के मुख्य आरोपी पंकज मिश्रा से तकरीबन 240 बार बातचीत की थी। हालांकि, यह बातचीत क्यों की गई, इसपर डीसी कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए।

**अब तक 2400 लोगों...**

एनाटोलियन प्लेट पर है। इस प्लेट के पूर्व में ईस्ट एनाटोलियन फॉल्ट है। बाईं तरफ ट्रांसफॉर्म फॉल्ट है जो अरेबियन प्लेट के साथ जुड़ता है। दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम में अफ्रीकन प्लेट है जबकि उत्तर दिशा की तरफ यूरेशियन प्लेट है, जो उत्तरी एनाटोलियन फॉल्ट जोन से जुड़ा है। तुर्की के नीचे मौजूद एनाटोलियन टेक्टोनिक प्लेट घड़ी के विपरीत दिशा में घूम रहा है। यानी एंटीक्लॉकवाइज। साथ ही इसे अरेबियन प्लेट धक्का दे रही है। अब ये घूमती हुई एनाटोलियन प्लेट को जब अरेबियन प्लेट धक्का देती है, तब यह यूरेशियन प्लेट से टकराती है। तब भूकंप के तगड़े झटके लगते हैं।

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने...**

पात्रता रखते हैं, लेकिन वर्ष 2019 से पूर्व स्थानीय कर्मियों द्वारा गलत इंट्री करने के कारण इन परिवारों को आवास से वंचित होना पड़ा है। आवास प्लस योजना के अंतर्गत झारखंड राज्य के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 में 6,32,391 का भौतिक लक्ष्य आवंटित किया जाए। आवास प्लस से ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हटाये गये 2,03,061 परिवारों को जांचोपरान्त सत्यापन करने की सुविधा उपलब्ध करायी जाए। वहीं दूसरी ओर, ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने भी ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार को इस संबंध में जनवरी 2023 में पत्र लिख प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस में निबंधित परिवारों को आवास उपलब्ध कराने का आग्रह किया था। इस अवसर पर मंत्री ग्रामीण विकास विभाग आलमगीर आलम, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, सचिव शैलेश कुमार सिंह, अजय तिर्की, वित्त सचिव, झारखण्ड अजय कुमार सिंह, रेजिडेंट कमिश्नर एमआर मीणा, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**पलामू प्रमंडल में आतंक का...**

थे। विभाग को आशंका है कि वही तेंदुआ गढ़वा के इलाके से आया था। आरसीसीएफ सह पलामू टाइगर रिजर्व के निदेशक कुमार आशुतोष ने बताया कि तेंदुआ का लोकेशन अब तक नहीं मिल पाया है। विभाग को आशंका है कि तेंदुआ छत्तीसगढ़ के इलाके में दाखिल हो गया है। विभाग इलाके में नजर बनाए हुए है। पलामू टाइगर रिजर्व और उसके आसपास के इलाके में 90 से 100 के करीब तेंदुए मौजूद हैं, लेकिन इन इलाकों में मानव जीवन पर तेंदुए द्वारा हमला करने का इतिहास नहीं है। तेंदुआ द्वारा गढ़वा के इलाके में मानव जीवन पर हमला पहली घटना थी। इलाके में तेंदुआ ने कभी मानव जीवन को निशाना नहीं बनाया था। पलामू टाइगर रिजर्व का कॉरिडोर मध्य प्रदेश के सतपुड़ा जंगल से जुड़ा हुआ है। विभाग के अधिकारियों के अनुसार तेंदुआ और हाथी का कॉरिडोर पीटीआर से निकल कर सिंगरौली होते हुए सतपुड़ा तक है। इलाके में तीन बच्चों को मारने वाले तेंदुए का फोटो तक ट्रैपिंग कैमरे में दर्ज नहीं हो पाया है। 28 दिसंबर 2022 के बाद से तेंदुआ ने किसी भी मानव जीवन पर हमला नहीं किया है।

**31 साल बाद विधवाओं के गांव में...**

मौत की नींद सुला दी गयी थी। आलम ऐसा था कि खौफ के मारे दूसरे गांव का कोई भी व्यक्ति इस गांव में अपनी बेटी की शादी नहीं करता था। लेकिन तीन दशक बाद आज इलाके के हालात बदल गये हैं। नक्सल संगठन आज कमजोर हो गये हैं और झारखंड बिहार में अपनी अंतिम सांसे गिन रहे हैं । पर ये अपने पीछे कई रक्तरंजित कहानियां छोड़ गए हैं। गांव के पूर्व मुखिया बताते हैं कि एक वक्त था मलवरिया विधवाओं के विलाप से दहल उठा था । पर अब माहौल पूरी तरह बदल गया है।

**जमीन की लड़ाई में कई संगठनों का हुआ था उदय:** पलामू में मलवरिया नरसंहार के बाद यहां जमीन की लड़ाई और तेज हो गई। इससे पहले जमीन के विवाद में कई खूनी संघर्ष हुए। मलवरिया नरसंहार से पहले अविभाजित बिहार में जमीन विवाद में कई संगठनों का उदय हो चुका और कई हत्याऐं भी हो चुकी थीं। उस दौरान अगल बगल के गांव में जमीन विवाद था । हालांकि मलवरिया का इससे लेना देना नहीं था पर इसकी आंच गांव तक पंहुची और यहां भी खूनी संघर्ष हुआ। 90 के दशक में जमीन समेत कई बिंदुओं पर नक्सल संगठन और दूसरे संगठनों के बीच संघर्ष हुए। इस दौरान सनलाइट सेना के अलावा भी कई संगठनों का भी उदय हुआ पर आज सब कुछ खत्म हो गया।

**नौसेना ने रचा इतिहास...**

इस पोत की डिजाइन वारशिप डिजाइन ब्यूरो ने तैयार की है। इसका वजन 45,000 टन और अधिकतम स्पीड 28 नॉट है। विक्रांत में करीब 2,200 कंपार्टमेंट हैं। आईएनएस विक्रांत और एलसीए की डिजाइन से लेकर इसे विकसित, निर्माण और संचालित करने तक का कार्य भारत में ही किया जाना भारत की टेक्नोलॉजी और युद्ध क्षमता को प्रदर्शित करता है। लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट को वायु सेना में 'तेजस' के नाम से कमीशन किया गया है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि युद्ध के समय विमान और पोत फ्रंट पर रहते हैं। यह लैंडिंग इसलिए भी बेहद खास इसलिए है, क्योंकि किसी भी एयरक्राफ्ट कैरियर पर फाइटर प्लेन की लैंडिंग करवाना एक बेहद ही चुनौतीपूर्ण टास्क होता है। इसका कारण है कि एयरक्राफ्ट कैरियर का रनवे बेहद छोटा होता है। वैसे देश के पहले स्वदेशी विमान वाहक 'विक्रांत' से संचालित करने के लिए फ्रांसीसी राफेल एम का चयन किया गया है। भारतीय नौसेना 26 राफेल एम विमानों के लिए फ्रांस के साथ अरबों डॉलर की डील करनेवाली है। मार्च में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा के दौरान इस डील पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। भारतीय नौसेना ने अमेरिकी जेट एफ/ए-18 सुपर हॉर्नेट को खारिज करके फ्रांसीसी राफेल एम का सौदा करने का विकल्प चुना है। इससे पहले भारतीय वायु सेना ने दो लड़ाकू स्क्वाड्रन (36 विमान) के लिए राफेल को चुना था, अब भारतीय नौसेना राफेल एम का अधिग्रहण करने के लिए तैयार है।

NEWS इन ब्रीफ

### विश्व एथलेटिक्स ने दी छह रूसी आवेदनों को मंजूरी

**पोर्ट हरक्यूलिस/मोनाको।** विश्व एथलेटिक्स डोपिंग रिव्यू बोर्ड (डीआरबी) ने तटस्थ एथलीट (एएनए) के रूप में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छह रूसी एथलीटों के आवेदन को मंजूरी दे दी है, जबकि रूसी राष्ट्रीय महासंघ (रूसएएफ) निलंबित रहेगा। इस बारे में एथलेटिक्स शासी निकाय ने सोमवार को जानदारी दी। डोपिंग उल्लंघन के कारण रुसएएफ को 2015 से विश्व एथलेटिक्स से निलंबित कर दिया गया है और इसलिए वह विश्व एथलेटिक्स आयोजनों की मेजबानी करने या अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में टीमों को भेजने के योग्य नहीं है।

### आशालता देवी के साथ एडिडास ने की साझेदारी

**नई दिल्ली।** एडिडास का अविश्वसनीय महिला एथलीटों का समर्थन करने का एक लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने हाल ही में लोयटोंगबाम आशालता देवी के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है, जो सीनियर भारतीय महिला फुटबॉल टीम की कप्तान हैं। वह युवाओं को प्रेरित करने और खेल को अगले स्तर तक ले जाने के लिए एडिडास के साथ मिलकर काम करेंगी। लोयटोंगबाम आशालता देवी एक भारतीय पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी हैं जो वर्तमान में भारतीय टीम और भारतीय महिला लीग टीम गोकुलम केरल दोनों की कप्तान हैं।

### चोटिल मैकॉय की जगह स्टर्लिंग पार्ल रॉयल्स में शामिल

**नई दिल्ली।** पार्ल रॉयल्स ने सोमवार को आयरिश बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग को चोटिल ओबेड मैकॉय की जगह टीम में शामिल किया है, जिन्हें मौजूदा एसए-20 सीजन से हटना पड़ा था। 32 वर्षीय स्टर्लिंग शेष एसए-20 के लिए अपने रॉयल्स टीम में शामिल हो गए हैं और 7 फरवरी को प्रिटोरिया कैपिटल्स के खिलाफ टीम के अंतिम लीग मैच के लिए चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। स्टर्लिंग ने घरेलू टीम पार्ल रॉक्स का भी प्रतिनिधित्व किया है। उनके पास विभिन्न लीगों में अपने कार्यकाल के माध्यम से दुनिया भर में टी-20 अनुभव है।

### चार्लोट, झूलन के साथ काम करने के लिए हूं तत्पर : देविका

**नई दिल्ली।** पहले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई फ्रेंचाइजी के बल्लेबाजी कोच के रूप में नियुक्त होने पर भारत की पूर्व क्रिकेटर देविका पलशिकार ने कहा कि वह इस टूर्नामेंट के माध्यम से चार्लोट एडवर्डस और झूलन गोस्वामी के साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं। चार्लोट मुंबई इंडियंस के मालिकों द्वारा अधिग्रहित फ्रेंचाइजी की मुख्य कोच होंगी, जबकि झूलन गेंदबाजी कोच और मेंटर की दोहरी भूमिकाएं निभाएंगी। उन्होंने कहा, एमआई महिला फ्रेंचाइजी के लिए बैटिंग कोच की भूमिका निभाना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

# जर्मन जूनियर में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगे मनराज और रक्षिता



### शटलरों को चुनने के लिए चार दिवसीय चयन ट्रायल प्रक्रिया आयोजित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत का नंबर 33 पुरुष एकल शटलर मनराज सिंह और महिला एकल शटलर रक्षिता एस. डच जूनियर इंटरनेशनल और जर्मन जूनियर 2023 में 19 सदस्यीय राष्ट्रीय दल का नेतृत्व करेंगे। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने 1 से 12 मार्च तक होनेवाली साल की पहली दो प्रमुख जूनियर इंटरनेशनल ग्रां प्री स्पर्धाओं के लिए शटलरों को चुनने के लिए चार दिवसीय चयन ट्रायल प्रक्रिया आयोजित की थी। नामों को अंतिम रूप देने के लिए चयन ट्रायल 24 जनवरी से 27 जनवरी तक ग्रेटर नोएडा में आयोजित किए गए। पुरुष एकल वर्ग में मनराज सिंह शीर्ष पर रहे और उसके बाद आयुष शेट्टी, लोकेश रेड्डी के. और गगन ने बाजी मारी। जबकि, उदीयमान महिला एकल शटलर रक्षिता एस. महिला एकल ग्रुप का नेतृत्व करेंगी। रतीय बैडमिंटन संघ के सचिव संजय मिश्रा ने कहा : यह उभरते हुए भारतीय शटलरों का एक अच्छा ग्रुप है। वे जूनियर स्तर पर अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्होंने चयन ट्रायल में भी अपनी क्षमता साबित की है।

इस तरह से उन्होंने टीम में अपनी जगह पक्की की है। इन सभी में पोडियम पर फिनिश करने की क्षमता है। मुझे उम्मीद है कि वे इन आयोजनों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इस बीच, भव्य छाबड़ा-परम चौधरी पुरुष युगल की जिम्मेदारी संभालेंगे, जबकि फॉर्म में चल रहे दिव्यम अरोड़ा-मयंक राणा दूसरी जोड़ी के रूप में टीम में जगह बनाएंगे। महिला युगल जोड़ी वेन्नाला के-श्रेयांशी वालिशेट्टी जिन्होंने हाल ही में बैडमिंटन एशिया जूनियर चैम्पियनशिप 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व किया था, वैष्णवी खडकेकर-सानिया सिकंदर के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन करने की इच्छुक होंगी। डच जूनियर इंटरनेशनल 2023 हार्लेम में 1 मार्च से शुरू होगा, जबकि जर्मन जूनियर 2023 मार्च 8 से बर्लिन में खेला जाएगा।

# अपने प्रदर्शन से सीरीज का नतीजा तय कर सकते हैं अश्विन : रवि शास्त्री

### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2023

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2023 नजदीक होने के साथ, नागपुर में 9 फरवरी से शुरू होने वाली चार मैचों की सीरीज में स्पिन गेंदबाजी निस्संदेह एक बड़ी भूमिका निभाएगी। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि अगर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो वह श्रृंखला के नतीजे का फैसला कर सकते हैं।

साथ ही, शास्त्री ने अश्विन को ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को गेंदबाजी करते समय अपनी योजनाओं को पलटने के बारे में आगाह किया। अश्विन के साथ, जिन्होंने टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 89 विकेट लेने के अलावा, उनके खिलाफ 457 रन बनाने बनाए हैं। पह मेहमान टीम के लिए एक बड़े खतरे के रूप में मंडराएंगे।

इसके अलावा, टेस्ट क्रिकेट में अश्विन द्वारा लिए गए 449 विकेटों में से 226 बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। उन्होंने कहा : एक चीज जो आप उनके लिए नहीं चाहते हैं वह ओवर-प्लान करना है। वह काफी अच्छा कर रहे हैं। उस पर टिके रहना चाहिए। वह सीरीज में वास्तव में महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। उनका फॉर्म अच्छी तरह से श्रृंखला तय कर सकता है। उन्होंने आगे कहा : अगर वह दोनों विभागों में अच्छा खेलते हैं, तो इससे सीरीज का नतीजा तय हो सकता है। वह ज्यादातर परिस्थितियों में विश्वस्तरीय खिलाड़ी हैं।



### अश्विन एक बेहतरीन गेंदबाज : ख्वाजा

**ऑस्ट्रेलिया** के बल्लेबाज, विशेषकर बाएं हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को लेकर बहुत सारी बातें हुई हैं। टेस्ट क्रिकेट में अश्विन के 449 विकेटों में से 226 विकेट बाएं हाथ के बल्लेबाजों को आउट कर आए हैं। ऑस्ट्रेलिया के इन-फॉर्म बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट अवार्डस में शेन वार्न मेन्स टेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर अवार्ड जीता था। वह जानते हैं कि 9 फरवरी से नागपुर में अश्विन के खिलाफ उनका मुकाबला सबसे निर्णायक मैच में से एक होगा। उन्होंने कहा, अश्विन एक बेहतरीन गेंदबाज हैं। वह बहुत कुशल हैं, उनके पास बहुत सारी विविधताएं हैं। वह क्रीज का भी काफी अच्छा उपयोग करते हैं। यदि आप मुझसे वही सवाल पूछते जब मैं छोटा था, तो शायद मैं जवाब नहीं दे पाता।

### अगर टर्निंग पिच हुई तो बेहतर कीपर को दूंगा मौका

भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती टेस्ट से पहले भारत के प्लेइंग इलेवन में विकेटकीपर-बल्लेबाज की जगह के लिए के.एस. भरत और ईशान किशन के बीच बेहतर कीपर को मौका देंगे। कार दुर्घटना में घायल होने के कारण ऋषभ पंत अनिश्चित काल के लिए मैदान से दूर हैं। भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नागपुर में 9 फरवरी से शुरू होनेवाले शुरूआती टेस्ट से पहले दो अनकैप्ड विकेटकीपर भरत और ईशान के बीच चयन करना है। भारत ए मैचों में नियमित रूप से शामिल होने के अलावा, भरत लगभग तीन वर्षों तक टेस्ट टीम में दूसरे विकेटकीपर रहे हैं, जबकि ईशान, पंत की जगह पाने में आगे चल रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर ईशान किशन या केएस भरत में से किसी एक को लेने की बात आती है, तो मुझे लगता है कि आपको क्या करना होगा कि पिच किस तरह से खेलने वाली है। मैं देखूंगा कि क्या यह टर्निंग पिच होगी।



# दक्षिण अफ्रीका का दौरा सीजन की अच्छी शुरुआत थी : सविता

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दक्षिण अफ्रीका के दौरे से लौटने के एक हफ्ते बाद, जहां भारतीय महिला हॉकी टीम ने चार मैचों की श्रृंखला में मेजबान टीम का सामना किया और तीन मैत्रीपूर्ण मैचों में विश्व नंबर 1 नीदरलैंड से भी टक्कर ली। इसे लेकर कप्तान सविता ने कहा कि टीम ने इस साल नए सीजन में सकारात्मक प्रदर्शन किया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ, भारत ने 5-1, 7-0 और 4-0 से जीत हासिल की और आखिरी मैच में 2-2 से ड्रॉ किया। वहीं, नीदरलैंड के खिलाफ उसने तीनों मैत्री मैच 1-3 से गंवाए। सविता ने कहा : यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण वर्ष है, क्योंकि हमारा लक्ष्य एशियाई गेम्स को जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करना है। पिछली बार हम स्वर्ण जीतने के इतने करीब आ गए थे, केवल जापान से एक गोल से हार गए थे लेकिन इस साल हम स्वर्ण पदक जीतने की उम्मीद कर रहे हैं। क्योंकि हमें पिछले कुछ वर्षों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया।

# बोलैंड को पहले टेस्ट में मिल सकता है मौका

### जोश हेजलवुड की चोट ने ऑस्ट्रेलिया की योजनाओं को कर दिया अव्यवस्थित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज इयान हीली का मानना है कि अगर ऑस्ट्रेलिया नागपुर में सिर्फ दो तेज गेंदबाजों के साथ जाता है, तो तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड को भारत के खिलाफ पहले टेस्ट में खेलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर मेहमान टीम तीन तेज गेंदबाजों को मौका देने के बारे में विचार करती है, तो अनकैप्ड क्विक लांस मॉरिस डेब्यू कर सकते हैं।

रविवार को तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भारत के खिलाफ 9 फरवरी से शुरू होनेवाले पहले टेस्ट से बाहर हो गए थे। उनकी चोट ने ऑस्ट्रेलिया की योजनाओं को अव्यवस्थित कर दिया है क्योंकि वे पहले टेस्ट के लिए मिचेल स्टार्क के बिना हैं और चोटिल ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन का भी खेलना पक्का नहीं है।



उन्होंने कहा, पहला टेस्ट में हम कमिंस पर भरोसा कर सकते हैं। हम दो स्पिनर खेल सकते हैं या नहीं, जिसका मतलब होगा कि हमें बोलैंड और मॉरिस की आवश्यकता होगी। अगर हम दो तेज गेंदबाज को मौका देते हैं, तो मैं बोलैंड के साथ जाना चाहूंगा।

सेन ब्रेकफास्ट शो में हीली ने कहा : मुझे नहीं लगता कि हम पहले की सोच से भारत में जीतेंगे, लेकिन मुझे लगता है कि सिर्फ कमिंस और मॉरिस का एक साथ होना ही काफी नहीं है। हमने 2004 से केवल एक टेस्ट (भारत में) जीता है। हेजलवुड की चोट का मतलब है कि बोलैंड विदेश में अपना पहला टेस्ट खेलने के लिए आगे है। मॉरिस की भी नागपुर में टेस्ट में डेब्यू करने की उम्मीद है। बोलैंड ने एमसीजी में एशेज में बॉक्सिंग डे टेस्ट में अपनी शुरुआत के बाद से ऑस्ट्रेलिया के लिए छह टेस्ट खेले हैं और 12.21 की औसत और 33.2 की स्ट्राइक रेट से 28 विकेट लिए हैं।

मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार आगाज

# स्वर्णरेखा और खरकई की प्रभावशाली जीत

### मीडिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता 2023

### एएसआरपी मुकेश और सुशील सिंह मंटू बने प्लेयर ऑफ द मैच

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सोमवार को रांची के कांके स्थित बीएयू क्रिकेट स्टेडियम में मीडिया कप क्रिकेट प्रतियोगिता 2023 के उद्घाटन मुकाबले में स्वर्णरेखा ने पिछली बार के विजेता गंगा को 101 रन से रौंदकर शानदार शुरुआत की। दिन के दूसरे मैच में सुशील सिंह मंटू, अशोक गोप और प्रवीण पाण्डेय के शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत खरकई ने मयूराक्षी को 69 रन से रौंद पूरे अंक बटोरे।

प्रतियोगिता के उद्घाटन मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए स्वर्णरेखा ने 16 ओवर में 2 विकेट खोकर 177 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। अभिषेक ने 55 व एएसआरपी मुकेश ने 49 रन का योगदान किया। गंगा की ओर से कप्तान मनीष को एक विकेट मिला। जवाबी पारी खेलते हुए गंगा की पूरी टीम 11.3 ओवर में मात्र 76 रन पर सिमट गई। चंदन सिन्हा ने 4, मनीष सिंह ने 3 और प्लेयर ऑफ द मैच एएसआरपी मुकेश ने दो विकेट लिए। दिन के दूसरे मुकाबले में खरकई ने मयूराक्षी को 69 रन से रौंद डाला। पहले खेलते हुए खरकई ने 16 ओवर में 3 विकेट पर 162 रन का स्कोर खड़ा किया। सुशील सिंह मंटू ने 39, अशोक गोप ने 32 और बिपिन पांडे ने 16 गेंद पर ताबड़तोड़ नाबाद 37 रन बनाए। मयूराक्षी की ओर से विक्की पासवान ने दो विकेट लिए। 163 रन के विजयी लक्ष्य का पीछा करते हुए मयूराक्षी की टीम 15.5 ओवर में मात्र 94 रन पर सिमट गई। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज मधुमिता कुमारी, टाटा स्टील के संजय मोहन श्रीवास्तव, अपूर्व,अमृतांशु और राकेश पांडेय के साथ द रांची प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय मिश्रा, उपाध्यक्ष पिन्टू दूबे, सचिव जावेद अख्तर, संयुक्त सचिव अभिषेक सिन्हा, कोषाध्यक्ष सुशील सिंह मंटू, कार्यकारिणी से किसलय सानू, राकेश कुमार, परवेज कुरैशी, संजय रंजन, धर्मेन्द्र गिरी, राज वर्मा, सुनील गुप्ता ने किया।

### जयवर्धने को बॉर्डर-गावस्कर सीरीज शानदार होने की उम्मीद

**नई दिल्ली।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक आकर्षक टेस्ट श्रृंखला की उम्मीद कर रहे हैं और उन्होंने भविष्यवाणी की है कि बैगी ग्रीन्स बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का हक ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में ला सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया और भारत वर्तमान में आईसीसी मेन्स टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं। इसके अलावा, दो प्रतिद्वंद्वी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग में भी शीर्ष पर हैं और फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए तैयार हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम 2004 के बाद से भारतीय सरजमीं पर जीत हासिल नहीं कर पाई है, लेकिन जयवर्धने उम्मीद कर रहे हैं कि पैट कमिंस की टीम इस बार हर हाल में आगे बढ़ सकती है।

डेविस कप | ऑस्ट्रिया की उम्मीदों पर फिरा पानी

# क्रोएशिया चौथी बार फाइनल में पहुंचा

### कॉरिच ने 1.45 घंटे में डोमिनिक थीम को 7-6 (3) 6-2 से हराया

### नीदरलैंड ने स्लोवाकिया को 4-0 से हराया

**एजेंसी। रिजेका/क्रोएशिया**

बोर्ना कॉरिच ने 2023 के क्वालीफायर के अंतिम दिन वापसी कर ऑस्ट्रिया की उम्मीदों को तोड़कर क्रोएशिया को चौथी बार डेविस कप फाइनल में पहुंचाया। कॉरिच ने एक घंटे और 45 मिनट में डोमिनिक थीम को 7-6 (3) 6-2 से हरा दिया।

इससे पहले ऑस्ट्रिया की युगल जोड़ी ने क्रोएशिया के निकोला मेक्टिक और इवान डोडिग को एक घंटे और 50 मिनट में 6-3, 7-6 (11) से हराया था। अन्य क्वालिफायर में, कोरिया गणराज्य ने पहली बार 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बेल्जियम पर 3-2 की शानदार जीत दर्ज की, जबकि फिनलैंड ने अर्जेंटीना पर 3-1 की जीत के साथ फाइनल ग्रुप चरण में अपना पहला स्थान पक्का किया। नीदरलैंड ने स्लोवाकिया को 4-0 से हराया और चिली और चेक गणराज्य के लिए क्रमशः कजाकिस्तान और पुर्तगाल पर 3-1 से जीत दर्ज की।




इस सप्ताहांत के क्वालिफायर से आगे बढ़ने में छह विजयी टीमें ग्रेट ब्रिटेन, सर्बिया, स्विटजरलैंड, स्वीडन, यूएसए और फ्रांस हैं। क्वालिफायर में 12 विजेता देश 2022 के चैंपियन कनाडा, 2022 के उपविजेता ऑस्ट्रेलिया और वाइल्ड कार्ड इटली और स्पेन के साथ 2023 के फाइनल में शामिल हुए। ग्रुप स्टेज 12 सितंबर से 17 सितंबर तक चार स्थानों पर खेला जाएगा, जिसमें आठ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीमें 21 नवंबर से 26 नवंबर तक मलागा, स्पेन में फाइनल 8 में पहुंचेंगी।

